www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

1 वर्ष सफलता भरा

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 13 दिसंबर 2024 | 28 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 357, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# अनंत ज्ञान की प्रथम वर्षगांठ पर 347 यूनिट रक्तदान

## नगरोटा सेवियर का एमडी व डायरेक्टर ने किया सम्मान



रक्तदान की जरूरतों को पूरा करने के लिए बने नगरोटा सेवियर क्लब के वरुण को सम्मानित करते एमडी डॉ. दिलीप धाकड़ और डायरेक्टर हिमांशु व्यास। शिविर में नगरोटा सेवियर के सदस्यों ने भी रक्तदान किया।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

'**अनंत** ज्ञान' दैनिक समाचार पत्र एवं अनंत ज्ञान टीवी की प्रथम वर्षगांठ पर प्रदेशभर में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों का उद्देश्य रक्त की कमी को पूरा करना और रक्तदान के प्रति जागरुकता फैलाना रहा। नगरोटा बगवां स्थित प्रेस परिसर में भी रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का उद्घाटन एसडीएम मनीष शर्मा ने किया।

नगरोटा बगवां में कुल 36 यूनिट रक्तदान हुआ। शिविर में पपरोला के राजकुमार ने 100वीं बार रक्तदान किया। वहीं, हमीरपुर जिले में लगे शिविर में सर्वाधिक 57 यूनिट रक्तदान हुआ। दूसरे नंबर पर बिलासपुर जिले में 53 यूनिट रक्तदान हुआ। जोगिंद्रनगर में 50 यूनिट, मंडी में 20, जबकि सोलन में 30, कुल्लू में 42 और ऊना में 34 यूनिट रक्तदान हुआ।

## पपरोला के राजकुमार ने किया 100वीं बार रक्तदान



'**अनंत** ज्ञान' दैनिक समाचार पत्र एवं अनंत ज्ञान टीवी की प्रथम वर्षगांठ पर नगरोटा बगवां स्थित प्रेस परिसर में लगे रक्तदान शिविर में पपरोला के रक्तदानी राजकुमार ने 100वीं बार रक्तदान किया। इस मौके पर उन्होंने अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में बताया कि वह अनंत ज्ञान के लगाए शिविर में रक्तदान कर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उनकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं था। उन्हें हर्ष इसलिए भी ज्यादा था कि उन्होंने लोगों की जान बचाने के लिए जो बीड़ा उठाया है उस मुहिम के तहत आज रक्तदान कर उन्होंने सेंचुरी लगाई है।



## पारदर्शिता और निर्भीकता से पत्रकारिता के मूल्यों का निर्वहन कर रहा अनंत ज्ञान : बाली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

'**अनंत** ज्ञान' दैनिक समाचार पत्र एवं अनंत ज्ञान टीवी की प्रथम वर्षगांठ पर प्रेस परिसर में आयोजित शिविर के समापन पर प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष, कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने शिरकत की। उन्होंने अनंत ज्ञान को पहली वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र नगरोटा बगवां में अनंत ज्ञान द्वारा प्रेस स्थापित करना मेरे लिए गर्व की बात है, क्योंकि इस प्रेस के लगने से इलाके के कई लोगों को रोजगार के साधन मुहैया हुए हैं। प्रेस लाइन में जो लोग पहले रोजगार पाने के लिए हिमाचल से बाहर जाते थे, अब उन्हें घर बैठे ही रोजगार मिल रहा है। अनंत ज्ञान पारदर्शिता और निर्भीकता से पत्रकारिता के मूल्यों का निर्वहन करते हुए स्टीक और तथ्यपरक खबरें जनमानस तक पहुंचा रहा है, जिसके लिए उन्होंने अनंत ज्ञान के प्रबंधन और समस्त टीम की हौसलाअफजाई की।



दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र का अवलोकन करते आरएस बाली।

## बिलासपुर में सुशील पुंडीर ने 156वीं बार रक्तदान कर कमाया पुण्य

**शुभम राही, बिलासपुर**

**बिलासपुर** शहर के रौड़ा सेक्टर के रहने वाले शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक सुशील पुंडीर ने वीरवार को 156वीं बार रक्तदान किया। 'अनंत ज्ञान' दैनिक समाचार पत्र की पहली वर्षगांठ पर उन्होंने बिलासपुर के सरकारी कॉलेज में रक्तदान किया।



उन्होंने अनंत ज्ञान टीम को बधाई भी दी। सुशील पुंडीर ने बताया कि उन्होंने पहली बार 18 वर्ष की आयु में बिलासपुर राजकीय कॉलेज में पढ़ते हुए 1978 में सड़क हादसे में घायल युवक की जान बचाने के लिए रक्तदान किया था। कॉलेज में एनसीसी व एनएसएस ज्वॉइन किया था। प्रो. केएस धीर व प्रो. कुठियाला ने रक्तदान के लिए उन्हें प्रेरित किया था। तब से अब तक वह 156वीं बार रक्तदान कर चुके हैं। पुंडीर ने कहा कि अपने स्वार्थ के लिए लोग जाति व धर्म के नाम पर खून बहाते हैं। ऐसे काम कभी नजीर नहीं बन पाते हैं। आपने रक्तदान करके किसी का जीवन बचाया होगा, तो यह निश्चित तौर पर समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण साबित होगा। युवाओं से कहना चाहूंगा कि वे नशे के मकड़जाल से बाहर निकलें और देश व समाज की तरक्की के लिए बेहतर योगदान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह गौरव की बात है कि एक ही दिन एक समय पर पूरे प्रदेशभर में अनंत ज्ञान टीम की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया और उन्हें भी इस शिविर में रक्तदान करने का अवसर प्रदान हुआ। (अनंत ज्ञान)



नगरोटा बगवां में लगे रक्तदान शिविर में एसडीएम मनीष शर्मा को सम्मानित करते डायरेक्टर हिमांशु व्यास, साथ हैं सीईओ विशाल धीमान, समाजसेविका निवेदिता परमार और आयोजन के स्पांसर रॉयल शू कंपनी के एमडी विजय बोकोलिया व अशोक ठाकुर।



एक कदम स्वच्छता की ओर

अनंत ज्ञान

दैनिक समाचार पत्र

का उपलब्धियों भरा

प्रथम वर्ष

पूर्ण होने पर

स्वच्छता अभियान

कार्यक्रम में आपका हार्दिक स्वागत है।

1 वर्ष सफलता भरा

कार्यक्रम

दिनांकः- 13 दिसंबर 2024, शुक्रवार

समयः- प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक

स्थानः- गांधी ग्राउंड, नगरोटा बगवां

जिला कांगड़ा, फोन : 88945-21702



BEST CABS BEST RECOGNITION PVT LTD | लूण Lunn | DHAKER FOUNDATION | WEMBLEY Wembley Paints & Chemicals Mob. 9805002437 | Royal Shoes Co. Mob. 9816135899, 01893-245702 | ARNI UNIVERSITY Mob. 7876848080,7876859292

Website: www.anantgyaan.in

follow us on

अनंत ज्ञान आपका अखबार... आपके लिए

# अनंत ज्ञान की पहली वर्षगांठ पर डीसी व एसपी सहित 53 लोगों ने किया रक्तदान

## राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय बिलासपुर के सभागार में आयोजित किया गया रक्तदान शिविर, उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने किया शुभारंभ


उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक का स्वागत करते अनंत ज्ञान के जिला प्रभारी शुभम राही।


रक्तदान शिविर से पहले उपायुक्त दीप प्रज्वलित करते हुए।


उपायुक्त रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते हुए।


उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक को सम्मानित करते हुए।


जिला खेल अधिकारी रवि शंकर रक्तदान करते हुए।


व्यापार मंडल बिलासपुर के वरिष्ठ सदस्य विकास टेसू रक्तदान करते हुए।

**शुभम राही, बिलासपुर**

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र व टीवी चैनल के एक साल पूरे होने राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय बिलासपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने बतौर मुख्यातिथि व एसपी संदीप धवल विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यातिथि द्वारा द्वीप प्रज्वलित किया गया और अनंत ज्ञान बिलासपुर टीम द्वारा मुख्यातिथि को शॉल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया।

रक्तदान शिविर में सर्वप्रथम उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक द्वारा रक्तदान दिया गया। जिसके बाद इस शिविर को विधिवत रूप से शुरू किया गया। उसके बाद एसपी संदीप धवल द्वारा भी रक्तदान किया गया। अपने संबोधन में उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र व टीवी चैनल को एक साल की सफलता वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को हमेशा अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र की टीम को हमेशा पॉजिटिव साथ रहा है। उन्होंने कहा कि पहली वर्षगांठ पर पूरे प्रदेशभर में रक्तदान शिविर आयोजित करवाना एक बेहतरीन पहल है। ऐसा बहुत कम होता है कि एक ही संस्थान द्वारा एक ही समय पर पूरे प्रदेशभर में एक तरह के आयोजन करना, यह अनंत ज्ञान टीम की पॉजिटिव एनर्जी का ही परिणाम हैं।

**समापन पर एसपी संदीप धवल ने रक्तदातओं को किया सम्मानित**

वहीं, रक्तदान शिविर के समापन समारोह पर एसपी बिलासपुर संदीप धवल द्वारा रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया गया। जिसमें बिलासपुर जिला के विभिन्न क्षेत्रों से आए रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र और पानी की बोतल सहित रिफरेशमेंट एसपी द्वारा की गई। वहीं, इस अवसर पर एसपी बिलासपुर को अनंत ज्ञान बिलासपुर टीम द्वारा शॉल और टोपी पहनाकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर एसपी संदीप धवल ने कहा कि अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर उन्हें भी रक्तदान करने का अवसर प्रदान हुआ है। उन्होंने यहां पर आए सभी रक्तदाताओं का मनोबल भी बढ़ाया साथ ही उन्होंने सभी को बधाई भी दी हैं।

वहीं, इस अवसर पर बिलासपुर कॉलेज प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल को भी शॉल और टोपी देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने कहा कि बिलासपुर कॉलेज में आयोजित अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र द्वारा रक्तदान शिविर एक बेहतरीन कार्य है। कॉलेज प्रशासन हमेशा इस तरह के कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाता है और उन्होंने अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र की पहली वर्षगांठ की समस्त टीम को बधाई दी हैं। (अनंत ज्ञान)

### रक्तदाताओं को सम्मानित करते एसपी धवल









बिलासपुर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल को सम्मानित करते हुए उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक।


एसपी बिलासपुर संदीप धवल जिला खेल अधिकारी रवि शंकर को सम्मानित करते हुए।


बिलासपुर के एसपी संदीप धवन और कॉलेज प्राचार्य एवं अन्य सामूहिक चित्र में।


बिलासपुर के एसपी संदीप धवल रक्तदाताओं के साथ सामूहिक चित्र में।

## न्यूज ब्रीफ

### व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम, बिलासपुर ने अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के युवक-युवतियों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह प्रशिक्षण दलित वर्ग व्यवसायिक प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत कंप्यूटर, टेलरिंग और ब्यूटीशियन जैसे कोर्सों में प्रदान किया जाएगा। जिला प्रबंधक, विपन कुमार ने बताया कि यह योजना स्वावलंबन की दिशा में एक कदम है, जिसका उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है। आवेदन करने के लिए आवेदक बिलासपुर जिले का स्थायी निवासी होना चाहिए और अनुसूचित जाति या जनजाति वर्ग से संबंधित होना चाहिए। इसके साथ ही, आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 35 हजार रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। आईआरडीपी और बीपीएल परिवारों से संबंधित युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होने बताया कि आवेदन करने वाले युवाओं की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसने पहले बेरोजगार भत्ता या कौशल विकास भत्ता प्राप्त नहीं किया है। इसके लिए शपथ पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। उन्होनें बताया कि इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन सादे कागज पर लिखकर संबंधित दस्तावेजों के साथ किसी भी कार्य दिवस पर निगम कार्यालय बिलासपुर में 25 दिसंबर, 2024 तक जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला प्रबंधक, अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम, बिलासपुर से कार्यालय दूरभाष नंबर 01978-222225 और 96256-87881 पर संपर्क किया जा सकता है।

### अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया 17 से 24 जनवरी तक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारतीय थल सेना की अग्निवीर भर्ती की संयुक्त प्रवेश परीक्षा पास करने वाले जिला हमीरपुर, ऊना और बिलासपुर के युवाओं का फिजिकल टेस्ट एवं मेडिकल परीक्षण 17 जनवरी से 24 जनवरी तक अणु के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड एवं डिग्री कालेज के परिसर में किया जाएगा। थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल बीएस भंडारी ने बताया कि फिजिकल टेस्ट एवं मेडिकल परीक्षण के लिए पात्र उम्मीदवारों को शीघ्र ही कॉल लैटर जारी कर दिए जाएंगे। ये कॉल लैटर ज्वाइन इंडियन आर्मी वेबपोर्टल के माध्यम से जारी किए जाएंगे।

### मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना पर खर्च होंगे 53 करोड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विधायक संजय रतन ने कहा कि सरकार ने विधवा, निराश्रित, परित्यक्त और विकलांग महिलाओं के बच्चों की शिक्षा और कल्याण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना' भी शुरू की है। इस योजना के लिए 53.21 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। 15,181 स्कूलों में 'बाल पौष्टिक आहार योजना' शुरू की गई है जिससे 5.34 लाख बच्चों को अंडे, फल जैसे अतिरिक्त पोषण का लाभ मिला वीरवार को ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के में लुथान में परिसर में निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के उपरांत विधायक संजय रतन ने कहा की हिमाचल प्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य है जिसमें निराश्रित बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ स्टेट का दर्जा दिया गया है निराश्रित बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ उनको करियर को बेहतर बनाने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ईमानदारी के साथ आम जनमानस के उत्थान के लिए चुनावी वायदों को चरणबद्ध तरीके से पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीएम ने अपनी सक्षम कार्यशैली और कड़े निर्णयों से मात्र दो वर्षों में मुख्यमंत्री ने सात गारंटियों को पूरा कर अपने विश्वसनीय नेतृत्व का परिचय पूरे प्रदेश की जनता को दिया है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के साथ साथ युवाओं के लिए स्वरोजगार के साधन उपलब्ध करवाने के लिए भी सुख की सरकार ने अहम योजनाएं एवं नीतियों का निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान भी मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खु ने राज्य के अपने संसाधनों के बलबूते प्रभावित परिवारों की मदद की तथा आपदा राहत मेन्युल में बदलाव करके आपदा प्रभावितों को हरसंभव मदद मुहैया करवाई है।

अनंत ज्ञान में छपी खबर का एक दिन में दिखा असर

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झंडूता में एक्स-रे सुविधा हुई बहाल

**गोपाल कपिल, झंडूता**

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झंडूता में कुछ समय से एक्स-रे मशीन खराब हो गई थी। जिसके चलते यहां के स्थानीय मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र द्वारा इस मामले को प्रमुखता से उठाया गया और विभाग हरकत में आया। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने तुरंत प्रभाव से इस मशीन को 24 घंटे के भीतर सही करवाया और लोगों को अब इसकी सुविधा मिलना भी शुरू हो गई हैं। आपको बता दें कि मशीन खराब होने से एक्स-रे करवाने के लिए लोगों को बाहर दोगुनी कीमत भी चुकानी पड़ रही थी। इससे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब मशीन ठीक होने से लोगों को राहत मिली है। लोगों को एक्स रे करवाने के लिए दूसरे विधानसभा घुमारवीं या बिलासपुर का रुख नहीं करना पड़ेगा जिससे लोगों का समय और पैसे दोनों बचेंगे। यह अस्पताल 30 पंचायतों को कवर करता है। ऐसे में अब यहां पर मरीजों को इसकी सुविधा मिलना शुरू हो गई है और स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए विभाग दिन रात कार्यरत हैं। (अनंत ज्ञान)


झंडूता अस्पताल में एक्स-रे नहीं होने से लोग परेशान

अनंत ज्ञान, झंडूता। झंडूता उपमंडल के सामुदायिक अस्पताल में एक्स-रे की सुविधा होने के बाद भी लोगों को पैसे खर्च करके बाहर से एक्स-रे कराने पड़ रहे हैं। इसके लिए उन्हें दोगुनी कीमत भी चुकानी पड़ रही है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में आने वाले लोगों का कहना है कि लगभग एक सप्ताह से इस मशीन का यही हाल है यह काम नहीं कर रही है। इस अस्पताल में एक्स-रे करवाने आने वाले लोगों का कहना है कि एक्स-रे करवाने के लिए जब वह अस्पताल जाते हैं तो वहां पर एक्स-रे करने वाले कहते हैं कि

अनंत ज्ञान में छपी खबर की कटिंग

## एडीसी ने देवली वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को दी जा रही सुविधाओं का लिया जायजा

### वृद्धाश्रम प्रबंधन को बुजुर्गों को प्रतिदिन प्रोटीन से भरपूर भोजन देने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर बिलासपुरडॉ. निधि पटेल ने देवली वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया, ताकि वहां रह रहे बुजुर्गों की जीवन स्थितियों और सुविधाओं का मूल्यांकन किया जा सके। इस दौरान उनके साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) हरिश मिश्रा और जिला कल्याण अधिकारी भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान, डॉ. पटेल ने बुजुर्गों से सीधा संवाद किया।

अधिकारियों ने वृद्धाश्रम प्रबंधन को यह निर्देश दिए कि बुजुर्गों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाए और प्रत्येक बुजुर्ग को प्रतिदिन 50 ग्राम प्रोटीन से भरपूर भोजन प्रदान किया जाए। इसके अलावा, सभी बुजुर्गों के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार व्यक्तिगत स्थान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि कुछ कमरों में खराब वेंटिलेशन और अन्य संरचनात्मक समस्याएं थीं। डॉ. पटेल ने त्वरित सुधार के निर्देश दिए, साथ ही अग्नि सुरक्षा उपायों की तत्काल व्यवस्था करने का आदेश दिया। डॉ. पटेल ने यह स्पष्ट किया कि प्रबंधन को बुजुर्गों के लिए सुरक्षित, आरामदायक और गरिमापूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने के लिए शीघ्र और उचित कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

## सरकार का जश्न समारोह फ्लॉप : राजेंद्र गर्ग

### वादों को पूरा करने में विफल रहने के बावजूद जश्न मनाना प्रदेश की जनता के साथ छल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार के दो साल पूरे होने के अवसर पर बिलासपुर में आयोजित जश्न समारोह को नाकामियों का जश्न करार देते हुए इसे फ्लॉप बताया। गर्ग ने आरोप लगाया कि सरकार ने जनता की उम्मीदों और वादों को पूरा करने में विफल रहने के बावजूद जश्न मनाकर प्रदेश की जनता के साथ छल किया है। उन्होंने कहा कि समारोह में भीड़ जुटाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों पर दबाव डाला गया, और उन्हें जबरन ड्यूटी पर तैनात किया गया। मुख्यमंत्री और सरकार ने इस अवसर पर न तो कोई नई घोषणा की और न ही जनता की कोई मांग पूरी की, जिससे लोग निराश होकर लौटे। राजेंद्र गर्ग ने कांग्रेस सरकार को दिशाहीन, असंवेदनशील और निकम्मी करार देते हुए कहा कि कांग्रेस ने 10 गारंटियों का वादा किया था, लेकिन दो साल बीतने के बावजूद एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई।

### सरकार ने अपनी उपलब्धियों का नहीं नाकामियों का मनाया जश्न : महेंद्र



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने बुधवार को बिलासपुर में कांग्रेस सरकार द्वारा 2 वर्ष के कार्यकाल पूरा होने पर आयोजित की गई रैली को फ्लॉप करार देते हुए इसे उपलब्धियां का नहीं, बल्कि नाकामियों का जश्न बताया है। प्रेस को दिए अपने बयान में धर्माणी ने कहा यह रैली सरकार की उपलब्धियां के लिए नहीं, बल्कि सरकार की अंतर्कलह के लिए जरूर याद की जाएगी। क्योंकि जिस तरह से मंच पर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह को भाषण पूरा करने से रोका गया उससे साफ जाहिर हो गया कि सरकार में अभी भी गुटबाजी चरम पर है तथा सरकार के अंदर कुछ भी सही नहीं चल रहा है। सरकार और वीरभद्र गुट में अभी भी 36 का आंकड़ा है तथा दोनों गुटों में अंदरुनी तकरार आज भी बरकरार है। यह बात जग जाहिर हो गई की आज भी यह सरकार वेंटिलेटर पर है और जल्द ही अपने ही बोझ से गिर जाएगी।

## एड्स होने के मुख्य कारण बताए

### स्वास्थ्य विभाग ने नर्सिंग स्कूल में करवाया जागरूकता कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सौजन्य से डॉक्टर प्रवीण चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर के दिशा-निर्देश में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में नर्सिंग स्कूल में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर परमिंदर सिंह ने की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के प्रोग्राम ऑफिसर डॉक्टर तहसीन, डीटीओ डॉक्टर अनंत राम तथा डॉ गुरुंग भी उपस्थित रहे। डॉ. तहसीन ने एचआईवी और एड्स पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जागरूकता अभियान 27 नवंबर से 31 दिसंबर तक चलाया जा रहा है। उन्होंने एचआईवी संक्रमण के बारे में बताते हुए कहा कि यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर हमला करता है, जिससे शरीर सामान्य बीमारियों से लड़ने में असमर्थ हो जाता है। इस वर्ष की थीम है, 'सही रास्ता अपनाएं मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार।' कार्यक्रम में एड्स के प्रसार के चार मुख्य कारण बताए गए-असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई और नीडल्स का उपयोग, संक्रमित रक्त चढ़ाना, और संक्रमित मां से बच्चे में संक्रमण। एचआईवी एड्स से बचाव के उपायों के रूप में जानकारी, वफादारी, रक्त परीक्षण, डिस्पोजेबल सिरिंज का उपयोग और गर्भवती महिलाओं का परीक्षण शामिल हैं। इस अवसर पर, जिले में एचआईवी/एड्स प्रीवेंशन एंड कंट्रोल एक्ट 2017 के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही, बच्चों को 18 वर्ष तक सहायता राशि प्रदान की जाती है और भारत सरकार 2030 तक एड्स के खात्मे के लिए निरंतर प्रयासरत है।

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

1 वर्ष सफलता भरा

कांगड़ा | शुक्रवार, 13 दिसंबर 2024

follow us on:



अनंत ज्ञान के एमडी डॉ. दिलीप धाकड़ का जन्मदिन नगरोटा बगवां स्थित प्रेस परिसर में मनाया गया। इस मौके पर डायरेक्टर हिमांशु व्यास, सीईओ विशाल धीमान, एडमिनिस्ट्रेशन हेड प्रतिभा धीमान, संपादक समरजीत, प्रोडेक्शन हेड पुरुषोत्तम चंद भी मौजूद रहे। साथ हैं अनंत ज्ञान टीम के अन्य सदस्य।

# एक देश–एक चुनाव लागू करने के विधेयक को मंजूरी

## केंद्रीय कैबिनेट ने लगाई मुहर, अगले हफ्ते संसद में लाया जाएगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय कैबिनेट ने एक देश–एक चुनाव लागू करने के विधेयक को मंजूरी दे दी। अगले हफ्ते बिल को संसद में पेश किया जा सकता है। सरकार इस बिल पर आम सहमति बनाना चाहती है, लिहाजा संसद से बिल को चर्चा के लिए ज्वॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) के पास भेजा जाएगा।



जेपीसी इस बिल पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेगी। सितंबर में सरकार ने इसके लिए बनाई गई हाईलेवल कमेटी की सिफारिशों को मंजूरी दी थी, जिसमें लोकसभा, राज्य विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनावों को चरणबद्ध तरीके से एक साथ कराने का प्रस्ताव था। सिफारिशों के अनुसार पहला बिल संविधान के अनुच्छेद 82ए में संशोधन करेगा, जिससे लोकसभा और विधानसभाओं के कार्यकाल की समाप्ति एक साथ हो सके। इस बिल को लागू करने के लिए राज्यों से सहमति की जरूरत नहीं होगी, लेकिन अगर स्थानीय निकाय चुनावों को लोकसभा और विधानसभा चुनावों के साथ करने का प्रस्ताव आता है, तो उसे कम से कम 50 प्रतिशत राज्यों की विधानसभाओं से मंजूरी की आवश्यकता होगी।

**50 प्रतिशत राज्यों की विधानसभाओं से मंजूरी जरूरी**

### पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने सौंपी थी रिपोर्ट

**वन** नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर 2023 को एक पैनल बनाया गया था। इस पैनल ने स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च के बाद 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी।

### बिल पास हुआ तो 2029 तक वन नेशन–वन इलेक्शन

- कमेटी की रिपोर्ट के मुताबिक, एक देश-एक चुनाव लागू करने के लिए कई राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल घटेगा।
- जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव 2023 के आखिर में हुए हैं, उनका कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है।
- विधि आयोग के प्रस्ताव पर सभी दल सहमत हुए तो यह 2029 से ही लागू होगा। इसके लिए दिसंबर 2026 तक 25 राज्यों में विधानसभा चुनाव कराने होंगे।

| | | |
|---|---|---|
| सूर्योदय 7:05 | सूर्यास्त 5:25 | |
| **आज का तापमान** | | |
| शिमला | 5.0 न्यू | 14.4 अधि |
| धर्मशाला | 3.4 न्यू | 17.0 अधि |
| **बाजार** | | |
| सेंसेक्स | 81289.96 | |
| निफ्टी | 24548.70 | |
| सोना 79,470 | चांदी 98,283 | |

# आपदा प्रभावितों को मिलेगा सात लाख मुआवजा, अतिथि शिक्षक होंगे नियुक्त

## मंत्रिमंडल के फैसले: पंजाबी के 17 और उर्दू अध्यापकों के भरे जाएंगे 14 पद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में कई फैसले लिए गए। शिमला जिले के समेज व रामपुर, कुल्लू जिले के जाओं–बागीपुल, निरमंड और मंडी जिले के टिक्कम थालू–कोट सहित आपदा प्रभावित क्षेत्रों को विशेष राहत पैकेज देने का निर्णय लिया। पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए घरों के लिए मुआवजा राशि को 1.5 लाख रुपए बढ़ाकर सात लाख किए किया जाएगा।

उद्योग विभाग में 80 खनन रक्षकों की नियुक्ति के लिए 20 से 30 वर्ष की आयु सीमा तय करने के मापदंड को मंजूरी दी गई। वहीं, सैनिक कल्याण विभाग में विभिन्न श्रेणियों के 26 पद भरने, शिक्षा विभाग में पंजाबी भाषा के 17 अध्यापकों व उर्दू भाषा के 14 अध्यापकों के रिक्त पद भरे जाएंगे। शिक्षा विभाग में किसी भी संस्थान में अल्पकालिक रिक्तियों के कारण उत्पन्न होने वाले अंतराल को भरने के लिए प्रति घंटा आधार पर अतिथि अध्यापकों की नियुक्ति को मंजूरी प्रदान की। सीधी भर्ती में एसएमसी टीचर (पीजीटी/डीपीई) के लिए पांच प्रतिशत एलडीआर कोटा शामिल करने को मंजूरी दी। शिक्षा विभाग में 11 वर्ष की दैनिक एवं अंशकालिक सेवा पूरी कर चुके लगभग 928 अंशकालिक जलवाहकों की सेवाओं को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद पर नियमित करने का निर्णय लिया गया है। नर्सरी कक्षा एवं कक्षा–1 में दाखिले के लिए आयु सीमा को राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली–2020 के तहत लागू करने का निर्णय लिया गया है। वहीं, हिमाचल प्रदेश होम स्टे नियम–2024 को अधिसूचित करने का निर्णय लिया। हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, स्थानीय निकायों या किसी अन्य विभाग से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी। हालांकि, उचित मल निकासी और कचरा निपटान तंत्र अनिवार्य होंगे। जल विद्युत क्षेत्र पर उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की गई। सरकार 25 मेगावॉट तक की उन परियोजनाओं को पुनर्जीवित करने के लिए एक नीति का आकलन और निर्माण करेगी।



मंत्रिमंडल बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### महर्षि वाल्मीकि कामगार आवास योजना को मंजूरी

**मंत्रिमंडल** ने महर्षि वाल्मीकि कामगार आवास योजना-2024 को मंजूरी प्रदान की। इसके तहत 2.5 लाख से कम वार्षिक आय वाले वाल्मीकि समुदाय के सफाई कर्मचारियों को घर बनाने के लिए तीन लाख रुपए वित्तीय सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना-2023 के तहत गृह निर्माण के लिए वित्तीय सहायता राशि 1.5 लाख रुपये से बढ़ाकर तीन लाख रुपए किया। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और चिकित्सा शिक्षा निदेशालय के मध्य नर्सिंग, पैरामेडिकल, मिनिस्ट्रियल और गैर-मिनिस्ट्रियल कर्मचारियों के सामान्य काडर के विभाजन को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की। हिमाचल प्रदेश जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) ट्रस्ट नियम-2016 में संशोधन करने का निर्णय लिया।

## न्यूज शॉर्ट्स

### सी-20 क्रायोजेनिक इंजन का किया सफल परीक्षण



**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की। इसरो के सी-20 क्रायोजेनिक इंजन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। परीक्षण में इंजन ने सामान्य वातावरण की परिस्थितियों में अपनी कार्यक्षमता को साबित किया है। इसमें एक खास तकनीक को शामिल किया गया, जिसे 'रिस्टार्ट एनबलिंग सिस्टम' कहा जाता है। यह तकनीक भविष्य के मिशनों को सफल बनाने में मदद करेगी। अंतरिक्ष एजेंसी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

### खुदरा महंगाई दर छह फीसदी से नीचे 5.48 पर

**नई दिल्ली।** महंगाई के मोर्चे पर नवंबर माह में लोगों को मामूली राहत मिली है। सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति दर बीते महीने 5.48 रही। इससे पहले अक्तूबर में खुदरा महंगाई दर 6.21 थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने खुदरा मुद्रास्फीति को 4 पर रखने का लक्ष्य रखा है, जिसमें दोनों ओर दो प्रतिशत अंकों की सहनशीलता सीमा तय की गई है।

### छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने मार गिराए 7 नक्सली



**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के दक्षिण अबूझमाड़ में वीरवार सुबह नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ में सात नक्सली ढेर कर दिए। पुलिस को सात नक्सलियों के शव मिल चुके हैं। दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने बताया कि मुठभेड़ में सात नक्सलियों के मारे जाने गिराए हैं। सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि दंतेवाड़ा–बस्तर में नक्सल विरोधी अभियान चल रहा था, जिसमें सुरक्षाबलों ने सात नक्सलियों को मार गिराने में सफलता प्राप्त की। मैं उनके साहस को सलाम करता हूं।

# बीबीएन में सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत, 1 पीजीआई रेफर

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

**औद्योगिक** क्षेत्र बीबीएन में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। नालागढ़, मानपुरा व बद्दी में वीरवार को हुए तीन सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हुआ है, जिसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है।

पुलिस थाना नालागढ़ के तहत डाडी कनिया स्थित एक तेज रफ्तार टैंकर ने सड़क किनारे पैदल चल रहे राहगीर को टक्कर मार दी, जिसे नालागढ़ अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, मानपुरा थाने के तहत बागवानियां के समीप एक टैंकर ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो लोग घायल हो गए। लोगों ने घायलों को नालागढ़ अस्पताल पहुंचा, लेकिन धर्मपाल पुत्र श्याम लाल निवासी जिला संभल उत्तर प्रदेश की मौत हो गई। एक व्यक्ति की गंभीर हालत के चलते पीजीआई रेफर किया गया।




तीसरा मामला साई रोड पर कडुआणा के पास पेश आया। यहां अज्ञात बोलेरो गाड़ी ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी और गाड़ी मौके से फरार हो गया।

इस हादसे में स्कूटी चालक सैवल सूद पुत्र राजेश सूद निवासी हलुण तहसील धीरा तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा घायल हो गया। घायल को बद्दी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने पुष्टि की है।

# मंदिर–मस्जिद विवादों पर आदेश न सुनाएं अदालतें: सुप्रीम कोर्ट

## कहा- मस्जिद-दरगाहों के सर्वे का आदेश भी न दें, केंद्र से 4 हफ्ते में जवाब तलब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**देश** में मंदिर–मस्जिद विवादों पर सुप्रीम कोर्ट में वीरवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि अदालतें ऐसे मामलों में कोई ऑर्डर न दें और न ही सर्वे के आदेश जारी करें।

सुप्रीम कोर्ट की 3 मेंबर वाली बेंच प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट (विशेष प्रावधानों) 1991 की कुछ धाराओं की वैधता पर दाखिल याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी। एक्ट के खिलाफ सीपीआई–एम, इंडियन मुस्लिम लीग, एनसीपी शरद पवार, राजद एमपी मनोज कुमार झा समेत 6 पार्टियों ने याचिका लगाई है। बेंच ने कहा कि हम इस कानून के दायरे, उसकी शक्तियों और ढांचे को जांच रहे हैं। ऐसे में यही उचित होगा कि बाकी सभी अदालतें अपने हाथ रोक लें। सुनवाई के दौरान सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि हमारे सामने 2 मामले हैं, मथुरा की शाही ईदगाह और वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद। तभी अदालत को बताया गया कि देश में ऐसे 18 से ज्यादा मामले लंबित हैं। इनमें से 10 मस्जिदों से जुड़े हैं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से याचिकाओं पर 4 हफ्ते में अपना पक्ष रखने को कहा। संजीव खन्ना ने कहा कि जब तक केंद्र जवाब नहीं दाखिल करता है। हम सुनवाई नहीं कर सकते। हमारे अगले आदेश तक ऐसा कोई नया केस दाखिल न किया जाए।



### द प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट–1991

- भारत में अलग-अलग धर्मों के पूजास्थलों की मौजूदा स्थिति को जस का तरस रखने के लिए 15 अगस्त 1991 को प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट लागू किया था।
- कानून में कहा गया था कि देश में आजादी के समय यानी 15 अगस्त 1947 को जो पूजास्थल जिस स्थिति में था, उसे वैसा ही रखा जाएगा।
- संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 के तहत धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार के तहत नागरिकों को अपना धर्म मानने और उसका पालन करने की आजादी है।

### क्यों बनाया गया था यह कानून?

1990 के दौर में राम मंदिर आंदोलन चरम पर था। राम मंदिर आंदोलन के बढ़ते प्रभाव के चलते अयोध्या के साथ ही कई और मंदिर-मस्जिद विवाद उठने लगे थे। इन विवादों पर विराम लगाने के लिए ही उस वक्त की नरसिम्हा राव सरकार यह कानून लेकर आई थी। इस कानून को चुनौती देने वाली कम से कम दो याचिकाएं कोर्ट में विचाराधीन हैं। इनमें से एक याचिका लखनऊ के विश्व भद्र पुजारी पुरोहित महासंघ और कुछ अन्य सनातन धर्म के लोगों की है। दूसरी याचिका भाजपा नेता और वकील अश्विनी उपाध्याय ने लगाई है। दोनों याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन हैं।

### पीवी नरसिम्हा राव सरकार लाई थी यह कानून

**1991** में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव सरकार ने पूजा स्थल कानून लेकर आई थी। इस कानून के मुताबिक 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। अगर कोई ऐसा करने की कोशिश करता है तो उसे एक से तीन साल तक की जेल और जुर्माना हो सकता है। अयोध्या का मामला उस वक्त कोर्ट में था इसलिए उसे इस कानून से अलग रखा गया था। इस कानून की धारा-दो कहती है कि अगर 15 अगस्त 1947 मौजूद किसी धार्मिक स्थल के चरित्र में बदलाव को लेकर कोई याचिका या अन्य कार्यवाही किसी अदालत, न्यायाधिकरण या अन्य प्राधिकरण में लंबित है, तो उसे बंद कर दिया जाएगा। वहीं, कानून की धारा-3 किसी पूजा स्थल को पूरी तरह या आंशिक रूप से किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में बदलने पर रोक लगाती है। यहां तक कि अधिनियम की धारा 3 किसी भी धार्मिक संप्रदाय के पूजा स्थल के पूर्ण या आंशिक रूप से धर्मांतरण को एक अलग धार्मिक संप्रदाय के पूजा स्थल या एक ही धार्मिक संप्रदाय के एक अलग खंड में बदलने पर रोक लगाती है।

**अनंत ज्ञान**

**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- जिला कार्यक्रम अधिकारी की संदिग्ध अवस्था में मौत -पेज 7
- बांग्लादेश में अत्याचार के विरोध में बढ़ा आक्रोश -पेज 9
- पंजावर-बाथड़ी सड़क पर आवाजाही एक माह के लिए बंद -पेज 10
- अंबुजा सीमेंट में कर्मचारियों ने प्रबंधन पर लगाए उत्पीड़न के आरोप -पेज 12
- द्रविड़ सर के मार्गदर्शन में खेलने को लेकर उत्साहित हूं: सूर्यवंशी -पेज 15

**शोध** लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में हुआ खुलासा, भारत में हर साल 15 लाख मौतें

# हवा में पीएम 2.5 की वृद्धि से मृत्यु दर में इजाफा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**हवा** में मौजूद महीन कण (पीएम 2.5) की मात्रा में वृद्धि मृत्यु दर में वृद्धि से मृत्यु दर में इजाफा हुआ है। हर 10 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर वायु में पीएम 2.5 की वृद्धि से मृत्यु दर में 8.6 प्रतिशत की वृद्धि होती है। लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में यह खुलासा हुआ है।

शोध में पाया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से अनुशंसित 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर वार्षिक औसत से अधिक पीएम 2.5 प्रदूषण सांद्रता के लंबे समय तक संपर्क में रहने से भारत में प्रति वर्ष लगभग 1.5 मिलियन (15 लाख) मौतें होती हैं। निष्कर्षों से पता चला है कि भारत में 1.4 बिलियन लोग ऐसे क्षेत्रों में रहते हैं, जहां पीएम 2.5 सांद्रता विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा–निर्देशों की अनुशंसित सांद्रता से अधिक है। अशोका यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर हेल्थ एनालिटिक्स रिसर्च एंड ट्रेंड्स (सीएचएआरटी) की डॉक्टरेट शोधकर्ता सुगंती जगनाथन ने बताया कि भारत में प्रतिवर्ष पीएम 2.5 के उच्च स्तर देखे जाते हैं, जिससे मृत्यु दर में भारी वृद्धि होती है, जो लक्षणात्मक दृष्टिकोण के बजाय व्यवस्थित दृष्टिकोण की आवश्यकता का संकेत देता है।



### वायु प्रदूषण के निम्न स्तर पर भी जोखिम अधिक

अध्ययन में पाया गया कि वायु प्रदूषण के निम्न स्तर पर भी जोखिम अधिक है। यह देश भर में वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने की आवश्यकता को इंगित करता है। अध्ययन में भारत के लिए निर्मित एक उत्कृष्ट स्थानिक-समय मॉडल से पीएम 2.5 एक्सपोजर और भारत के सभी जिलों में दर्ज वार्षिक मृत्यु दर का उपयोग किया गया। (2009 से 2019) के दौरान सभी मौतों में से 25 प्रतिशत (प्रति वर्ष लगभग 1.5 मिलियन मौतें) डब्ल्यूएचओ दिशा-निर्देश की तुलना में उच्च वार्षिक पीएम 2.5 जोखिम के कारण हुईं। लगभग 0.3 मिलियन वार्षिक मौतें भारतीय राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों (एनएएक्यूएस) से ऊपर पीएम 2.5 के वार्षिक एक्सपोजर के कारण भी होती हैं। एक्सपोजर प्रतिक्रिया कार्य से पता चला कि कम पीएम 2.5 सांद्रता पर मृत्यु दर का जोखिम अधिक होता है तथा उच्च पीएम 2.5 सांद्रता पर यह जोखिम स्थिर हो जाता है।

केजरीवाल ने की महिलाओं के लिए बड़ी घोषणा

# दिल्ली सरकार महिलाओं को हर माह देगी 1 हजार

**कहा- चुनाव के बाद खाते में हर महीने डाले जाएंगे 2,100 रुपए**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही आम आदमी पार्टी ने अपनी घोषणाओं का पिटारा खोल दिया है। दिल्ली सरकार महिलाओं को हर महीने 1000 रुपए देगी।



इसे महिला सम्मान योजना नाम दिया गया है। 18 साल की उम्र पूरी करने वाली हर महिला इस स्कीम के दायरे में आएगी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेशनल कन्वीनर अरविंद केजरीवाल ने वीरवार को इस स्कीम का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि योजना के लिए आज से ही रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएंगे। केजरीवाल ने कहा कि चुनाव बाद महिलाओं को हर महीने मिलने वाली रकम को बढ़ाकर 2100 रुपए कर दिया जाएगा।

केजरीवाल ने कहा कि आज मैं दिल्ली के लोगों के लिए दो बड़ी घोषणाएं करने आया हूं और ये दोनों घोषणाएं दिल्ली की महिलाओं के लिए हैं। मैंने वादा किया था कि महिलाओं के अकाउंट में 1 हजार रुपए डाले जाएंगे।

# इन्दौरा उत्सव 2024



**ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू**
माननीय मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश



**प्रो. चंद्र कुमार**
माननीय कृषि एवं पशुपालन मंत्री






**दिनांक 13 दिसम्बर 2024**

प्रातः 10.00 बजे

माननीय कृषि एवं पशुपालन मंत्री जी काठगढ़ मन्दिर में पूजा अर्चना के साथ इंदौरा उत्सव का शुभ आरंभ करेंगे।

प्रसिद्ध सूफी पंजाबी गायक



## डा. सतिन्दर सरताज

द्वारा गायन प्रस्तुति

**मलेन्द्र राजन**
विधायक विधानसभा क्षेत्र इन्दौरा

निःशुल्क मैडिकज कैम्प, विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी, रेडक्रास मेला, रक्त दान शिवर, नशे के विरूद्ध जागरूकता रैली, स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां

**दिनांक 14 दिसम्बर 2024**

## ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू



माननीय मुख्यमंत्री हि.प्र. सरकार

**का आगमन एवम स्वागत्**





पंजाबी गायक **कमलहीर**, पहाड़ी गायक **ईशांत भारद्वाज**, राईसिंग स्टार ऑफ इन्दौरा **दीशिता सिंह** व स्थानीय कलाकारों द्वारा गायक प्रस्तुति

नशा मुक्त इन्दौरा हेतु मैराथन, विभिन्न प्रतियोगिताओ के विजेताओं को पुरस्कार वितरण एवं मुख्यमंत्री जी द्वारा मेले का समापन

नोट :- कांगडी धाम का आयोजन 13-14 तारीख 12.00 बजे से 3.00 बजे तक

## आप उपरोक्त कार्यक्रमों में सादर आमंत्रित हैं।

स्वागतकर्ता :- इन्दौरा विधानसभा वैलफेयर एवं डवेलपमेंट सोसाईटी, हि.प्र.

## रक्तदान करने वाले रक्तदाता


संध्या


अतुल


तरुण चौधरी


वरजिंदर पॉल


शिव कपूर


राजेश गुप्ता


पुनीत शर्मा


प्रवीण कुमार


पवन डोगरा


संजय अग्निहोत्री


अजय कुमार


हरजीव

# नगरोटा बगवां में 36 ने किया रक्तदान


अनंत ज्ञान समाचार पत्र की पहली वर्षगांठ के अवसर पर रक्तदान शिविर से पहले हेड ऑफिस में पूजा-अर्चना करते हुए।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने 12 दिसंबर को अपनी पहली वर्षगांठ मनाई। इस दौरान समाचार पत्र के हेड ऑफिस नगरोटा बगवां में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ एसडीएम मनीष शर्मा ने किया। इसमें करीब 36 लोगों ने रक्तदान किया।


नगरोटा बगवां। इंदौरा स्थित मशहूर रॉयल शू कंपनी के एमडी विजय बोकोलिया को अनंत ज्ञान प्रबंधन ने अपनी पहली वर्षगांठ के मौके पर स्मृति चिन्ह और शॉल टोपी पहनकर सम्मानित किया। बाकोलिया यह सम्मान पाकर बेहद खुश नजर आए। उन्होंने अनंत ज्ञान प्रबंधन को पहली वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई दी तथा भविष्य की योजनाओं के लिए शुभकामनाएं प्रदान कीं। उन्होंने अखबार के उज्ज्वल भविष्य के लिए भी कामनाएं की।

## नगरोटा बगवां के गोल्डी को पहली बार रक्तदान करने पर हुआ गर्व

**नगरोटा बगवां।** अनंत ज्ञान की पहली वर्षगांठ पर पहली बार रक्तदान करने आए गोल्डी निवासी नगरोटा बगवां वार्ड नंबर 4 को रक्तदान करने पर गर्व महसूस हुआ। हालांकि उन्होंने पहले पहले भी एक बार रक्तदान कैंप में रक्तदान करना चाहा, लेकिन उन्हें मौका नहीं मिला, लेकिन आज इन्हें जैसे हीपता चला की अनंत ज्ञान की वर्षगांठ पर नगरोटा बगवां के इंडस्ट्रियल एरिया में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है तो वह निशंकोच दौड़े-दौड़े चले आए। उन्होंने बताया कि उन्हें अब जब कभी भी रक्तदान करने का मौका मिलेगा तो वह खुशी-खुशी रक्तदान करेंगे। उनके गांव के भी तकरीबन सभी लोग रक्तदान करते हैं और उनके भाई भी रक्तदान करते हैं। उनसे प्रेरणा लेकर ही इन्होंने यह नेक कार्य करने की ठानी। उन्हें रक्तदान करने का महत्व तब समझ आया जब एक बार उन्होंने अस्पताल में किसी गंभीर रोगी को रक्तदान की कमी से जूझते हुए पाया गया। उसके लिए रक्तदान पूरा नहीं हो पा रहा था तो उनके मन में भी यह विचार पैदा हुआ कि क्यों नमैं भी रक्तदान कर लोगों की जीवन बचाने के लिए आगे आऊं।



## रक्तदान करने वाले रक्तदाता


संजीव कुमार


संजीव कुमार



प्रवीण कुमार


सुमन कुमार


अभिषेक


सतीश


आशीष दमीर


राकेश

## इंदौरा उत्सव का आज होगा आगाज

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

दो दिवसीय इंदौरा उत्सव-2024 का आयोजन इंदौरा विधानसभा क्षेत्र की वेलफेयर एवं डेवलपमेंट सोयायटी के तत्वावधान में 13 दिसंबर दिन शुक्रवार से शुरू हो रहा है। इस आयोजन का शुभारंभ काठगढ़ मंदिर में पूजा अर्चन के साथ कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार करेंगे। इस मौके पर निशुल्क मेडिकल कैंप तथा विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियां लगेंगी। रेडक्रॉस मेला, रक्तदान शिविर, नशे के खिलाफ जागरूकता शिविर भी लगेंगे। स्थानीय कलाकारों के अलावा पंजाबी सूफी गायक डॉ. सतिंदर सरताज, पहाड़ी गायक इशांत भारद्वाज तथा राइजिंग स्टार ऑफ इंदौरा दर्शिता सिंह मेले का मुख्य आकर्ष होंगे। मेले का समापन। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मेले का समापन करेंगे। सीएम इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### 274 महिलाएं सुख सम्मान निधि के लिए पात्र

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** को विकास खंड फतेहपुर की पंचायत जगनोली में आम ग्राम सभा का आयोजन प्रधान सुभाष धीमान की अध्यक्षता में किया गया। इसमें इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना की आवेदक महिलाओं की पात्रता तय की गई। पंचायत सचिव मनमोहन ने बताया उक्त पंचायत की कुल 289 महिलाओं ने उक्त योजना के लिए आवेदन किया था। इनमें से 274 महिलाएं उक्त योजना के लिए पात्र पाई गईं। इनकी सूची तैयार कर जल्द तहसील कल्याण विभाग कार्यलय फतेहपुर भेज दी जाएगी।

### काहनफट में आज चलेगा जागरूकता अभियान

**अनंत ज्ञान, डरोह।** काहनफट पंचायत में जागरूकता कैंप का आज यानी 13 दिसंबर को 11 बजे आयोजन किया जाएगा। इसमें हिमाचल प्रदेश कामगार कल्याण बोर्ड के डायरेक्टर रविंद्र सिंह रवि विशेष रूप से हाजिर रहेंगे। उनके साथ श्रम कल्याण बोर्ड कांगड़ा जॉन के अधिकारी लोकेश शर्मा अपने स्टाफ के साथ इस जागरूकता कैंप में हिस्सा लेंगे। इस कैंप में मजदूरों को श्रम कानूनों, संवैधानिक कर्तव्यों और अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। इस आयोजन में ट्रेड यूनियन को-ऑर्डिनेशन सेंटर के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम चंद चौधरी, हिमाचल प्रदेश निर्माण कामगार संघ के प्रदेशाध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह राणा एवं अन्य पदाधिकारी भी शामिल होंगे। इस आयोजन में कल्याण बोर्ड के 150 लाभार्थियों को बुलाया गया है, जिनकी ई के वाई सी भी वहीं मौके पर ही की जाएगी। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश निर्माण कामगार संघ के जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह राणा ने दी।

### बच्चों की आपार आईडी सुनिश्चित करवाएं : पावा

**अनंत ज्ञान, जवाली।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जवाली में स्कूल



मुखियों की खंड स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए खंड परियोजना अधिकारी एवं प्रधानाचार्य प्रभात चंद्र पावा ने अध्यापकों से आह्वान किया कि तय समय में बच्चों की आपार आईडी सुनिश्चित करवाई जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों की पालना की जाए, इसके लिए सभी स्कूल मुखी समय-समय पर प्राप्त होने वाली जानकारी प्रभारी अध्यापकों तक पहुंचाएं। बैठक के दौरान प्रभात चंद्र पावा ने स्कूलों में करवाई जा रही विभिन्न गतिविधियों एवं फंडों के उचित प्रबंध के संदर्भ में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने परख, कला उत्सव, ईएमसी, नशा निवारण जागरूकता अभियान, एनएसएस, व्यावसायिक शिक्षा एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विभागीय निर्देश स्कूल मुखियों के साथ साझा किए।

### ढलियारा कॉलेज में मनाया गीता जयंती समारोह

**अनंत ज्ञान, गरली।** राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में गुरुवार को गीता जंयति समारोह का आयोजन हर्षोउल्लास से मनाया गया कालेज प्राचार्य अंजू चौहान की अध्यक्षता में साहित्यक सोसायटी के तत्ववाधान में संस्कृत विभाग द्वारा गीता जयंती समारोह मनाया गया, जिसमें डॉ. सुरेश कुमार, डॉ बंदना राणा तथा डॉ. आरती कौशल ने क्रमशः श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का उच्चारण, गीता की उपयोगिता, महत्व तथा वर्तमान में गीता की प्रासंगिकता पर अपने विचार विद्यार्थियों से साझा किए। प्राचार्या ने भी विद्यार्थियों को श्रीमद्भगवद्गीता गीता पढ़ने और भारतीय संस्कृति से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया।

### सरस्वती विद्या निकेतन के होनहार सम्मानित

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** सरस्वती विद्या निकेतन हाई स्कूल (बतवाड़) डाडासीबा में वीरवार को स्कूल का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। इसमें ठाकुर बरजिंदर सिंह एसएमसी प्रधान बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वार्षिक पारितोषिक का शुभारंभ संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ बच्चों ने समारोह के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। स्कूल के मुख्य अध्यापिका डॉली पठानिया ने स्कूल की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया सत्र 23-24 में मैट्रिक परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है समारोह के दौरान मुख्यातिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने व श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया।

### जयसिंहपुर कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में वीरवार को करियर काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में हमीरपुर से जनरल स्टडीज फैकल्टी गणितज्ञ शिवम शर्मा, रमन शर्मा और निशांत शर्मा ने महाविद्यालय में इस कार्यशाला के तहत 1 महीने के क्रैश कोर्स के बारे में छात्रों को अवगत करवाया गया।

# इस बार भव्य और आकर्षक होगा शिवरात्रि महोत्सव : किशोरी लाल

## बैजनाथ के विधायक ने महोत्सव के लिए लोगों से मांगे सुझाव

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**



राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव-2025 के आयोजन को लेकर एसडीएम कार्यालय परिसर में पहली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल विशेष रूप में उपस्थित रहे। किशोरी लाल ने आयोजन समिति को 2024 शिवरात्रि महोत्सव में कार्यक्रम के आयोजन में धनराशि बचाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह मेला एक आम उत्सव नहीं है, बल्कि लोगों की आस्था का महापर्व है। उन्होंने कहा कि इस बार महोत्सव को और भव्य तथा आकर्षक बनाया जाए। उन्होंने आयोजन समिति को यह भी निर्देश दिए कि आयोजन में खेलों के अलावा मनोरंजक गतिविधियों भी शामिल किया जाए।

उन्होंने कहा कि मेले के स्थल के स्थानांतरण को लेकर स्थानीय दुकानदारों और लोगों से विचार विमर्श किया जायेगा और लोगों को भावनाओं को ध्यान में रखकर निर्णय होगा। उन्होंने स्थानीय लोगों से शिवरात्रि महोत्सव को और आकर्षक बनाने के लिए सुझाव भी आमंत्रित किए।

उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का अधिक प्रचार और प्रसार सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि के दौरान शिव मंदिर बैजनाथ में आयोजित होने वाले हवन में विद्वानों को आमंत्रित किया जाये। उन्होंने कहा कि बैजनाथ शिवरात्रि महोत्सव समाज का उत्सव है और इसमें राजनीति से ऊपर उठकर सभी को अपना सक्रिय सहयोग देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि लोगों की जन भावनाओं का उत्सव है और इसके वैभव और गरिमा को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी।इससे पहले 26 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित होने वाले महोत्सव की पहली बैठक में समिति के गैर सरकार तथा सरकारी सदस्यों ने भाग लिया। महोत्सव समिति के अध्यक्ष एसडीएम बैजनाथ देवी चन्द ठाकुर ने बैठक संचालन किया। बैठक में मेला समिति के गठन, शिवरात्रि मेला को स्थानांतरित करने वारे, शिव मंदिर की सजावट के बारे, मेलों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए, महोत्सव के आयोजन के लिये धन एकत्रित करने, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन तथा स्टॉल आवंटन इत्यादि पर विस्तृत चर्चा की गई।

## पर्यटन विकास की परियोजनाओं पर तीव्र गति से होगा कार्य : बाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**बोले, पर्यटन राजधानी के संकल्प को पूरा करने में नहीं रहे कोई कमी**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष, कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि राज्य सरकार एशियन विकास बैंक की मदद से हिमाचल में पर्यटन विकास के लिए 2500 करोड़ रूपये खर्च किए जाएंगे। पर्यटन विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए पर्यटन निगम के अधिकारियों को तीव्र गति के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि पर्यटकों को बेहतर सुविधा मिल सके। वीरवार को नगरोटा विधानसभा क्षेत्र में लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत पर्यटन निगम के अध्यक्ष आईएस बाली ने कहा की पर्यटन में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं इसलिए राज्य सरकार पर्यटन को विकसित करने पर विशेष बल दे रही है।



आरएस बाली ने कहा कि जिला कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने के मुख्यमंत्री के संकल्प को पूरा करने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पालमपुर के मैंझा में वैडिंग रिसॉर्ट, हेलीपोर्ट निर्माण, जिले में धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय स्तर के कन्वेंशन सेंटर, बनखंडी में जूलॉजिकल पार्क, नगरोटा बगवां में ओल्ड एज वेलनेस रिजॉर्ट एवं हाई एंड फाउंटेन, आइस स्केटिंग तथा रोलर स्केटिंग रिंक, धर्मशाला में धौलाधार बायोडायवर्सिटी पार्क, जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स पर कार्य जल्द शुरु किया जाएगा। इसके साथ ही नगरोटा में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर म्यूजिक फाउंटेन भी स्थापित किया जाएगा जो कि पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल में पर्यटन की अपार संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए साहसिक, धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन अधोसंरचना को विकसित करने के दृढ़ प्रयास कर रही है और भविष्य में सालाना पांच करोड़ पर्यटकों के स्वागत का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है।

## सालगिरह मुबारक


चुवाड़ी के डॉ. अरुण रैणा और रूही शर्मा को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## एयरपोर्ट मामले में अब सुनवाई 24 को

**गगल।** उच्च न्यायालय में कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार को लेकर हुई सुनवाई के बारे में जानकारी देते हुए संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने बताया कि अब अगली सुनवाई 24 दिसंबर को होगी। वीरवार को भी सरकारी पक्ष का वकील कोई रिपोर्ट पेश नहीं कर पाया। उल्लेखनीय है कि 25 नवंबर को हुई सुनवाई में कोर्ट ने आदेश दिए थे कि सरकार हवाई अड्डे के विस्तार से पहले पर्यावरण संबंधी रिपोर्ट, फीजिबिलिटी रिपोर्ट, वन विभाग की अनापत्ति रिपोर्ट आदि पेश करने के आदेश दिए थे, जो कि सरकार आज पेश नहीं कर सकी अब सरकारी पक्ष ने अपनी रिपोर्ट सोमवार तक यानी 16 दिसंबर तक पेश करने को कहा है।

## आईटीबीपी जवान विनोद कुमार की हार्ट अटैक से मौत

**गगल।** धर्मशाला विधानसभा के अंतर्गत आईटीबीपी में एएसआई



की ट्रेनिंग करने के लिए गुवाहाटी गए हुए बगली निवासी विनोद कुमार (47) की ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुकने से मौत हो गई। जवान का शव शुक्रवार तक पैतृक गांव पहुंचने की संभावना है। जवान की मौत की खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी। विनोद कुमार इन दिनों गुवाहाटी में सेवाएं दे रहे थे। विनोद 2000 मे आईटीबीपी में भर्ती हुए थे।

## नूरपुर रोड से बैजनाथ-पपरोला तक कल से बहाल होगी रेल सेवा

**अजय पाल, पंचरुखी**

रेलयात्रियों की सुविधा हेतु नूरपुर रोड और बैजनाथ पपरोला के बीच 14 दिसंबर से दो रेलगाड़ियां शुरू हो जाएंगी। मंडल कार्यालय, फिरोजपुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि रेलगाड़ी संख्या 04700 बैजनाथ-पपरोला से सुबह 6 बजे चलकर दोपहर 12 बजे नूरपुर रोड पहुंचेगी और रेलगाड़ी संख्या 04686 बैजनाथ-पपरोला से दोपहर बाद 3 बजे चलकर रात्रि 9 =25 बजे नूरपुर रोड पहुंचेगी। रेलगाड़ी संख्या 04699 नूरपुर रोड से सुबह 6 बजे चलकर दोपहर 12 बजे बैजनाथ-पपरोला पहुंचेगी और रेलगाड़ी संख्या 04685 नूरपुर रोड




से दोपहर 2:30 बजे चलकर रात्रि 8:20 बजे बैजनाथ पपरोला पहुंचेगी। ये रेलगाड़ियां मझेरना, पंचरुखी, पट्टी राजपुरा, पालमपुर, सुलह, परौर, चमुंडा मार्ग, नगरोटा, समलोटी, कांगड़ा मंदिर, कांगड़ा, कोपरलाहड़, ज्वालामुखी रोड, त्रिपल हाल्ट, लुंसू, गुलेर, नंदपुर भटौली, बरियाल, नगरोटा सूरियां, मेघराजपुरा, हरसर देहरी, जवांवाला शहर, भरमाड़, वल्ले दा पीर लाड़्थ और तलाड़ा स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी। (अनंत ज्ञान)

## सर्डियाल में शहीद पवन सिंह की याद में करवाई दौड़ स्पर्धा

**फतेहपुर।** पंचायत गदराना के गांव सर्डियाल के शहीद पवन सिंह की शहादत को याद करते हुए गुरुवार को सर्डियाल में दौड़ प्रतियोगिता करवाई गई। इस दौरान शहीद के पिता मिलखी राम ने प्रतिभागियों को ईनाम बांटे। इस बारे जानकारी देते हुए शहीद पवन सिंह के भाई विवेक सिंह ने बताया उनका भाई 28 अगस्त 1995 को 19 जैक राइफल में भर्ती हुआ था। जोकि 12 दिसंबर 1999 को जम्मू-कश्मीर के बारामूला में ओपी रक्षक अभियान दौरान शहीद हो गया था। बताया उनकी शहादत को तरोताजा रखने के लिए हर वर्ष उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए दौड़ प्रतियोगिता करवाई जाती है।

## सांसद इंदु ने केंद्रीय संस्कृति मंत्री से उठाया बैजनाथ मंदिर का मुद्दा

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से संसद भवन में भेंट की और बैजनाथ मंदिर के संरक्षण के बारे में विस्तृत चर्चा की। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि बैजनाथ मंदिर के गर्भ गृह ने स्थित शिवलिंग की जलेहरी संगमरमर से बनी है और इसकी मरम्मत का कार्य भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा करवा लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस मंदिर में लाखों श्रद्धालु अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं तथा मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा रोजाना काफी मात्रा में दूध, तेल, शहद से शिवलिंग का अभिषेक करवाया जाता है, जिसकी वजह से शिवलिंग के मार्बल से बनी जलेहरी में जगह-जगह छोटे-छोटे छिद्र हो जाते हैं, जिसकी मरम्मत समय रहते भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा करवा ली जाती है। उन्होंने बताया कि उचित संरक्षण द्वारा मंदिर के शिखर



से पानी का रिसाव रोक दिया गया है तथा चालू वित्त वर्ष के दौरान मंदिर में टैगिंग और अन्य विकास कार्य करवाने के लिए पर्याप्त बजट का प्रावधान किया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को अधिकतम सुविधाएं प्रदान की जा सकें तथा इस मंदिर को धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया जाए, ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकें और बैजनाथ देश के धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर उभर सके। सांसद ने केंद्रीय मंत्री का धन्यवाद किया और उन्हें कांगड़ा आने का निमंत्रण दिया, ताकि वह खुद कांगड़ा के हेरिटेज स्थलों के बारे में जानकारी ले सकें और इनके संरक्षण के लिए उचित कदम उठाने के लिए पर्याप्त बजट प्रावधान कर सकें।

## ग्रामीण क्षेत्रों में सुदढ़ की जाएगी शिक्षा व्यवस्था : केवल पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाद्धएंगी ताकि बच्चों को घर के नजदीक की पढ़ाई के अवसर मिल सकें। वीरवार को कनोल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिक उत्सव में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि विधायक केवल सिंह पठानिया ने यह उद्गार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की सोच से शिक्षा में सुधार लाने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के ढांचे को सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार गुणवत्ता शिक्षा प्रदान के लिए कृत संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक मॉडल डे बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं तथा बच्चों को गुणवान बनाने से देश तथा समाज भी आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को नैतिक शिक्षा प्रदान करने पर विशेष बल दिया जाएगा इसमें शिक्षकों का अहम योगदान रहेगा।

## प्रदेश के लिए कांग्रेस सरकार किसी आपदा से कम नहीं : राकेश जम्वाल

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

प्रदेश में कांग्रेस सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लिए कांग्रेस सरकार किसी आपदा से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस दिन से प्रदेश में



कांग्रेस सरकार सत्ता में आई है, उसी दिन से प्रदेश पर अनवांटेड आपदा आ गई। कांग्रेस जहां भी जाती है, वहां के विकास को तहस-नहस कर देती है, और हिमाचल प्रदेश इसका जीता-जागता उदाहरण है। राकेश जम्वाल ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उनका मंत्रिमंडल अपने रिश्तेदारों और दोस्तों को खुश करने के लिए प्रदेश के संसाधनों को बेचने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में तमाम विकास कार्य ठप हो गए हैं। प्रदेश की आर्थिक स्थिति को पूरी तरह से खत्म कर चहेतों को लाभ पहुंचाने की कोशिशें हो रही हैं। मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री कहते हैं कि उन्होंने वह काम दो वर्षों में कर दिया जो भाजपा सरकार पांच सालों में नहीं कर पाई। हां, आपने कर्ज लेने और प्रदेश के संसाधनों को गिरवी रखने का काम जरूर कर दिखाया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुकैना**
विकास खंड बैजनाथ, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत कुकैना में वाटर कूलर एवं सीमेंट के बैंच की निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। अतः इच्छुक स्पलायर दिनांक 12/12/2024 से 19/12/2024 तक सील बंद लिफाफे में पंचायत प्रधान या पंचायत सचिव के पास जमा करवाएं। निविदाएं दिनांक 20/12/2024 को 11 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकार या रद्द करने का निर्णय केवल ग्राम पंचायत कुकैना का होगा। सप्लायर के पास अपना जीएसटी नंबर होना अनिवार्य होगा।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत कुकैना

## किन-किन ने रक्तदान कर कमाया पुण्य



हमीरपुर के गांधी चौक पर अनंत ज्ञान के रक्तदान शिविर में होटल प्रबंधन संस्थान हमीरपुर के छात्र रक्तदान करते हुए।



हमीरपुर के गांधी चौक पर अनंत ज्ञान के रक्तदान शिविर में नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर को सम्मानित करते हुए गणमान्य।



हमीरपुर के गांधी चौक पर अनंत ज्ञान के रक्तदान शिविर में होटल प्रबंधन संस्थान हमीरपुर के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा रक्तदान करते हुए।



रक्तदान शिविर में 19वीं बार रक्तदान कर चुके अमित कुमार गलवान घाटी में तैनात है जिनका आज जन्मदिन भी था। उन्होंने अपने जन्मदिन पर रक्तदान किया।



'अनंत ज्ञान' रक्तदान शिविर में आपस में बातचीत करते गणमान्य।













'अनंत ज्ञान' रक्तदान शिविर में डोनर्स की जुटी भारी भीड़, दोपहर बाद तक आते रहे रक्तदानी।

# अनंत ज्ञान का यह प्रयास जीवन बचाने की के लिए महत्वपूर्ण : डीसी

## 'अनंत ज्ञान' रक्तदान शिविर में डोनर्स की जुटी भारी भीड़, डीसी अमरजीत ने की ओपनिंग, ईओ अजमेर ठाकुर ने क्लोजिंग

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

'अनंत ज्ञान' द्वारा समाचार पत्र के एक साल मुकम्मल होने पर आयोजित रक्तदान शिविर में वीरवार को गांधी चौक हमीरपुर में रक्तदानियों की खूब भीड़ रही। बड़ी तादाद में जिस उत्साह के साथ डोनर्स ने दोपहर बाद तक माहौल को बनाए रखा, उसमें फौजी, स्टूडेंट्स और कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एक स्थिति ऐसी आ गई, जब रक्तदान करने वालों को इसलिए मना करना पड़ा, क्योंकि जरूरत से ज्यादा रक्तदान इकट्ठा नहीं करने की टीम ने बात कही, ऐसे इच्छुक डोनर्स को हॉस्पिटल में भेजा गया।

समापन मौके पर नगर परिषद के ईओ अजमेर ठाकुर मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों को 'अनंत ज्ञान' टीम ने मां चामुंडा माता का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया।

**57 लोगों ने किया रक्तदान :** सुबह-सुबह की ठंड जैसे-जैसे धूप खिलने के साथ कम होती गई, रक्तदानियों की भीड़ भी जमा होने लगी। दोपहर बाद तक 57 लोगों ने रक्तदान किया। इसमें महिलाओं और पुरुषों के अलावा स्टूडेंट भी काफी तादाद में पहुंचे। इस मौके पर मीडिया के साथियों के अलावा शहर के कई लोगों ने शिरकत की।

**अनंत ज्ञान की टीम ने किया प्रेरित :** अनंत ज्ञान की हमीरपुर ऑफिस की टीम को भी शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी मौजूदगी दिखाकर खूब उत्साहित किया और इस तरह के आयोजन लगातार आगे भी करते रहने के लिए प्रेरित किया। नगर परिषद के तो अजमेर ठाकुर के अलावा पार्षद निशांत शर्मा चौधरी, एसडीओ अश्विनी कुमार ने भी इस शिविर की शोभा बढ़ाई।

**सतपाल शर्मा ने 96वीं बार किया रक्तदान :** शहर के प्रमुख व्यापारी 64 वर्षीय सतपाल शर्मा ने भी 96वीं बार इस शिविर में रक्तदान करके ढलती उम्र में भी अपने उत्साह को फीका नहीं होने दिया। उनका कहना था कि वह 95 बार रक्तदान कर चुके हैं और अब 96बीं बार आज रक्त डोनेट करने आए हैं। सीनियर सिटीजन के रूप में उन्होंने कहा कि उन्हें कभी भी रक्तदान करने के बाद कोई समस्या नहीं आई और भी पिछले लंबे समय से लगातार ब्लड डोनेट करते रहते हैं। आज भी इस शिविर को जब उन्होंने सुबह के समय देखा, तो उनका मन उसी समय ब्लड डोनेट करने के लिए कर गया था, लेकिन वे किन्हीं कारणों से दोपहर बाद पहुंचे। उन्होंने कहा कि अभी इस क्रम को वे 100 से ऊपर ले जाने कमान बनाए हुए हैं, क्योंकि इससे वह स्वस्थ रहते हैं।



हमीरपुर के गांधी चौक पर अनंत ज्ञान के रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह को टोपी, शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए गणमान्य।

### फौजी, स्टूडेंट्स और कर्मचारी भी पहुंचे रक्तदान करने

इस रक्तदान शिविर की विशेषता या भी रही कि इसमें कई सैनिकों बहुत सारे स्टूडेंट्स और कई कर्मचारियों ने भी दोपहर के समय ब्लड डोनेट किया। आईएचएम संस्थान के स्टूडेंट और संस्थान के प्रमुख पुनीत बंटा ने भी रक्तदान किया। महिलाएं भी पीछे नहीं रहीं और क्यों ने पहली मर्तबा स्वयं शिविर में पहुंचकर ब्लड डोनेट किया। माहौल को देखकर बाजार से गुजर रहे कई लोगों ने ब्लड डोनेट करने में जिस तरीके से उत्साह दिखाया, वह देखते बनता था। लाइन लंबी लग गई तो उसका इंतजार भी किया।

### डीसी अमरजीत ने 'अनंत ज्ञान' के प्रयासों को सराहा

इस रक्तदान शिविर का शुभारंभ हमीरपुर के डीसी अमरजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अनंत ज्ञान ने छोटे से अरसे में पाठकों के बीच जो जगह बनाई है, वह पत्रकारिता के क्षेत्र में बेहतर काम हुआ है। उन्होंने कहा कि एक साल के मुकम्मल होने पर आयोजित किए गए इस शिविर का मतलब यही है समाज सेवा की दिशा में चार कदम आगे बढ़कर काम करने का बीड़ा उठाया गया है। उन्होंने समाचार पत्र समूह के साथ जुड़े तमाम कर्मचारी, रिपोर्टर्स और पूरी टीम का हौसला भी बढ़ाया और कहा कि इस तरह के आयोजनों का दौर यूं ही चलता रहे, यही उनकी कामना है। उन्होंने कहा कि वह खुद आज रक्तदान देना चाह रहे थे लेकिन पिछली मर्तबा जो रक्तदान उन्होंने दिया, उसके अभी तीन माह नहीं हुए हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि अनंत ज्ञान का यह प्रयास अस्पतालों में उन मरीजों के लिए जीवन बचाने की खातिर महत्वपूर्ण होगा, जिन्हें सर्दियों के इस मौसम में खून की आवश्यकता रहती है। डीसी ने कहा कि अनंत ज्ञान सरकार प्रशासन और जनता के बीच कड़ी के रूप में काम यूं ही करता रहे। जनता की समस्याएं और उनका दुख दर्द प्रशासन तक पहुंचना रहे यही वे उम्मीद करते हैं।

### सब ओर रहा उत्साह



### कैमरे की नजर में हमीरपुर के गांधी चौक में आयोजित शिविर की झलकियां



## शिविर में रक्तदाता जिन्होंने महादान किया

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

'अनंत ज्ञान' द्वारा समाचार पत्र के एक साल मुकम्मल होने पर आयोजित रक्तदान शिविर में राकेश कुमार (50), अमित कुमार ठाकुर (40), सुदेश कुमार (49), रोहित गुलेरिया (21), सुरजीत कुमार (46), कर्मजीत (22), विनय कुमार (26), साहिल चंदेल (21), अभय पठानिया (22), प्रिंस चंदेल (25), कृष्णा (30), मनोज कुमार (37), सत्यपाल (49), अदिति शर्मा (21), अंशुल शर्मा (23), रीता सिंह (50), राकेश चंद (57), विपन ठाकुर (47), विशाल ठाकुर (22), अभिषेक चंदेल (19), अनुराधा वर्मा (50), कर्मवीर (19), अमित कुमार (40), संदीप कौशल (21), उदय दतयाल (21), अनिरुद्ध शर्मा (19), सुनील कुमार (39), रविंद्र कुमार (36), अक्षय ठाकुर (21), निर्मला देवी (35), यश त्यागी (20), अक्षय ठाकुर (20), अनूप कुमार (33), अमित कुमार (33), पुनीत कुमार (49), रोहित शर्मा (30), होशियार सिंह (46), रविंद्र कुमार (30), अंशुल ठाकुर (23), कुलदीप कुमार (30), सुरेंद्र सिंह (57), अभिषेक कुमार (23), अजय कुमार (34), विक्रम ढटवालिया (62), पंकज भाटिया (21), अंकुश राणा (21), अभय लगवाल (19), ज्योति प्रकाश (38), विजय सिंह (53), सुनील कुमार (40), रवि कुमार (39), नीरज शर्मा (40) ने महादान किया ।



रक्तदान करते आए युवा अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।





रक्तदान करता युवा।



रक्तदानियों को सम्मानित किया गया।



रक्तदान करता युवा।



रक्तदानी को सम्मानित करते गणमान्य।



रक्तदानी से वार्तालाप करते गणमान्य।



शिविर में अनंत ज्ञान पढ़ते गणमान्य।





महिला रक्तदान करती हुई।


**कार्यालय ग्राम पंचायत पन्याली**
**विकास खंड नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | धुला रेता | प्रति फुट |
| 2. | रेता क्रशर | प्रति फुट |
| 3. | क्रशर बजरी 10,20,40 एमएम | प्रति फुट |
| 4. | पक्की ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति पीस |
| 5. | गटका | प्रति घनफुट |
| 6. | शैटरिंग भवन (लोहा/लकड़ी) | प्रति फुट |
| 7. | शैटरिंग रास्ता/डंगा/नाली(लोहा/लकड़ी) | प्रति फुट |
| 8. | पानी टैंकर | प्रति दिन |
| 9. | मिक्कर मशीन डीजल सहित | प्रति दिन |
| 10. | जेसीबी खुदाई कच्ची/पक्की | प्रति घंटा |

निविदा के साथ जीएसटी नंबर, पैन कार्ड और वाहन की आरसी की कॉपी संलग्न करना आवश्यक है। बिना जीएसटी व वाहन आरसी के निविदा रद्द की जायेंगी। निविदा पास होने के उपरांत सप्लाई न देने पर 25000/- रुपए तक जुर्माना हो सकता है। निविदा पारित फर्म को माल कार्य स्थल तक पहुंचाना होगा। सिक्योरिटी मनी के तौर पर 15000/- रुपए जमा करवाने होंगे अन्यथा निविदा रद्द कर दी जाएगी। निविदा 18.12.2024 तक डाक या स्वयं पंचायत कार्यालय पन्याली में जमा करवा सकते हैं। निविदा 19.12.2024 को पंचायत प्रतिनिधियों व कर्मचारियों के समक्ष सुबह 11 बजे खोली जाएगी। वेंडर के उपस्थित न होने पर उसकी निविदा को रद्द समझा जाएगा।

**प्रधान ग्राम पंचायत**

## न्यूज ब्रीफ

### मासिक धर्म स्वच्छता पर किया जागरूक



अनंत ज्ञान, मंडी। महिला एवं बाल विकास परियोजना के टारना सर्कल के तहत आने वाले आंगनवाड़ी केंद्र केहनवाल रोड मंगवाई में वीरवार को , दो दिन, योजना के तहत मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी वंदना शर्मा व पर्यवेक्षिका नीतू सेखड़ी की देख रेख में वार्ड स्तरीय इस कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया। इस मौके पर प्रतिभागी महिलाओं व किशोरियों को इस योजना के उद्देश्यों से अवगत करवाते हुए महिला विकास परियोजना अधिकारी व पर्यवेक्षिका ने मासिक धर्म को एक कुरीति बताया। उन्होंने इस दौरान स्वच्छता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी महिलाओं को दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना, सुख आश्रय योजना, मुख्यमंत्री मातृ वंदना योजना व बेटी है अनमोल योजना की विस्तृत जानकारी दी। स्थानीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहीं।

### सिंचाई कूहल पुनर्निर्माण की उठाई मांग

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। किसान सुधार सभा कमेटी जोगिंद्रनगर ने मझारनू, मनोह, भाल्यांद्रा सिंचाई कूहल के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर उपमंडल नागरिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कमेटी के प्रधान अनिल शास्त्री ने बताया कि यह कूहल वर्ष 1935 में अंग्रेजों द्वारा शानन पावर हाउस निर्माण के दौरान किसानों की सुविधा के लिए बनाई गई थी। उन्होंने कहा कि इस कूहल से करीब 2650 बीघा भूमि की सिंचाई होती थी, लेकिन चार वर्ष पूर्व लोक निर्माण विभाग द्वारा मझारनू-बगनेहड़-गलू सड़क के निर्माण के कारण कूहल जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो गई। स्थिति अब यह है कि छपडू गांव से भाल्यांद्रा, पट्टी, बाग और भुजड़ू गांव के किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा है, जिससे उनकी फसलें प्रभावित हो रही हैं। शास्त्री ने बताया कि किसानों ने कई बार इस समस्या को अधिकारियों के समक्ष उठाया है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कूहल का पुनर्निर्माण नहीं किया गया, तो किसान आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। किसानों में इस समस्या को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है और वे प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

### कून का तर पुल का निर्माण कार्य हुआ आरंभ

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। कून का तर पुल के निर्माण कार्य के आरंभ होने के बाद राहगीरों और स्कूली बच्चों को हो रही समस्याओं का जायजा लेने के लिए किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष और जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज ने मंगलवार को घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ बातचीत कर झूला पार करते समय स्कूली बच्चों और राहगीरों को हो रही दिक्कतों के बारे में जानकारी ली। स्थानीय स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों ने शिकायत की कि ब्यास नदी पर बने झूले की स्थिति बेहद खतरनाक है। झूले का रस्सा घिस चुका है और जगह-जगह गांठों से जुड़ा हुआ है, जिससे यह किसी भी समय टूट सकता है। कई बार झूला नदी के बीच अटक जाता है, जिससे लोगों की जान को खतरा रहता है। वहीं, जेसीबी मशीनों से गिर रहे मलबे के कारण पैदल रास्ता भी बंद हो गया है, जिससे बच्चों को खतरनाक ढांक से होकर स्कूल जाना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी सूबेदार ज्योति प्रकाश ठाकुर और हवलदार सुन्दर सिंह ठाकुर ने बताया कि पुल निर्माण के लिए कुशाल भारद्वाज ने हर स्तर पर लड़ाई लड़ी है, जिसके लिए क्षेत्र की जनता उनकी आभारी है। उन्होंने कहा कि अब झूले की मरम्मत और रास्ते को सही करवाने के लिए भी सरकार पर दबाव बनाया जाना चाहिए। कुशाल भारद्वाज ने कहा कि किसी भी दुर्घटना को टालने के लिए झूले के रस्से को तुरंत बदला जाए और मलबा हटाकर रास्ता ठीक किया जाए। उन्होंने पुल निर्माण कार्य के लिए दोनों किनारों पर एक साथ काम शुरू करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि मार्च 2025 तक पुल का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा।

### सीएम से मिलेगा बेरोजगार रेडियोग्राफर टेक्नीशियन संघ

अनंत ज्ञान, पधर। लाखों रुपए खर्च कर मेडिकल रेडियोग्राफर टेक्नीशियन का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद भी वर्षों से बेरोजगारी की मार झेल रहे एससीवीटी स्टेट काउंसिल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग से प्रशिक्षित सैकड़ों युवाओं का प्रतिनिधिमंडल अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से शिमला में मुलाकात करेगा। यह जानकारी एससीवीटी मेडिकल रेडियोग्राफर टेक्नीशियन संघ के दीपक सेन, विकेश कुमार, प्रकाश चंद, किशोर चंद, अभिजीत, प्रवीण सहित अन्य लोगों ने दी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने पिछले 16 वर्षों में छह बार आरएंडपी रिक्रूटमेंट एंड प्रमोशन नियमों में बदलाव कर इन प्रशिक्षित बेरोजगारों के साथ अन्याय किया है। इससे सबसे अधिक नुकसान उन युवाओं को हुआ है। जिन्होंने 2003 से 2007 के बीच एससीवीटी से दो वर्षीय रेडियोग्राफर लैब टेक्नीशियन कोर्स किया था। उस समय इस कोर्स के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं पास रखी गई थी। हालांकि 2009 में विभाग ने आरएंडपी नियमों में बदलाव कर इसे 12वीं पास किसी भी स्ट्रीम से कर दिया। इसके बाद 2012 में एक बार फिर योग्यता बदलकर 12वीं मेडिकल साइंस स्ट्रीम कर दी गई। इन बदलावों ने उन युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर दिया। जिन्होंने 10वीं के आधार पर लाखों रुपये खर्च कर यह कोर्स किया और हिमाचल प्रदेश पैरामेडिकल काउंसिल में पंजीकरण भी कराया।

### घटासनी विद्यालय के वार्षिक समारोह में कुलदीप पठानिया ने सम्मानित किए मेधावी

# विकास कार्यों पर खर्च होंगे 1000 करोड़

बबलू पठानिया, चुवाड़ी ( ककीरा ) विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में आज शहीद आशीष थापा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घटासनी का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया । कुलदीप सिंह पठानिया ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय में सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता को सुनिश्चित बनाने का भरोसा दिया । उन्होंने खेल मैदान के विकास के लिए 25 लाख रुपए की धनराशि उपलब्ध करवाने की भी घोषणा की ।



बच्चों को सम्मानित करते हुए कुलदीप पठानिया व नीचे प्रस्तुति पेश करते बच्चे।

कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि लोगों की अपेक्षा तथा आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्य को तीव्रता प्रदान की जा रही है। भटियात विधानसभा क्षेत्र में जारी विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए, विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अगले तीन वर्षों के दौरान सड़क निर्माण, विद्युत आपूर्ति, पेयजल एवं सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए लगभग एक हजार करोड़ रुपए की धन राशि का प्रावधान किया जाएगा।

कुलदीप सिंह पठानिया ने जिला चंबा में सुरंग नेटवर्क को विस्तार देने की बात करते हुए चंबा-चुवाड़ी सुरंग निर्माण की अपनी प्रतिबद्धता का भी जिक्र अपने संबोधन में किया। उन्होंने ककीरा-घटासनी तथा आसपास के क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न संपर्क मार्ग गांव बडीनी, संपर्क मार्ग गांव अटवाली , संपर्क मार्ग गांव मोरनाची,संपर्क मार्ग गांव कुडेरा से नुई वाया वासी, संपर्क मार्ग गांव फोगला, संपर्क मार्ग गांव निचली मामल, संपर्क मार्ग खडेडा से ओहरा, संपर्क मार्ग गांव मील , संपर्क मार्ग गांव मगनुई से रूडका, सम्पर्क मार्ग गांव मखोली- लडोली तथा आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र भवन घटासनी के निर्माण कार्यों को जल्द शुरू करने का आश्वासन दिया।

उन्होंने संपर्क मार्ग घटासनी-बडिंगी में दो स्थानों पर रिटेनिंग वॉल लगाने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। इससे पहले कुलदीप सिंह पठानिया ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने इस दौरान कारगिल युद्ध नायक शहीद आशीष थापा के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए। विद्यार्थियों ने इस दौरान आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब समां बांधा। विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यालय के वरिष्ठ तथा कनिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों की सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए 21 तथा 11 हजार की धनराशि देने की घोषणा की। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। कुलदीप सिंह पठानिया का समारोह में पधारने पर स्कूल प्रबंधन समिति एवं स्थानीय लोगों द्वारा गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील दत्त चाढक ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सदस्य निदेशक मंडल राज्य वन निगम चेला कृष्ण चंद, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी विजय कवंर , महासचिव तरुण मल्होत्रा, एसडीएम पारस अग्रवाल, उपनिदेशक उच्च शिक्षा प्यार सिंह चाढक, वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन, पुलिस उपाधीक्षक योगराज चंदेल, अधिशासी अभियंता जल शक्ति राकेश ठाकुर, विद्युत पंकज राठौर सहित स्कूल के विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक तथा स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे । (अनंत ज्ञान)

# डुक्का मार्ग पर भू-स्खलन, रोड बनने के बाद भी लोग परेशान



फाइल फोटो

मुकेश कुमार, डलहौजी

लोक निर्माण मंडल भटियात के अंतर्गत ऐनन माता मंदिर से गांव डुक्का सड़क मार्ग गत वर्ष बनकर पूरी तरह तैयार हो गया था तथा स्थानीय लोगों के छोटे-बड़े वाहन भी आने-जाने लगे थे किंतु हुई भारी बरसात के कारण इस मार्ग पर जगह-जगह भूस्खलन की वजह से मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

स्थानीय लोगों ने कई बार लोक निर्माण विभाग तथा स्थानीय प्रशासन को भी अवगत करवाया किंतु अभी तक ना तो लोक निर्माण विभाग ने कोई कार्रवाई की नहीं स्थानीय प्रशासन ने कोई ठोस कदम उठाए, जिसको लेकर स्थानीय ग्रामवासी देशराज रंजीत करतार सिंह अशोक कुमार चैन सिंह सुनीता देवी चंचलो तथा अनीता देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि बड़ी ही मशक्कद के बाद इस मार्ग का निर्माण हुआ था

**लोग आज भी सड़क सुविधा का लाभ लेने से वंचित**

जिसको बनाने के लिए सरकार के लाखों रुपए खर्च भी हुए किंतु नतीजा वही है कि ग्रामवासी अभी भी इस सड़क सुविधा का लाभ लेने से वंचित है।

स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग तथा प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग की है कि इस मार्ग को जल्द से जल्द दुरुस्त करवाया जाए ताकि तमाम ग्रामवासी भी सड़क सुविधा का लाभ उठा सकें। वहीं इस बारे में जब अतिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग मंडल भटियात से बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हो बताया कि यह मामला अभी तक उनके संज्ञान में नहीं था अभी वह जल्द ही इस मार्ग को लेकर उचित दिशा निर्देश जारी करेंगे और जल्द ही इस मार्ग को दुरुस्त करवा दिया जाएगा ।(अनंत ज्ञान)

# जिला कार्यक्रम अधिकारी की संदिग्ध अवस्था में मौत

अनंत ज्ञान, चंबा

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। मंगलवार को उनका शव निजी क्वार्टर में बरामद हुआ। अधिकारी की पहचान राकेश कुमार चौधरी निवासी गांव गगल, तहसील धीरा जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर घटना के कारणों की जांच आरंभ कर दी है। जिला कार्यक्रम अधिकारी मंगलवार को कमरे से बाहर नहीं निकले। कमरे में राकेश कुमार चौधरी को बिस्तर पर बेसुध हालत में पाया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई, उन्होंने तुरंत राकेश को उठाकर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल चंबा पहुंचाया, जहां मौजूद चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। दोपहर बाद मृतक के परिजनों के चंबा पहुंचने पर कागजी औपचारिकताएं निपटाई गईं, साथ ही परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

एएसपी चंबा शिवानी मेहला ने मामले की पुष्टि की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने बाद ही मौत की सही वजह का खुलासा हो पाएगा। पुलिस जांच कर रही है।

## हादसे का शिकार हुआ ट्रैक्टर, 40 वर्षीय चालक की मौके पर मौत

बबलू पठानिया, चुवाड़ी। पुलिस चौकी सिहुन्ता के तहत सिहुन्ता जोलना मार्ग पर भलेर बासा स्थान पर हुए हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर मौत हो गई । जानकारी के अनुसार चालक तिलक राज पुत्र बुरा राम जो कि




काम से शाम को घर वापस जा रहा था कि सिहुन्ता से लगभग ढाई किलो मीटर आगे भलेर बासा स्थान पर ट्रैक्टर में तकनीकी खराबी के कारण अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। हादसे के दौरान ट्रैक्टर चालक ही ट्रैक्टर में मौजूद था।

हादसे में चालक की मौत हो गई तथा मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सुचना दी। पुलिस टीम ने उसके शव का पोशमार्टम करवाने के लिए सीएचसी समोट अस्पताल पहुंचाया। जहां मृतक का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है। पुलिस अगामी कार्रवाई में जुटी है।(अनंत ज्ञान)

# सामरा थल्ली का क्षतिग्रस्त पुल दे रहा हादसे को न्योता

अनंत ज्ञान, भरमौर

भरमौर के ग्राम पंचायत रुणह कोठी के गांव सामरा और थल्ली को जोड़ने वाला लकड़ी का पुल बुरी तरह से जर्जर हो चुका है। आलम यह है कि यहां पर कभी भी कोई भी बड़ा हादसा घटित हो सकता है। जानकारी के मुताबिक इस क्षतिग्रस्त पुल से हर रोज दर्जनों बच्चे स्कूल पढ़ने के लिए आते- जाते हैं, लेकिन हैरानी की बात ही है कि इस पुल के फट्टे व रेलिंग टूट चुकी है।

आलम ही है कि यहां पर पत्थरों के सहारे टूटे हुए फट्टोंको ढका गया है। यहां से गुजरने पर हल्की सी चूक मौत को दावत करने होता दे रही है। बार-बार संबंधित विभाग के पास शिकायत करने के बावजूद भी अभी तक इसे दुरुस्त नहीं कर पाया है। यही नहीं इस क्षतिग्रस्त पुल से हर दिन दर्जनों भेड़ बकरियां व मवेशी जंगल में चरने के लिए जाते हैं। पुल की हालत जर्जर होने के कारण यहां पर कभी भी कोई भी बड़ा हादसा घटित हो सकता है।

उप प्रधान देवराम ठानू राम, सुनील कुमार चोखी देवी, उत्तम चंद धन्नो देवी का कहना है कि करीब 20 वर्ष पहले इस पुल का निर्माण किया गया था लेकिन अब पुल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है और यहां पर हर रोज 50 से अधिक बच्चे स्कूल के लिए आते जाते हैं। पल की हालत इतनी जर्जर है कि यहां पर कभी भी कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## कल से बंद रहेगी बिजली

लडभड़ोल। विद्युत उपमंडल लडभड़ोल के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में 14 दिसंबर से लेकर 19 दिसंबर तक विभिन्न दिनों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी कार्यकारी सहायक अभियंता मुकेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि एचटी और एलटी लाइनों के आवश्यक रखरखाव, मरम्मत, और पेड़ों की टहनियों की कटाई-छंटाई के कार्य के चलते निर्धारित समयावधि में बिजली सप्लाई बंद रहेगी। 14 और 16 दिसंबर 11 केवी पंडोल फीडर में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक। 15 दिसंबर 11 केवी गोलवां फीडर में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक। 17 और 19 दिसंबर 11 केवी भड़ोल फीडर में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक। अभियंता मुकेश कुमार ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## डलहौजी-धर्मशाला फोरलेन परियोजना पर विचार करे सरकार : मनीष सरीन

मुकेश कुमार, डलहौजी



आम आदमी पार्टी प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन ने हिमाचल प्रदेश सरकार को पर्यटन उत्थान के मद्देनजर डलहौजी-धर्मशाला फोर लेन परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर गंभीरता से विचार करने का सुझाव दिया है।

मनीष ने कहा की डलहौजी व धर्मशाला दोनों ही प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों की गिनती में आते हैं व लाखों पर्यटक सालाना दोनों पर्यटन स्थलों पर घूमने आते हैं परंतु दोनों के बीच सड़क कनेक्टिविटी ठीक न होने के कारण पर्यटन उद्योग को दिन प्रतिदिन बढ़ते नुक्सान का सामना करना पड़ रहा है। पर्यटन उद्योग दोनों ही पर्यटन स्थलों में स्थानीय रोज़गार संभावनाओं व आजीविकाओं का प्रमुख कारण भी है। मनीष ने कहा की यदि हिमाचल प्रदेश सरकार डलहौज़ी धर्मशाला फोर लेन को स्वीकृति देती है तो इस से न केवल डलहौजी व धर्मशाला का बल्कि भट्टियात व शाहपुर विधानसभा क्षेत्रों का भी विकास होगा। मनीष ने कहा की वे माननीय मुख्यमंत्री से आग्रह करते हैं की विधानसभा के शीत सत्र में विधानसभा के पटल पर डलहौजी धर्मशाला फोर लेन परियोजना पर चर्चा की जाए व प्रदेश सरकार प्राथमिकता के आधार पर इस परियोजना को मंजूरी दे व शीघ्र अति शीघ्र काम शुरू करवाया जाए।( अनंत ज्ञान)

## कोलकाता में दिखे चंबा के धार्मिक स्थल

चंबा। चलो चंबा अभियान को पर्यटन गांधी आफ इंडिया राज बासू व एक्ट संस्था का साथ हासिल होने से एक नई पहचान मिली है। साथ ही हिमालयी देशों की ओर से भी इस अभियान को समर्थन दिया गया है। ऐसे में चलो चंबा अभियान एक बडे नेटवर्क का हिस्सा बन गया है।

हाल ही में कोलकाता में छठे हिमालयन आरेंज टूरिज्म फेस्टिवल (एचओटीएफ) 2024 का आयोजन किया गया। इसमें देश व विदेश के पर्यटन को दर्शाते 50 स्टाल लगाए गए थे। 50 स्टाल पर करीब 700 प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र के पर्यटन के बारे में लोगों को जानकारी दी। इस फेस्टिवल में चलो चंबा अभियान का स्टाल नाट आन मैप संस्था की ओर से लगाया गया था।

# प्रधानमंत्री से मिले राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन, चंबा के नए एनएच की रखी मांग

ओपी शर्मा, चंबा

आज के खास दिन हर्ष महाजन सांसद सदस्य राज्यसभा ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक खास शिष्टाचार भेंट की जिसमें राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने आकांक्षी जिला चंबा तीसा पांगी किश्तवाड़ को लेकर एक नया नेशनल हाईवे (एनएच) बनाने हेतु मांग रखी।

इस मांग पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विस्तार पूर्वक चर्चा भी की बता दें कि सुरक्षा की दृष्टि से अगर केंद्र से इस मार्ग को पूर्ण रूप से स्वीकृति मिल जाती है तो जहां हिमाचल पर्यटन को नए आयाम मिलेंगे तो वही सुरक्षा की दृष्टि से भी यह रास्ता अपने आप में देश की



सुरक्षा को और ज्यादा मजबूत करेगा बता दे यह रास्ता पठानकोट से तीसा होते हुए लेह लद्दाख तथा कश्मीर को भी जोड़ेगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेंद्र मोदी ने सांसद हर्ष कुमार को आज उनके जन्म दिवस पर शुभकामनाएं दी और इस मांग के लिए भी उन्हें आश्वस्त किया। (अनंत ज्ञान)

### सूडोकु 0014 (कठिनतम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0013 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

13 दिसंबर, 2024, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** मार्गशीर्ष, **तिथि** त्रयोदशी (07:42): **नक्षत्र** भरणी (07:50), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** शिव (11:53) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:54-12:36), **राहुकाल** (10:57 -12:15)।

### विशेष दिन

- 13 दिसम्बर 2024 : प्रदोष व्रत आज।
- 13 दिसंबर : अनंग त्रयोदशी व्रत आज।

**मेष:** घर के माहौल में सुधार हो सकता है। पति-पत्नी के संबंधों में मधुरता आएगी। काम-धंधा और नौकरी भी बेहतर स्थिति में पहुंच जाएगी।

**वृषभ:** कोई महत्वपूर्ण इंसान आपकी खासियत को पहचान लेगा। आपको मदद मिलती रहेगी। माता से प्रेम बढ़ेगा। सहयोग भी मिलेगा।

**मिथुन:** पुरानी समस्या खत्म हो सकती है। विवाद में आपको बीच-बचाव करना पड़ सकता है। प्रतिभा चरम पर होगी और आप कोई बड़ा काम कर सकते हैं।

**कर्क:** अपनी बात पर डटे रहें। परिस्थितियां आपके फेवर में हो सकती हैं। जो काम करने का मन है, वह समय पर हो सकता है।

**सिंह :** उत्साह के साथ आपके काम पूरे हो जाएंगे। सफलता मिल सकती है। लोगों का मन और मूड समझकर काम करेंगे तो सफल हो सकते हैं।

**कन्या :** कन्या राशि वालों का समय ठीक है। आप अपना टैलेंट भी दिखा सकते हैं। कोई बड़ी समस्या सुलझाने की जिम्मेदारी आपको मिल सकती है।

**तुला:** दिन के शुरुआती समय में बड़े फायदे का कोई काम या सौदा आपके सामने आ सकता है। बड़ी जरूरत पर कोई न कोई मदद मिल सकती है।

**वृश्चिक:** धैर्य और संयम रखें। दौड़-भाग भी बढ़ सकती है। सकारात्मक फल आपको मिल सकता है। पैसों की व्यवस्था करने की कोशिश करेंगे ।

**धनु :** आप जैसे हैं, वैसे ही रहें। किस्मत का साथ भी आपको मिल सकता है। आपका आत्मविश्वास बढ़ सकता है। कई तरह की बातें दिमाग में चलती रहेंगी।

**मकर :** रूटीन लाइफ में कुछ बदलाव लाने की कोशिश करें तो आपको अच्छा लगेगा। पुराने दोस्त और रिश्तेदारों से बातचीत होने के योग हैं।

**कुंभ :** रोजमर्रा के काम समय से पूरे हो जाएंगे। पार्टनर से भी सहयोग मिल सकता है। किसी काम के लिए सीमा तय करें और खुद पर कंट्रोल करें।

**मीन :** बड़े काम के लिए शांति से कोई फैसला लें तो आपके लिए अच्छा रहेगा। किसी नजदीकी दोस्त से खुली बात करें तो आपको राहत मिल सकती है।

## हिमाचल सरकार ने नहीं दी एक भी नौकरी : शेर सिंह

अनंत ज्ञान, पधर

कांग्रेस सरकार ने अगर इन दो वर्षों में एक भी कार्य पूरा किया होता तो दो साल का जश्न मनाने की बात होती लेकिन एक भी कार्य न करने के बाद भी प्रदेश सरकार जश्न मना रही है जो लोगों के साथ धोखा है। यह बात द्रंग भाजपा के उपाध्यक्ष शेर सिंह ठाकुर ने कही।

उन्होंने कहा कि बिलासपुर में हुई रैली में प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को खूब लताड़ा जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि प्रदेश सरकार अपने ही कर्मचारियों से खुश नही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने सत्ता में आने के लिए बेरोजगार युबाओं से हर साल एक लाख नौकरी देने का वादा किया था लेकिन आज तक एक भी पक्की नौकरी बेरोजगारों को नही दे पाई और बेरोजगार हड़ताल में बैठेने को मजबूर हो गए है। जयराम सरकार ने जिन योजनाओं के शिलान्यास किए थे आज उन पर प्रदेश सरकार अपने नाम का बोर्ड लगा रही है।

# गांव बालू में दो नए पुलों पर लगी लाइटें बनी शोपीस

अनंत ज्ञान, चंबा

जिला मुख्यालय के साथ लगते गांव बालू में नए निर्मित बालू पुल के दोनों तरफ लगी लिए शोपीस मात्र है स्थानीय लोगों की माने तो जब से यह पल निर्मित हुआ है तब यह लाइटें चंद रोज़ जगमग तो जरूर हुई किंतु मात्र 10 दिनों बाद ही यह लिए पूर्णता बंद हो गई और जो आज तक बंद ही पड़ी हुई है।

लोगों ने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि कई बार कुछ शरारती कर चालक रात के अंधेरे में अपनी गाड़ियां पुल के बीचो-बीच खड़ी कर जोर-जोर से म्यूजिक सिस्टम ऑन कर हुड़दंग बाजी करते हैं इस बारे में कई बार स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन को भी शिकायत की किंतु आज तक इस पर कोई कार्रवाई की गई और ना ही इन लाइटों पर ही गौर की गई अगर पल के दोनों और यह लिए जली हो तो शायद कोई इस तरह की हिमाकत करने से पहले जरूर सोचेगा।

बताते चले की न 154 ए को तीसा- साहू मुख्य मार्ग को जोड़ने वाला यह पुल अपने आप में ही अहमियत रखता है और अगर इसके दोनों और लाइट जगमग जागेगी तो चंबा शहर की खूबसूरती में और चार चांद लगेंगे।

बालू एवं परेल पंचायत के प्रधानो ने स्थानीय प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि जल्द से जल्द इस पुल के दोनों और बंद पड़ी लाइटों को चालू किया जाए ताकि स्थानीय ग्राम वासियों एवं रात के अंधेरे में गाड़ी पकड़ने वालों को किसी तरह की कोई परेशानी का सामना न उठाना पड़े।

# वीरता की प्रतिमूर्ति थे जनरल जोरावर सिंह : ललित कुमार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

सरदार पटेल विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि जनरल जोरावर सिंह के अदम्य साहस पराक्रम व वीरता के परिणाम स्वरूप ही लद्दाख जम्मू कश्मीर राज्य का अंग बना व आज भारतीय गणराज्य का अंग है।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ व इतिहास विभाग एवं मंडीपीडिया डॉट कॉम के संयुक्त तत्वावधान से जनरल जोरावर सिंह की 183वीं पुण्यतिथि अवसर पर पुण्यतिथि एवं पुस्तक विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आचार्य ललित कुमार अवस्थी कुलपति सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के मुख्य



अतिथि व कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य अनुपमा सिंह प्रति कुलपति ने की। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गंगा राम राजी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अपने संबोधन में आचार्य ललित अवस्थी ने कहा कि जनरल जोरावर सिंह सर्वोच्च उत्सर्ग और बलिदान की मिसाल कायम करने वालों में शिरोमणि हैं जिसकी कोई और मिसाल भारतीय इतिहास में नहीं मिलती। वे 12 दिसंबर 1841 को युद्धक्षेत्र में अदम्य साहस पराक्रम व वीरता से लड़ते हुए वीर गति को प्राप्त हुए। भारत के इस महान सपूत के योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग एवं शोधार्थियों का आह्वान किया कि जनरल जोरावर सिंह की तरह किसी अन्य योद्धा पर पुस्तक का प्रकाशन करे। उन्होंने जनरल जोरावर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

वहीं पर कार्यक्रम संयोजक एवं सहायक आचार्य इतिहास डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने जनरल जोरावर सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार रखे। मुख्य अतिथि ने विनोद बहल द्वारा लिखित मंडयाली बोली में लिखी मंदरा मंदरा आस्सा जाणा पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक के बारे में उन्होंने कहा कि विनोद बहल द्वारा लिखित मंदरा मंदरा आस्सा जाणा मंड्याली गीत संग्रह पुस्तक क्षेत्रीय भाषा और लोकधुनों को संरक्षित करने का एक अद्भुत प्रयास है। इस संग्रह के माध्यम से न केवल मंडयाली लोकगीतों का संरक्षण होगा बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का माध्यम भी मिलेगा।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. गंगा राम राजी ने पुस्तक समीक्षा प्रस्तुत की ।

### इन्हें किया सम्मानित

उपलक्ष्य पर आचार्य अनुपमा सिंह, डॉ. पवन वैद्य व विनोद बहल ने भी विचार रखे। मुख्यातिथि ने इस अवसर पर मंडीपीडिया की और से ओल्ड ब्वायज बैंड से जुड़े उमेश भारद्वाज, रामपाल शर्मा, रविकांत कपूर, विनोद चौधरी, महेंदर पाल वैद्य, नित्यदरशी वैद्य व अन्य नीरज शर्मा, अनिल शर्मा व डॉ. राकेश कुमार शर्मा को सम्मानित किया।

कृष्णा टंडन, बीरबल शर्मा, रमन बिष्ट, सुनीता बहल के अलावा इंटैक मंडी चैप्टर के सदस्य इंदु शर्मा, हेमंत शर्मा, गजेंद्र बहल, निशि टंडन, राजीव कुमार,निशी कपूर, अजय सहगल, हरीश कुमार, ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन मंडी के महासचिव संतोष कुमार व अध्यक्ष अनिल शर्मा आदि मौजूद थे।

कर्म वह आईना है जो हमारा स्वरूप हमें दिखा देता है। अत: हमें कर्म का एहसानमंद होना चाहिए। -विनोबा भावे

## संपादकीय

# धार्मिक संरचनाओं के महत्व

सर्वोच्च न्यायालय ने देशभर की ट्रायल अदालतों को मौजूदा धार्मिक ढांचों के धार्मिक चरित्र को लेकर दायर मुकदमों में कोई प्रभावी आदेश या सर्वेक्षण पारित न करने का निर्देश देकर एक किस्म से धार्मिक संरचनाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का काम किया है। यह आदेश कई मायनों में सही प्रतीत होता है, क्योंकि देशभर में ज्यादातर मामले धार्मिक ढांचों को लेकर विवादास्पद होते हैं। इन मामलों का जितनी जल्दी निपटारा हो जाए उतना ही ठीक रहता है। धर्म के नाम पर लड़ाई अनुचित होती है। धर्म का उद्देश्य मानवता को एकजुट करना होता है, जिससे सभी लोगों में भ्रातृभाव बना रहे। धर्म शांति और सौहार्द को बढ़ावा देता है न कि लड़ाई-झगड़े को। कई बार लोग अपने धर्म को दूसरों से श्रेष्ठ मानते हैं और दूसरों के धर्म का अपमान करते हैं जो किसी भी सूरत में अच्छी बात नहीं होती। जब राजनेता धर्म का उपयोग अपने राजनीतिक हितों को बढ़ावा देने के लिए करते हैं तो उससे निश्चित रूप से स्थिति बिगड़ती ही है। धर्म के नाम पर लड़ाई के परिणाम बहुत हानिकारक हो सकते हैं।

धर्म के नाम पर लड़ाई में मानव जीवन की हानि हो सकती है इसके अलावा धर्म के नाम पर लड़ाई सामाजिक विभाजन को बढ़ावा दे सकती है। ऐसी लड़ाई आर्थिक नुकसान का कारण भी बन सकती है इसलिए, धर्म के नाम पर लड़ाई को रोकने के लिए हमें कदम उठाने चाहिए। हमें धार्मिक सहिष्णुता को बढ़ावा देना चाहिए और दूसरों के धर्म का सम्मान करना चाहिए। शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से लोगों को धर्म के नाम पर लड़ाई के हानिकारक परिणामों के बारे में बताना चाहिए। राजनीतिक नेताओं को धर्म के नाम पर लड़ाई को बढ़ावा देने से बचना चाहिए और इसके बजाय शांति और सौहार्द को बढ़ावा देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अदालतों को धार्मिक संरचनाओं के खिलाफ लंबित मुकदमों में अंतिम या सर्वेक्षण आदेश पारित करने से रोकर बेहद सराहनीय काम किया है। धार्मिक संरचनाओं के लिए यह आदेश वाकई कई मायनों में महत्वपूर्ण कदम है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि धार्मिक संरचनाओं के खिलाफ कोई भी आदेश या कार्रवाई सावधानी से और उचित प्रक्रिया के माध्यम से की जाए। इस आदेश से न्यायिक प्रक्रिया का पालन जरूरी हो गया। यह आदेश न्यायिक प्रक्रिया का पालन करने के लिए भी एक संदेश है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि अदालतें अपने आदेशों और कार्रवाइयों में उचित प्रक्रिया का पालन करें। धार्मिक संवेदनशीलता एक बहुत जटिल मुद्दा है। यह आदेश धार्मिक संवेदनशीलता के महत्व को भी रेखांकित करता है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि धार्मिक संरचनाओं के साथ कोई भी कार्रवाई या आदेश धार्मिक संवेदनशीलता के साथ किया जाए। इन मायनों से सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश एक महत्वपूर्ण कदम है जो धार्मिक संरचनाओं की सुरक्षा, न्यायिक प्रक्रिया का पालन, और धार्मिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देता है। 1991 का पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम स्पष्ट रूप से ऐसे मुकदमों को शुरू करने पर रोक लगाता है और जब तक 1991 के कानून की वैधता पर निर्णय नहीं हो जाता, तब तक इस पर आगे नहीं बढ़ा जा सकता।

अयोध्या मामले में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने भी इस बात की पुष्टि की थी। सुप्रीम कोर्ट इससे पहले भी कई अहम निर्णय सुना चुकाह है। केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बेसिक स्ट्रक्चर डॉक्ट्रिन को प्रतिपादित किया, जिसके अनुसार संविधान के मूल ढांचे में संशोधन नहीं किया जा सकता है। बिजो इमैनुएल बनाम केरल राज्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि बच्चों को राष्ट्रगान गाने के लिए मजबूर करना उनके धर्म के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। मेनका गांधी बनाम भारत संघ मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार की व्याख्या की। रोमेश थापर बनाम मद्रास राज्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भाषण की स्वतंत्रता के अधिकार की व्याख्या की। इन निर्णयों के अलावा, सुप्रीम कोर्ट ने कई अन्य महत्वपूर्ण मामलों में भी निर्णय सुनाए हैं, जिनमें जस्टिस केएस पुट्टस्वामी बनाम भारत संघ, बंधुआ मुक्ति मोर्चा बनाम भारत संघ, और एसपी गुप्ता बनाम प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया शामिल हैं। बहरहाल हमें सुप्रीम कोर्ट के ताजा निर्णय का पालन करना चाहिए ताकि समाज में वैमनस्य न फैले। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री

**मनोहर** पर्रीकर गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री थे। वह भारत के रक्षामंत्री भी रहे। उत्तर प्रदेश से वह राज्य सभा के सांसद भी रह चुके थे। उन्होंने सन 1978 में आईआईटी मुंबई से स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। भारत के किसी भी राज्य के मुख्यमंत्री बनने वाले मनोहर पर्रीकर पहले ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने आईआईटी से स्नातक किया। उन्हें 2001 में आईआईटी मुंबई द्वारा 'विशिष्ट भूतपूर्व छात्र' की उपाधि भी प्रदान की गयी थी। मनोहर पर्रीकर चार बार गोवा के मुख्यमंत्री रहे। मनोहर पर्रीकर का पूरा नाम 'मनोहर गोपालकृष्ण प्रभु पर्रीकर' है। इनका जन्म गोवा के मापुसा में हुआ। उन्होंने अपने स्कूल की शिक्षा मारगाव में पूरी की। इसके बाद आईआईटी मुंबई से इंजीनियरिंग और 1978 में ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी की। पर्रिकर के दो बेटे उत्पल और अभिजात हैं। अभिजात गोवा में ही अपना बिजनेस चलाते हैं तो बेटे उत्पल ने अमेरिका से इंजीनियरिंग की डिग्री ली है। पर्रिकर की पत्नी मेधा अब इस दुनिया में नहीं हैं। 2001 में उनकी पत्नी का कैंसर के चलते निधन हो गया था। संघ में रहते और उनकी काबिलियत को देखते हुए महज 26 साल की उम्र में ही उन्हें गोवा का संघ संचालक बना दिया गया था। ये पर्रिकर की काबिलियत और सादगी ही थी जिससे प्रभावित होकर मोदी ने उन्हें गोवा से बुलाकर रक्षा मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी थी। मोदी पर्रिकर की एडमिनिस्ट्रेटिव और ऑर्गनाइजेशन स्किल के कायल हैं। मनोहर पर्रिकर कई महीनों से कैंसर से परेशान होने के बावजूद गोवा के मुख्यमंत्री पद का कार्यभार संभाल रहे थे। 17 मार्च, 2019 की शाम को पहले उनके स्वास्थ्य खराब होने की बात सामने आई, लेकिन थोड़ी देर बाद उनकी मृत्यु की पुष्टि कर दी गई। ■



मनोहर पर्रीकर
जन्म : 13 दिसंबर, 1955
मृत्यु : 17 मार्च, 2019

## कविता: करो विचार



राकेश डोगरा

*जिसे आप अपना कहते हो,*
*खुद से भी ज्यादा चाहते हो।*
*अंत समय सब यहीं रहेगा,*
*साथ चलूं न कोई कहेगा।*
*संग होगा तेरा व्यवहार,*
*गहरे मन से करो विचार।*
*कर्म किए जा फल को छोड़,*
*सद्कर्मों से नाता जोड़।*
*उसके घर में नहीं अंधेर,*
*धीरज धर है थोड़ी देर।*
*'राकेश' मन में जोत जला तू,*
*उससे सच्ची प्रीत लगा तू।*
*वही हैं तेरे पालनहार,*
*गहरे मन से करो विचार।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# हिंदुओं को इग्नोर करने वाले नेताओं को बदलनी होगी अपनी सोच

बांग्लादेश में हिंदुओं, बौद्ध सहित अन्य अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को जलाया व मारा जा रहा है। उनकी संपत्तियां लूटी जा रही हैं। माताओं व बहनों की इज्जत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। मंजर ऐसा है कि किसी की भी रूह कांप जाए। बांग्लादेश में जो हो रहा है उसके सामने यूपी के संभल में जो कुछ हुआ कोई मायने नहीं रखता है। हाल में बहराइच में हुई हिंसा भी बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार के सामने काफी छोटी नजर आती है, क्योंकि संभल हो या बहराइच की हिंसा दोनों ही को विपक्ष कुछ ज्यादा ही बढ़ा-चढ़ाकर हंगामा खड़ा कर रखा है। संभल और बहराइच पर जितना बवाल गांधी परिवार और अखिलेश यादव मचा रहे हैं उतनी ही चुप्पी वह बांग्लादेश में हिंदुओं और दलितों के साथ हो रहे खून खराबे को लेकर साधे हुए हैं। अखिलेश के पीडीए में पिछड़ा-दलित और अल्पसंख्यकों की बात जरूर की जाती है, लेकिन हकीकत यही है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव मुस्लिम वोट बैंक के आगे किसी को तरजीह नहीं देते हैं।

अखिलेश दलितों और पिछड़ों की बात सिर्फ इस वर्ग के वोटरों को गुमराह करने के लिए करते हैं। इसी तरह से दलितों और पिछड़ों को इंसाफ दिलाने के लिए कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और उनकी टीम जातिगत जनगणना कराए जाने के लिए हाय-तौबा तो करती है, लेकिन उनका भी इससे कोई लेनादेना नहीं है। उनको भी सिर्फ मुस्लिम वोट बैंक नजर आता है दरअसल, समाजवादी पार्टी और कांग्रेस दोनों ही मुस्लिम वोट बैंक पर कब्जेदारी के चक्कर में एक-दूसरे के साथ-साथ(इंडिया गठबंधन में शामिल दोनों दल) होते हुए भी सियासी दुश्मन बनते जा रहे हैं। मुस्लिम वोट बैंक की खातिर यूपी में राहुल गांधी सपा प्रमुख की कंधे पर चढ़कर उनकी पीठ में 'छूरा' भोंकने की कोशिश कर रहे हैं तो अखिलेश यादव जिन्होंने भी नेताजी मुलायम सिंह के बाद मुस्लिम वोटरों को अपने जाल में फांस रखा है वह मुस्लिम वोटरों पर अपनी पकड़ कतई ढीली करने को तैयार नहीं है। इसी के चलते यूपी में राहुल गांधी और अखिलेश यादव की राह जुदा होती जा रही है।





लेखक : संजय सक्सेना
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इसी साल हुए लोकसभा चुनाव की बात हो या फिर हाल में संपन्न नौ विधानसभा सीटों की, दोनों ही बार अखिलेश ने कांग्रेस के साथ होते हुए भी उससे दूरी बनाए रखी। लोकसभा चुनाव में तो अखिलेश ने गठबंधन का धर्म निभाते हुए कुछ सीटें कांग्रेस के लिए छोड़ भी दी थीं, लेकिन उपचुनाव में तो कांग्रेस को एक भी सीट नहीं दी आलम यह है कि जब संभल में हुई हिंसा के बाद राहुल गांधी ने वहां जाने का कार्यक्रम बनाया तो समाजवादी पार्टी के महासचिव और अखिलेश के चचा रामगोपाल यादव इसे राहुल की नौटंकी करार दे दिया। इसको लेकर कांग्रेस और सपा के नेताओं के बीच एक-दूसरे के खिलाफ खूब बयानबाजी हुई, लेकिन रामगोपाल यादव की बात सच थी। इस बात का अहसास जल्द हो भी गया। ऐसा इसलिए था क्योंकि राहुल गांधी और उनकी नई-नई सांसद बहन प्रियंका वाड्रा को जब लोकसभा में संभल के पीड़ितों की आवाज उठाने का मौका मिला तो इन दोनों (राहुल-प्रियंका) के साथ-साथ पूरी कांग्रेस अडानी-अडानी करती रह गई।

कांग्रेस के इन दिग्गज नेताओं ने एक भी शब्द संभल हिंसा को लेकर नहीं बोला। बांग्लादेश में हिंदुओं और खासकर दलितों के खून खराबे को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं की चुप्पी न तो बीजेपी को रास आई न ही बसपा सुप्रीमो मायावती को यह बर्दाश्त हुआ। योगी बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है उससे कुछ ज्यादा ही दुखी हैं। वह राहुल और अखिलेश जैसे नेताओं का नाम लिए बिना सवाल करते हैं 'आज कुछ लोग समाज को धोखा दे रहे हैं। वे ही लोग समाज में झूठ फैला रहे हैं। हैदराबाद के निजाम और उनके रजाकारों की ओर से जब दलितों के गांव जलाए जा रहे थे, तब भी वे चुप थें उस दौरान उनका शोषण हो रहा था। तब भी बाबा अंबेडकर ने खुला पत्र लिखा था कि निजाम की रियासत के सभी दलित रियासत को छोड़कर महाराष्ट्र चले जाएं, लेकिन अपना धर्म और मत न बदलें।

पड़ोसी मुल्कों में अल्पसंख्यक हिंदुओं की घटती आबादी पर सीएम योगी ने कहा कि साल 1947 में पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं की बड़ी तादाद में आबादी रहती थी। बांग्लादेश में साल 1971 तक 22 फीसदी हिंदू रहा करते थे, लेकिन आज उनकी संख्या 6 से 8 फीसदी ही रह गई है। योगी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा, 'जो लोग हमेशा दलितों को अपना वोट बैंक बना कर उनका शोषण करते आए हैं, वे आज बांग्लादेश की घटना पर मौन हैं, उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकल रहा। वे सच को स्वीकार नहीं कर सकते और न ही सच बोल सकते हैं। सिर्फ संविधान की प्रति दिखाकर ढोंग कर रहे हैं। उन्हें बाबा साहेब के मूल्यों से कोई लेना-देना ही नहीं है। ऐसे ही आरोप बसपा सुप्रीमो मायावती भी लगा रही हैं। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की घटनाओं को लेकर विपक्षी दलों को घेरा और पूछा कि मुख्य विपक्ष दल होने के बाद भी कांग्रेस और सपा इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं ? ये दोनों दल सिर्फ मुस्लिम वोटरों को साधने के लिए सिर्फ संभल हिंसा की बात कर मुस्लिम समाज को लड़वा रही हैं। मायावती ने मांग की केंद्र सरकार को बांग्लादेश के दलितों को भारत लाना चाहिए।

बसपा सुप्रीमो ने कहा कि संसद चल रही है और विपक्षी दल देश और यहां के जनहित के मुद्दे न उठाकर अपने राजनीतिक स्वार्थ में संभल में हुई हिंसा की आड़ में खासकर सपा और कांग्रेस पार्टी मुस्लिम वोट को रिझाने में लगी हुईं हैं। इन्हें बाकी मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं है, उन्होंने आरोप लगाया कि ये दल मुस्लिम समाज को भी तुर्क और नॉन तुर्क को आपस में लड़ा रही है, जिससे मुस्लिम समाज को भी सतर्क रहना है। कई दलों के नेता तो बांग्लादेश में हो रही हिंसा को लेकर चुप्पी साध रहे हैं, इसके अलावा मुस्लिम संगठन भी बांग्लादेश की हिंसा मुखर नजर नहीं आ रहे हैं, इसी के चलते भारतीय जनता पार्टी नेता शाहनवाज हुसैन देश के मुस्लिम संगठनों को लानत-मलानत भेज रहे हैं। उन्होंने कहा,' बांग्लादेश में जिस तरह अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ जुल्म और ज्यादती हो रही है। उन पर जुल्म की सभी सीमाएं पार कर दी गईं। उस पर भारत सरकार की पूरी नजर है, लेकिन बांग्लादेश में हिंदुओं पर जो अत्याचार हो रहा है, धार्मिक स्थल जलाए जा रहे हैं, धर्म गुरुओं को मारा-पीटा जा रहा है, उस पर मुस्लिम संगठनों के लोग चुप हैं। शाहनवाज ने कहा, अगर फिलिस्तीन या ईरान में मुस्लिमों के साथ कुछ होता है, तो ये लोग प्रदर्शन करते हैं, लेकिन बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है, वे मारे-काटे जा रहे हैं, लेकिन उलेमाओं की जुबान खुल ही नहीं रही है। वह कुछ बोल ही नहीं रहे हैं। पूरी दुनिया में अल्पसंख्यकों को कैसे रखा जाता है, उसके लिए आदर्श देश भारत है। अल्पसंख्यकों के लिए भारत से अच्छा कोई देश नहीं हो सकता। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की क्या हालत कर दी गई। पूरे मुस्लिम समुदाय को खुलकर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर मार्च निकालना चाहिए, लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है।'

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# बेरोजगारी युवाओं को दीमक बन चाट रही

बढ़ती बेरोजगारी शिक्षित युवाओं को दीमक की तरह चाटती जा रही है। जनसंख्या अनुसार रोजगार के अवसर जितने सृजित किए जाने की आवश्यकता है, उतने नहीं हो पा रहे हैं। नतीजतन युवा वर्ग बेरोजगारी की चक्की में पिसकर अपने लक्ष्यों से भटकता जा रहा है। युवा देश की रीढ़ है, जिन्हें राष्ट्र और समाज के पुनर्निर्माण के लिए अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभानी होती है। मगर आजकल की शिक्षा अपने उद्देश्यों पर फिलहाल सही नहीं उतर पा रही है जिसकी वजह से युवा वर्ग आहत और निराश बनकर रह चुका है।

ऐसी शिक्षा ग्रहण करने का क्या औचित्य जो युवाओं को नशे की गर्त में धकेलकर अपराधी बनने के लिए मजबूर कर रही हो। शिक्षा के दो मूल उद्देश्य होते हैं जिसमें एक तो शिक्षित बनकर आजीविका से जुड़ना है, दूसरा राष्ट्र और समाज के लिए अपनी जिम्मेदारियां बखूबी निभाना है। युवाओं को अब जरूरत अत्यधिक नैतिक शिक्षा ग्रहण करने की है जिसके चलते उनका संपूर्ण व्यक्तित्व विकास संभव हो पाए। आज का युवा सिर्फ किताबों तक ही सीमित होकर दूसरी खेलकूद-सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले पा रहा है। भयावह बेरोजगारी की वजह से एक शिक्षित बेरोजगार सिर्फ पत्थरबाजी करने के लिए ही मजबूर नहीं हुआ, बल्कि नशों की लत में फंसकर अपने भविष्य से भी खिलवाड़ करता जा रहा है।



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर



चुनावी समर में बेरोजगारी को खत्म करने का एजेंडा हर राजनीतिक दल के मैनिफेस्टो में शामिल होता है। चुनावों के बाद कोई भी राजनीतिक दल अब तक युवाओं से किए गए वायदों पर खरा नहीं उतर पाया है। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित किए जाने की बजाय सरकारें उन्हें चंद रुपए के भत्ते देने के नाम पर उनका मजाक उड़ाती रही हैं। भत्ते के नाम पर मिलने वाली यह खैरात युवाओं के मनोबल को भी गिरा सकती है, इस पर गौर करना होगा।

हिमाचल प्रदेश में बेरोजगार युवाओं का आंकड़ा करीब बारह लाख तक पहुंच गया है। सरकार को बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए माकूल प्रयास करने की जरूरत है। बेरोजगार युवा नेताओं के हाथ की कठपुतली बनकर अपने भविष्य को दांव पर लगाने को मजबूर हैं। राजनीतिक दलों ने चुनावों में अपनी नैया पार लगाने के लिए युवाओं को कई पदों पर मनोनीत किए जाने का सिलसिला शुरू कर रखा हुआ है। आपराधिक दर में इजाफा हो रहा है, तो कहीं न कहीं नेताओं की मिलीभगत का ही नतीजा है।

बेरोजगारी से आहत युवा अक्सर नेताओं की चमचागिरी करके रातोंरात धनाढ्य बनने के लिए कई तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। राजनीति की आड़ में ही लोग गैर कानूनी धंधों को अंजाम देकर कानून की खिल्ली उड़ाते जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश देवभूमि के नाम से विख्यात होने के बावजूद आज ड्रग्ज-चिट्टे की बिक्री का प्रमुख अड्डा बनकर उभर रहा है। बेरोजगारी से पीड़ित युवा नशीले पदार्थों जैसे चरस, चिट्टा, शराब और नशीले कैप्सूलों की बिक्री को अपनी आय का प्रमुख साधन बनाते जा रहे हैं। देवभूमि के हालात आज इस कदर बदतर हो चुके हैं कि इस जहर की तस्करी में महिलाएं, लड़कियां और नाबालिग स्कूली छात्रों का शामिल होना शर्मनाक है। सरकारों को अब बेरोजगारी पर अंकुश लगाने के लिए सरकारी विभागों में खाली चल रहे पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू करके युवाओं को रोजगार से जोड़ने की पहल करनी होगी। कोरोनाकाल में बेरोजगारी ने भयावह रूप धारण कर लिया है। नतीजतन निजी क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों की छंटनी लगातार जारी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**बांग्लादेश** के हालिया घटनाक्रमों पर नजर डालें, तो ये बात बिलकुल स्पष्ट हो जाती है। एक दुखांत घटनाक्रम ने तब 1947 में 14 अगस्त को मजहब के नाम पर एक नए मुल्क का निर्माण किया गया था, तब एक बड़ी आबादी को इस दौरान उजड़ना पड़ा था। बहुसंख्यक मुस्लिम जहां स्वेच्छा से अपने नए मुल्क के लिए निकले वहीं पूर्वी बंगाल के हिंदुओं के लिए ये मुश्किलों भरा रहा। दरअसल, बांग्लादेश में जहां सन 1947 तक 40 फीसद से कहीं अधिक हिंदू जनसंख्या निवास कर रही थी। यहां के सभी 65 जिलों में हिंदू आबादी निवास करती है। इन कारणों का विचार करें, तो वर्तमान का बांग्लादेश जिस भूमि पर अवस्थित है वो अतीत के कई भारतीय रजवाड़ों की भूमि से मिलकर बना है। इससे असम के अहोम, मेघालय के जयंतिया और त्रिपुरा के त्रिपुरी हिंदू राजशाही का भी कुछ हिस्सा रहा है। **राजेश, भड़वाल**

# शिमला लोकसभा क्षेत्र में भी होना चाहिए सांसद खेल महाकुंभ जैसा आयोजन

जिस खेल के माध्यम से हर प्रतिभाशाली युवा अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं बेहतर बना सकता है, अगर हर युवा को उचित मंच एवं समय पर अवसर मिले तो, आज हम खेल क्षेत्र के परिप्रेक्ष्य में कुछ विश्लेषक एवं चर्चा करने का प्रयास करेंगे, जिस प्रकार हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र में वर्तमान सांसद एवं पूर्व में केंद्रीय खेल एवं सूचना प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने पिछले अनेक वर्षों से अपने लोकसभा चुनाव क्षेत्र में खेल के माध्यम से मानों एक अलग पहचान राज्य में ही नहीं, बल्कि देश-भर में भी स्थापित की है, जो हिमाचल प्रदेश जैसे छोटे राज्य के लिए गर्व का विषय माना जाता है।

जिस प्रकार दशकों से अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में अपने लोकसभा चुनाव क्षेत्र में (सांसद खेल महाकुंभ) जैसे सराहनीय एवं बेहतरीन खेल आयोजन युवाओं के लिए प्रदान कर रहे हैं, जिसमें क्रिकेट, कब्बड्डी, वालीबाल, एथलीट, इत्यादि अनेक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करवा रहे हैं, जिन प्रतियोगिताओं में हजारों युवा हर वर्ष अपनी मौजूदगी दर्ज करवाते है, और साथ ही इन कार्यक्रमों का शुभारंभ हर वर्ष अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के द्वारा किया जाता है, जो कि हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के युवाओं को एक नई ऊर्जा और भविष्य को संवारने का सुनहरा अवसर प्राप्त हो रहा है।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

अनुराग सिंह ठाकुर ने अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से अपने लोकसभा क्षेत्र में युवाओं को खेल के माध्यम से, तो बच्चों एवं छात्र- छात्राओं को देश-भर के तीर्थस्थलों, रमणीक स्थलों देश की राजधानी इत्यादि का भ्रमण करवाने इत्यादि जहां अनेक जानकारियां प्रदान करवाए रहे हैं। बड़े बुजुर्ग और जनप्रतिनिधियों को भी समय-समय पर देशभर एवं विदेशों तक भ्रमण एवं बहुमूल्य जानकारियां लेने के लिए भेजने का प्रयास कर रहे हैं, इस प्रकार लोकसभा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर एक युवा लोकप्रिय सांसद के रूप में प्रदेशभर में जाने जाते हैं।



दूसरी ओर सोचने और समझने की परम् आवश्यकता है कि अगर हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र में इतने बेहतरीन खेल आयोजन हो सकते हैं, तो फिर शिमला लोकसभा क्षेत्र में क्यों नहीं। इस प्रकार आज हम सभी शिमला लोकसभा क्षेत्र के युवाओं को भी शिमला लोकसभा सांसद श्री सुरेश कश्यप से निवेदन एवं सुझाव देना चाहेंगे कि वह भी सांसद खेल महाकुंभ हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र की तरह ही शिमला लोकसभा क्षेत्र में भी इस प्रकार के खेल कार्यकमों को करवाने का प्रयास करें, तो वहीं हम सभी युवा राजनीति से ऊपर उठकर सांसद महोदय से निवेदन करते हैं कि भविष्य में हमारे शिमला लोकसभा क्षेत्र में भी सांसद खेल महाकुंभ जैसे बेहतरीन खेल कार्यक्रम भविष्य में करवाने का प्रयास करें, जिस खेल के माध्यम से हम शारीरिक एवं मानसिक रूप से सक्षम एवं उज्ज्वल भविष्य की और बढ़ सकते हैं, अगर हमारे क्षेत्रों में इस प्रकार के खेल कार्यकमों का प्रयास हमारे वर्तमान सांसद एवं विधायक करने का प्रयास करें, तो वहीं हम सभी का भी नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम सभी राजनीति से ऊपर उठकर किसी न किसी माध्यम से आवाज बुलंद करने का प्रयास करें, जो शायद जागरूकता और शिक्षित होने का भी परिचय करवाता है। इस प्रकार हम सभी को अन्य क्षेत्रों की तर्ज पर ही सुविधाएं एवं उचित मंच मिलें ऐसी उम्मीद और आशा करते हैं।

यह सब शायद तभी मुमकिन है जब हम निजी स्वार्थ और व्यक्तिगत जीवन से ऊपर उठकर समाजहित एवं क्षेत्र समाज की मूलभूत असुविधाओ और विशेषताओं को समय-समय पर उठाने का प्रयास करें, तो इसी परिप्रेक्ष्य में पुन: शिमला लोकसभा सांसद से निवेदन रहेगा कि शिमला लोकसभा क्षेत्र में भी इस प्रकार के बेहतरीन खेल कार्यक्रम का आयोजन करवाने का प्रयास करें, जिसके लिए शायद शिमला लोकसभा क्षेत्र का युवा वर्षों से इंतजार में है, तो वहीं मीडिया बंधुओं से भी निवेदन और सुझाव रहेगा कि जनहित एवं युवाओं की इस उचित मांग को शिमला लोकसभा सांसद तक पहुंचाने का प्रयास करें ऐसी उम्मीद करते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# काला मंगलवार:हिमाचल में मानव के खून से लाल हो रहीं सड़कें

काला मंगलवार काल बनकर आया और तीन लोगों को काल के गाल में समा लिया। हिमाचल में प्रतिदिन सड़क हादसों में निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं, ऐसा कोई दिन नहीं होता जब कोई हादसा न हो, हादसों का अंतहीन सिलसिला कब रुकेगा। मंगलवार को करसोग से बाया छतरी शवाड़ होकर आनी जा रही एक प्राइवेट बस आनी के शकेलड़ के पास अनियंत्रित होकर खड्ड में गिर गई। इस हादसे में तीन यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई और 39 लोग बुरी तरह घायल हो गए। बस चकनाचूर हो गई।

हादसे का कारण बस का पट्टा टूटना बताया जा रहा है। हिमाचल में सड़क हादसे अभिशाप बन रहे हैं, मानव खून सड़कों पर बह रहा हैं, प्रतिदिन सड़कों पर लाशों के अंबार लग रहे हैं। एक बार फिर लाशों के ढेर लग गए लाशों को ढापने के लिए कफन कम पड़ गए। बीते 26 अक्तूबर 2024 को मंडी के बरोट घटाशनी सड़क पर बरधान में डिबनु थानग के पास एक आल्टो कार करीब 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी कार में सवार पांच युवाओं की दर्दनाक मौत हो गई थी। यह बहन को ससुराल छोड़ कर वापस लौट रहे थे। मृतकों में तीन एक ही गांव धमच्यान के रहने वाले थे। ऐसा ही दर्दनाक हादसा दिसंबर 2023 को हुआ था।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

जब काला दिन काल बनकर 11 लोगों को लील गया था। एक ही दिन ग्यारह लोग मौत की नींद सो गए थे, तीन सड़क हादसों में कई घरों के चिराग बुझ गए थे। पहला हादसा शिमला जिला के सुन्नी में हुआ। जहां एक पिकअप गहरी खाई में गिर गई और छह लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों में जम्मू-कश्मीर के चार लोगों की मौत हो गई, यह चारों एक ही गांव के रहने वाले थे तथा एक सप्ताह पहले ही काम पर सुन्नी आए थे। दूसरा हादसा ददाहू संगड़ाह मार्ग पर एक टिपर खाई में गिर गया और दो लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए थे। तीसरा हादसा मंडी जिले के गोहर के केलोधार में शादी समारोह में भाग लेकर जंजेहली लौट रहे तीन लोगों की कार खाई में गिर गई और तीनों की मौत हो गई और दो घायल हो गए, इस हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई थी। एक दिन में ग्यारह लोगों की मौत से लोग सदमे में है।



हिमाचल में सड़क हादसों की लकीर नियति ने बहुत गहरी लिख दी है। सड़क हादसे अभिशाप बनते जा रहे है। 2024 के 10 महीनों में हजारों लोग मौत के मुंह में समा चुके हैं। हादसों को देखकर हालात ऐसे बन गए है कि अल सुबह घर से निकले लोग शाम को घर पहुंचेंगे इसकी कोई गारंटी नहीं होती है। सड़क हादसों से हर रोज घरों के चिराग बुझ रहे हैं। यह सिलसिला अनवरत जारी है। हिमाचल में किन्नौर से लेकर भरमौर तक प्रतिदिन भीषण व दर्दनाक सड़क हादसे होते जा रहे हैं। 2 नवंबर 2023 को करवाचौथ के दिन मंडी व बिलासपुर में दो सड़क हादसों में तीन महिलाओं समेत छह की मौत हो गई थी कोटली व घुमारवीं में हुए इन हादसों से लोग मातम में हैं। वर्ष 2018 में शिमला से 130 किलोमीटर दूर मुगंरा में एक वाहन के खाई में गिरने से 13 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। हादसें में मरने वालों में पांच लोग एक ही परिवार के थे। सरकार को चाहिए कि क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों को भी निर्देश दिए जाएं कि बस अड्डे पर प्रत्येक बस की रूटीन चैकिंग की जाए तथा बीच में भी छापामारी की जाए, ताकि दोषी चालकों के विरुद्ध मौके पर चालान काटा जाए। ऐसे हादसों से जनमानस खौफजदा होता जा रहा है। बसों में मोबाइल फोन पर रोक लगाई जाए। अगर अब भी कोई कदम न उठाए, तो लोग बेमौत मरते रहेगें। यदि प्रशासन सक्रिय होगा तो ऐसे बेलगाम चालकों पर नकेल कसी जा सकती है तथा लोगों की जिंदगियां बच सकती हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# रक्तदान महादान के समान, आगे भी हों ऐसे आयोजन : वीरेंद्र भट्ट

**अनिल शर्मा, मंडी**

प्रदेश में तेजी से उभरता दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान और टीवी की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जोनल अस्पताल मंडी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दर्जनों रक्तदाताओं से रक्तदान किया और जोगिंद्रनगर में रक्तदाताओं की संख्या ने अर्धशतक लगाया। शिविर का शुभारंभ नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि किया।

इस दौरान विशेष अतिथि के रूप में ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ. दुष्यंत ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर का शुभारंभ करने के उपरांत मुख्यातिथि वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य निरंतर चलते रहने चाहिए। मैं अपनी और नगर निगम मंडी की ओर से दैनिक अनंत ज्ञान को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। अनंत ज्ञान हर खबर को निर्भीकता पूर्वक जनता के सामने समाचार प्रस्तुत करता है, किसी के दबाव में नहीं आता है। डॉ. दुष्यंत ठाकुर ने कहा कि रक्तदान महादान के समान है और अनंत ज्ञान ने अपनी पहली वर्षगांठ पर रक्तदान शिविर लगाकर नेक कार्य किया है, ऐसे आयोजन आगे भी होते रहने चाहिए।

मंडी निवासी प्रवीण वशिष्ठ ने पहली बार रक्तदान कर युवाओं को रक्तदान करने का संदेश दिया। वहीं 31 दिसंबर 2024 को आंख के ऑपरेशन की तिथि निर्धारित होने के उपरांत भी संजय कौंडल ने 9वीं बार रक्तदान कर युवाओं को सोचने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ. दुष्यंत ठाकुर, चीफ लैब टेक्नीशियन सीमा कुमारी, सीनियर लैब टेक्नीशियन, योगेश और गिरीश, ब्लड बैंक संयोजक राकेश, काउंसर संगीता और स्टाफ नर्स बनिता सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

रक्तदान शिविर के शुभारंभ अवसर पर पहुंचे नगर निगम के महापौर



रक्तदान करते हुए मदन कुमार, इस दौरान उनके साथ मौजूद महापौर वीरेंद्र व साथ हैं अन्य।

## जोगिंद्रनगर में 50 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र एवं वेब टीवी ने अपनी पहली वर्षगांठ पर जोगिंद्रनगर सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया, जिसमें 50 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ कार्यकारी एसडीएम डॉ. मुकुल अनिल शर्मा और थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने किया।

अनंत ज्ञान की ओर से उन्हें शाल, टोपी और स्मृति चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में डॉ. मुकुल अनिल शर्मा ने रक्तदान को 'जीवनदान' बताते हुए इसे मानव सेवा का सबसे बड़ा कार्य बताया। एसडीएम और थाना प्रभारी ने स्वयं रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित किया। शिविर में व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर और मंडी सभा सोसायटी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राजीव बहल, सचिन सूद, अमित शर्मा, भास्कर गुप्ता और प्रताप सिंह ठाकुर ने आयोजन को सफल बनाने के लिए विशेष प्रयास किए। प्रताप सिंह ठाकुर, जो दिल्ली में कार्यरत हैं और मंडी सभा सोसायटी के सक्रिय सदस्य हैं, उन्होंने इस पहल को समाजसेवा का बेहतरीन उदाहरण बताया।

युवाओं और संस्थानों का उत्साह शिविर में आईटीआई प्रशिक्षु, स्थानीय स्कूल अध्यापक और अस्पताल स्टाफ सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। इनमें से कई लोगों ने पहली बार रक्तदान किया, जिससे आयोजन की सफलता को और बढ़ावा मिला। सिविल अस्पताल के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने रक्तदान प्रक्रिया के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसएमओ डॉ. रोशन लाल कोंडल और उनकी टीम ने रक्तदाताओं की जांच कर उन्हें आवश्यक जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान किया।



रक्तदान शिविर में मुख्यातिथि पहुंचे वीरेंद्र भट्ट शर्मा का स्वागत करते हुए।



हिमाचल के लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान टीम मंडी के साथ गणमान्य।



**बल्ह** तहसील में बगला के निवासी मुनीष कुमार ने 51वीं बार रक्तदान कर किसी का जीवन बचाने में सहयोग दिया। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि वे समय-समय पर रक्तदान कर पुण्य कमाएं।



शिविर के दौरान मुख्यातिथि एवं विशेष अतिथि को सम्मानित करते हुए गणमान्य।



**संजय** कौंडल ने 9वीं बार रक्तदान कर अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र व वेब टीवी की पहली वर्षगांठ पर पूरी टीम को बधाई दी। लगभग 20 दिनों के बाद उनकी आंख का ऑपरेशन होना है फिर भी वह रक्तदान कर रहे हैं।



**मंडी** निवासी प्रवीण वशिष्ठ ने हालांकि पहली बार ही रक्तदान किया लेकिन यह जानकर कि हर स्वस्थ आदमी 3 महीने में एक बार रक्तदान कर सकता है तो उन्होंने संकल्प लिया है कि वह बार-बार रक्तदान करते रहेंगे।




शिविर के दौरान मुख्यातिथि एवं विशेष अतिथि को सम्मानित करते हुए गणमान्य, रक्तदाता को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।



**रक्त** दान महादान है और प्रथम बार आईटीआई में प्रशिक्षण प्राप्त करते दौरान किया था तब थोड़ा डर महसूस हुआ था लेकिन बाद में बहुत अच्छा लगा। दूसरी बार रक्त दान किया और में साल में करीब 3 बार रक्त दान जरूर करूंगा।




**रक्त बचाता है कई जिंदगियां**

25 बार रक्तदान कर चुके राजीव बहल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, रक्तदान महादान है। यह एक ऐसा पुण्य कार्य है, जो न केवल जरूरतमंदों की जान बचाता है, बल्कि समाज में मानवीय मूल्यों को भी बढ़ावा देता है। वहीं एसडीएम और थाना प्रभारी ने अपने संबोधन में रक्तदान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त कई जिंदगियों को बचा सकता है।





## अनंत ज्ञान दैनिक समाचार की बांटीं प्रतियां

जोनल अस्पताल मंडी में दैनिक अनंत ज्ञान की टीम ने थनेहड़ा बाजार, सेरी, इंदिरा मार्केट और संकन गार्डन में दैनिक अनंत ज्ञान की प्रतियां भेंट कर समाचार पत्र की पहली सालगिरह मनाई। इस दौरान व्यापारियों ने अनंत ज्ञान की पठन सामग्री को सराहते हुए कहा कि इसी तरह लोगों की समस्याएं उठाते रहे।

## डॉ. फर्नांडो ने बीएलएस तकनीक के सिखाए गुर

**उमेश, सुंदरनगर**

हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर ने अपने पहले 4 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम 'डेंटल कनेक्ट-2024 ब्रिजिंग कॉन्टिनेंट्स फॉर बेटर हेल्थकेयर' का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्पेन के डॉ. फर्नांडो कानोवास गार्सिआ, युनिवरसिदाद काटोलिका दे मुरशिया (युकैम) में फिजियोलॉजी के प्रोफेसर ने कॉलेज के स्टाफ व छात्रों से विभिन्न फिजियोलॉजी के अहम विषयों जैसे की पेन, हेमोस्टेसिस व हाइपरटेंशन की जानकारी एक संवादात्मक लेक्चर के माध्यम से किया।

उन्होंने कॉलेज के पहले 'बासक एंड आस्क' सेशन में भी भाग लिया जिसमें स्टाफ व छात्रों ने उनसे सवाल भी पूछे गए। प्रो. फर्नांडो ने 11 दिसंबर को बेसिक लाइफ साइंसेज व सीपीआर के बारे में लेक्चर तथा हैंड्स ऑन डेमोंस्ट्रेशन दिया तथा सभी प्रतिभागियों को इस हुनर को भी सिखाया।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों व प्रो. फर्नांडो के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया और सभी भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट से नवाजा गया। कार्यक्रम में कुल 170 स्टाफ व छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम कॉलेज के निदेशक डॉ. अनिल सिंगला व डॉ. विकास जिंदल के नेतृत्व में किया गया।

प्रधानाचार्य डॉ. बलजीत सिंह ने इस अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजित करने के लिए सभी का धन्यवाद किया।



शिविर के दौरान सामूहिक चित्र में।

## सनातन चेतना मंच सुंदरनगर से जुड़े कई संगठनों ने बांग्लादेश के विरुद्ध निकाली रैली

**भीम बसेड़ू, महादेव**

बांग्लादेश में मानवता शर्मसार होने यानी अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में सड़क पर उतरे सुंदरनगर के जाने माने समाजसेवी उत्तम चंद शर्मा केंद्र सरकार द्वारा किसी किस्म की सख्त कार्रवाई न करने पर बेहद नाराज़ एवं गुस्से में हैं।

इस समाजसेवी ने बताया कि सनातन चेतना मंच सुंदरनगर के बैनर तले विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों और धार्मिक संस्थाओं के भले लोगों ने हाथ में तख्तियां थामे तथा बैनर लेकर बांग्लादेश सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। वहीं विशाल रैली जिसमें हिमाचल किसान मोर्चा, सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ, व्यापार मंडल, निरंकारी मिशन, राधास्वामी इत्यादि को विश्व हिन्दू परिषद हिमाचल प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष लेखराज राणा ने अपने संबोधन में कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं को कट्टरपंथी आदि निरंतर निशाना बना रहे हैं।




## बांग्लादेश में अत्याचार के विरोध में बढ़ा आक्रोश

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में देश सहित हिमाचल प्रदेश में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसको लेकर क्षेत्र का विविध समाज, देव संस्कृति और धार्मिक संगठनों ने सनातन चेतना मंच के बैनर तले गुरुवार को मंडी जिला के सुंदरनगर में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया।

प्रदर्शनकारियों ने अटल पार्किंग से एसडीएम कार्यालय तक बांग्लादेश सरकार और हिंदुओं पर हिंसा के विरोध में सड़कों पर उतर कर जमकर नारेबाजी की गई। इसके उपरांत सनातन चेतना मंच द्वारा एसडीएम सुंदरनगर के माध्यम से देश के राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भी प्रेषित किया गया। इस अवसर पर प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश सरकार को चेतावनी भी दी है कि अगर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले जारी रहे तो भारतीय चुप नहीं बैठेंगे।

उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर लगातार जारी हिंसा से संविधान का गला घोंटा जा रहा है और विशेषकर हिंदू समाज को टारगेट कर निशाना बनाया जा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से सनातन चेतना मंच ने बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार को तुरंत रोकने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा उन्हें अपने धर्म और संस्कृति का पालन करने की स्वतंत्रता देने के लिए भारत सरकार से बांग्लादेश की सरकार पर दबाव डालने की मांग की है।



धरना-प्रदर्शन के दौरान रैली निकालते हुए और रोष प्रदर्शन करते हुए।

### हिंदू समाज ने सुंदरनगर में किया प्रदर्शन

## किसान बागवान आयोग के गठन की उठाई मांग

**मंडी।** हिमाचल किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सीताराम वर्मा की अध्यक्षता में एक शिष्य मंडल किसानों व पशुपालकों की मांगों को लेकर लुहणू मैदान बिलासपुर में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह से मिला।

यही मांग पत्र लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह तथा स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल्य को भी सौंपा गया। इसमें किसान बागवान आयोग का गठन करने, मंडी में गौशालाओं का निर्माण करने, बड़े चिकित्सालयों में विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध करने की मांग की गई।

प्रतिनिधि मंडल में राज्य प्रधान देवी रूप सैणी, महासचिव दुनी चंद शर्मा व रामकृष्ण शामिल रहे।

## एलआईजी में 3 से 6 लाख की वार्षिक आय वाले परिवार होंगे शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

वीरवार को नगर निगम मंडी में मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता महापौर वीरेन्द्र भट्ट ने की। इस दौरान बहुत से मुद्दों पर चर्चा की गई जिनमें पीएम सूर्य योजना के तहत घर मुक्त बिजली योजना से राज्य विद्युत परिषद के अधिशासी अभियंता ने बताया की नगर निगम के क्षेत्र में रह रहे लोगों में इस योजना के प्रचार व प्रसार किया जाए ताकि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोग ले सके। शहरी क्षेत्रों में रहने वाले ईडब्ल्यूस / एलआईजी/ एमआईजी श्रेणी से संबंधित परिवार है ईडब्ल्यूस परिवारों को 3 लाख रू. तक की वार्षिक आय वाले परिवारों को शामिल किया गया है।

एलआईजी परिवार जिनकी आय 3 से 6 लाख की वार्षिक आय वाले परिवार शामिल है। एमआईजी में 6 लाख से 9 लाख की वार्षिक आय वाले परिवार शामिल है। इस योजना का लाभ लेने हेतु पात्रता निर्धारित की गई। जो इस प्रकार से है। आवेदनकर्ता पिछले 20 वर्षों में किसी भी आवास योजना का लाभ नहीं लिया होना चाहिए। ऐसे लाभार्थी जो पीएमवाई वर्जन 1.0 के अंतर्गत 31 दिसंबर 2023 से पहले रद्द कर दिए गए है वह इस योजना के पात्र नहीं होंगें।



### एमसी में हुई मासिक बैठक विभिन्न मुद्दों पर की गई चर्चा

### यूनिवर्सिटी का स्वरूप न बदले सरकार, एमसी में उठा मुद्दा

**महापौर** ने सदन में मुद्दा उठाया कि सरकार सरदार पटेल यूनिवर्सिटी का स्वरूप न बदले उसे यथावत रहने दें तथा इस यूनिवर्सिटी का पैसा किसी भी अन्य कार्यों में न लगाया जाए। इस पर सभी पार्षदों ने अपनी सर्वसम्मति प्रदान की। आईआईटी के सहयोग से जल्द ही निगम स्मार्ट पार्किंग ऐप बनाने जा रही है जिससे आम जनमानस को पार्किंग की सुविधा प्राप्त होगी। स्मार्ट सिटी की तर्ज पर शीघ्र ही इन्दिरा मार्किट व निगम कार्यालय के लिए एक ऐप सरदार पटेल यूनिवर्सिटी के छात्रों के सहयोग से तैयार की जाएगी जिससे इंदिरा मार्केट की दुकानों के बारे में लोगों की जानकारी उपलब्ध होगी की किस दुकान में कौन सा सामान मिलता है।

महापौर ने आमजनमान से आग्रह किया है कि सर्दियों के मौसम में जो लोग बस स्टैंड, फुटपाथ पर रात बिताते है उनके लिए नगर निगम के टाउन हॉल के रेन बसेरे में रात के समय सो सकते है। इन्दिरा मार्किट में सबलैटिंग दुकानों पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि इन मामलों को मार्गदर्शन हेतु सरकार से पत्राचार किया जाए। महापौर ने लोगों से आग्रह किया शहर में गाड़ियों के हॉर्न न बजाए जाएं जिससे ध्वनि प्रदूषण कम होगा। इसके लिए शीघ्र निगम द्वारा पुलिस विभाग के सहयोग से एक मुहिम चलाई जाएगी।

## पर्यटक का पैर फिसला खाई में गिरा, अस्पताल में भर्ती

**अनंत ज्ञान, मंडी**

चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाइवे पर मंडी जिला के छह मील के पास युवक का पैर फिसलने से पहाड़ी से गिरता हुआ सीधा ब्यास नदी के किनारे जा गिरा। घटना वीरवार की है। पहाड़ी से गिरने के कारण युवक के सिर पर गंभीर चोटें आई। युवक को जख्मी हालत में जोनल अस्पताल मंडी में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है।

जानकारी के अनुसार घायल युवक नशे में था और टॉयलेट करने के लिए गाड़ी से नीचे उतरा था और पांच दोस्त कार में सवार होकर हरियाणा से मनाली की ओर घूमने जा रहे थे। पंडोह से पीछे छह मील के पास युवकों ने अपनी कार रोकी और एक युवक टॉयलेट करने के लिए गाड़ी से नीचे उतरा।

इस दौरान युवक का पहाड़ी पर से पैर फिसल गया और करीब 400 मीटर नीचे ब्यास नदी के किनारे जा पहुंचा। घटना की सूचना मिलते ही पंडोह चौकी और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची, जिसके बाद घायल युवक का रेस्क्यू शुरू किया गया। मामले की पुष्टि एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कि है।

# रक्तदान से मिलता है बहुमूल्य जीवन रक्षा का सौभाग्य : उपायुक्त

## अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र और टीवी की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर आयोजित रक्तदान शिविर में लोगों का उमड़ा हुजूम


अनंत ज्ञान समाचार पत्र की पहली वर्षगांठ पर आयोजित रक्तदान शिविर में गणमान्य लोगों का स्वागत करते ब्यूरो प्रमुख राजेश शर्मा


अनंत ज्ञान समाचार पत्र की पहली वर्षगांठ पर आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाता को सम्मानित करते ब्यूरो प्रमुख और ब्लड बैंक अधिकारी।

**राजेश शर्मा, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने वीरवार को अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र और टीवी की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान से बहुमूल्य जीवन की रक्षा का सौभाग्य प्राप्त होता है, साथ ही यह पुनीत कार्य समाज में मानवता और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करता है।

शिविर में भाग लेने वाले रक्तदाताओं की सराहना करते हुए उपायुक्त ने उनके निस्वार्थ सेवाभाव को समाज के लिए एक प्रेरणा बताया। उन्होंने जिले के युवाओं से ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर भी स्वस्थ रहता है और एकत्रित किया गया रक्त जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध करवा कर बहुमूल्य जीवन रक्षा भी संभव होती है। इस शिविर में कुल 34 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

रक्तदान शिविर में ऊना जिले की महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा सहित जिले की अन्य ब्लड डोनेशन से जुड़ी संस्थाओं ने भाग भी लिया। महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा के अध्यक्ष अमित वाल्मीकि, नव बैंस, कर्ण, अमन, रमन, नवीन, जीतू, नवदीप के अलावा ऊना रक्तदान से जुड़ी संस्थाओं के संदीप शर्मा, लविश कपिल, गणेश, मोहित शर्मा, प्रिंस ठाकुर, आकाश, विकास ठाकुर, पंकज, शुभम आदि उपस्थित रहे। वीरवार को आयोजित रक्तदान शिविर में ऊना जिले के सभी क्षेत्रों से रक्तदाता रक्तदान करने पहुंचे हुए थे। इसमें चिंतपूर्णी, गगरेट, ऊना, मैहतपुर, बंगाणा और हरोली से रक्तदाता पहुंचे थे। इस बीच सेना के दो जवानों ने भी रक्तदान किया।

अनंत ज्ञान ऊना के ब्यूरो प्रमुख राजेश शर्मा ने भी रक्तदान किया। अजय हेल्थकेयर, अग्निहोत्री लाइफ लाइन हॉस्पिटल के कर्मियों ने भी रक्तदान किया। इस दौरान रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले युवाओं को अनंत ज्ञान दैनिक समाचार समूह की ओर से स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त खाद्य आपूर्ति जगदीश धीमान, डॉ. सुखदीप सिंह सिधु, डॉ. राकेश अग्निहोत्री, डॉ. स्वाति चब्बा, डॉ. विकास, डॉ. कपिल भरवाल, इंटक नेता जगत राम शर्मा, वरुण पुरी, अजय वर्मा, अजय हेल्थकेयर ऊना, संजीव जैन-जैन ट्रेडर्स ऊना सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)


अनंत ज्ञान समाचार पत्र की पहली वर्षगांठ पर आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते उपायुक्त जतिन लाल


रक्तदान शिविर में रक्तदान संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधि रक्तदान करते हुए।


अनंत ज्ञान समाचार पत्र की पहली वर्षगांठ पर आयोजित रक्तदान शिविर में महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा के सदस्य और रक्तदाता।


अनंत ज्ञान समाचार पत्र की पहली वर्षगांठ पर आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करते युवक।



अनंत ज्ञान समाचार पत्र की पहली वर्षगांठ पर आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाता रक्तदान करते हुए।


अनंत ज्ञान समाचार पत्र की पहली वर्षगांठ पर आयोजित रक्तदान शिविर में वशिष्ट अतिथि डॉ. राकेश अग्निहोत्री को सम्मानित करते डॉ. कपिल भरवाल।


अनंत ज्ञान समाचार पत्र की पहली वर्षगांठ पर आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचे रक्तदाता और गणमान्य।

## न्यूज ब्रीफ

### सहकारी सभा के खाताधारक पासबुक को करवाएं चेक

**बड़ूही।** उपमंडल अंब के अंतर्गत आती दि दिलवां कृषि सेवा सहकारी सभा के वर्ष 2023- 24 का अंकेशन (ऑडिट) चला हुआ है। समिति के सभी खातेदारों को सूचित किया गया है कि वे अपनी अपनी पासबुक लेकर अपने खाते चेक करवाकर मिलान करवा सकते हैं। सभा के प्रधान बलविंदर कुमार बंटी ने बताया कि 16, 17, 18 दिसंबर तक सुबह 11 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक अपनी पासबुक व मियादी अमानत की रसीदें लेकर अपने लेनदेन की अमानत का मिलान करवा लें तथा अपने-अपने खाता चेक करवा सकते हैं। इसके बाद किसी खाताधारक की अमानत में बचत और मियादी संबंधी कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

### पंजावर-बाथड़ी सड़क पर आवाजाही एक माह के लिए बंद

**ऊना।** पंजावर-बाथड़ी सड़क के किलोमीटर 4/600 से 8/820 रोड तक के हिस्से पर वाहनों की आवाजाही 11 जनवरी, 2025 तक बंद रहेगी। उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने बताया कि यह आदेश सड़क मार्ग के अपग्रेडेशन कार्य को त्वरित और सुचारु रूप से करने को लेकर जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि वाहनों के आवागमन के लिए यातायात को गांव दौलतपुर के लिंक रोड से वैकल्पिक मार्ग पर मोड़ा गया है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सड़क बंद करने को लेकर जनता को सूचित करने और मार्ग परिवर्तन की जानकारी देने के लिए अग्रिम बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।

### उत्कृष्ट स्कूल भद्रकाली में पद अरसे से रिक्त

**घनारी।** कहने को सरकार स्कूलों में बेहतर सेवाएं मुहैया कराने की बात करती है, लेकिन स्कूलों में रिक्त पड़े पदों को भरने को लेकर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। कहने को तो उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा है, लेकिन की विषयों के शिक्षकों व प्रवक्ताओं व कलेरिकल स्टाफ के रिक्त पद होने से छात्र दुविधा में है । ऐसा ही आलम गगरेट क्षेत्र के उत्कृष्ट विद्यालय भद्रकाली में देखा जा सकता है। इस स्कूल में ग्रामीण क्षेत्र के 260 छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। केमिस्ट्री प्रवक्ता, ड्राइंग टीचर, संस्कृत टीचर, पीटीआई, क्लर्क के पद अरसे से खाली चल रहे हैं। स्कूल प्रशासन की मानें तो कई बार उच्चाधिकारियों व सरकार के प्रतिनिधियों के ध्यान में लाने के बावजूद कुछ कार्रवाई छात्र हित में नहीं हो पाई है, वहीं एसएमसी व स्कूल प्रशासन भी छात्र वर्ग की सुविधा को लेकर कोई ध्यान नही दे रहा है।

### नौसेना दिवस पर चताड़ा मोड़ ऊना में होगा कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, ऊना।** 'नौसेना दिवस' 15 दिसंबर को त्रिशमा रिजोर्ट चताड़ा मोड़ ऊना में पूर्व नौसैनिकों द्वारा परिवार सहित मनाया जाएगा। पूर्व नौसैनिक कल्याण संघ ऊना के प्रधान ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व नौसैनिक अपने परिवार सहित हिमाचल और पंजाब से, इस ऐतिहासिक 'नौसैनिक परिवार मिलन' समारोह मे भाग लेने आऐंगे। इस को ध्यान में रखते हुए पूर्व नौसैनिकों ने पूरी तैयारी कर ली हैं। इस दिन सर्वप्रथम दिवंगत सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी, इसके उपरांत पूर्व सैनिकों की समस्याओं और उनके समाधान बारे चर्चा होगी। महिलाओं की म्यूजिक चेयर प्रतियोगता, बच्चों के लिए मिकी माउस, बड़ों के लिए तंबोला इत्यादि का इंतजाम किया गया है। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वालों को इनाम दिए जाएंगे। प्रोग्राम सुबह 10 बजे से बाद दोपहर 2.30 बजे तक चलेगा।

### हिमुडा कॉलोनी में हो रही श्रद्धा की वर्षा



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के हिमुडा कॉलोनी के बाबा पहाड़िया मंदिर कमेटी के सौजन्य से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया और कथा प्रारंभ से पूर्व बंगाणा के ठंडी खुई से पंडाल तक बैंड-बाजों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। आयोजकों द्वारा माता ज्वालामुखी से पावन ज्योति लाई गई। कमेटी के मुख्य प्रवक्ता एवं दीवा साड़ी ऐप को फाउंडर सीईओ अंकुश वर्जाता ने बताया कि इस वर्ष हिमुडा कॉलोनी में 12 से 20 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है और उत्तरी भारत के प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा अपने मुखारविंद से श्रीमद् भागवत की अमृत वर्षा करेंगे, जिसका हर दिन 11 से अढ़ाई बजे तक समय रहेगा।

## झुग्गी-झोंपड़ी में रहने वाले लोगों को स्वच्छता के लिए किया जागरूक


खंड विकास अधिकारी कटोहड कलां में झुग्गी-झोंपड़ियों का निरीक्षण करते हुए।

**विवेक शर्मा, अंब**

वीरवार को खंड विकास अधिकारी ओमपाल डोगरा ने कटोहड़ कलां पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया और वहां की झुग्गी-- झोंपड़ियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत की और क्षेत्र में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए शौचालयों की आवश्यकता को समझा।

ओमपाल डोगरा ने पंचायत के पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 दिन के अंदर इन झुग्गी-झौपड़ी क्षेत्रों में शौचालय बनाए जाएं, ताकि लोगों को खुले में शौच करने से रोका जा सके और स्वच्छता अभियान को प्रभावी बनाया जा सके। डोगरा ने कहा कि अगर 15 दिन के अंदर अगर झुग्गी-झोंपड़ियों में शौचालय की व्यवस्था नहीं होती है तो झुग्गी-झौपड़ियों को हटा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता हर घर में स्वच्छता सुविधाओं का विस्तार करना है और इस दिशा में सभी को मिलकर काम करना होगा।

## विधायक विवेक ने शगुन योजना के तहत बांटे चेक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**


विधायक विवेक शर्मा पात्र परिवारों के साथ, जिन्हें चेक बांटे गए।

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ कांग्रेस के मुख्य कार्यालय जोगी पंगा में कुटलैहड़ विस क्षेत्र के 26 परिवारों को शगुन योजना के तहत स्वास्थ्य लाभ एवं 1,65 लाख के आर्थिक चेक वितरित किए। वहीं, कुटलैहड़ की जनता की जन समस्याओं को भी सुना।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अंतिम पंक्ति पर खड़े उस परिवार तक आर्थिक रूप से सहायता कर रही है, जो असहाय ओर अति निर्धन परिवार से संबंध रखते हैं। विवेक शर्मा ने कहा कि बीते छह माह के विधायक के कार्यकाल में हमने कुटलैहड़ के पांच सौ से ज्यादा परिवारों को आर्थिक रूप से शगुन योजना और स्वास्थ्य लाभ एवं दवाइयों के भुगतान के लिए लाखों रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान कर चुके हैं। शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में अधिकतर परिवार ऐसे हैं, जो गरीबी रेखा से नीचे हैं और जिन्हें आर्थिक रूप से किसी प्रकार की कोई आमदन भी नहीं है।

इन परिवारों को हर प्रकार की आर्थिक रूप से मदद करने के लिए हम हमेशा फ्रंट फुट पर आकर उन्हें आर्थिक रूप से मदद कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा शुरू की गई सुख आश्रय योजना भी इन परिवारों को वरदान साबित हो रही है और इन गरीब परिवारों के बच्चों को पढ़ाई के लिए राज्य सरकार से पूरा खर्च वहन हो रहा है, ताकि इनके बच्चे अच्छी और उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकें। विवेक ने कहा कि दो वर्षों के कार्यकाल में मुख्यमंत्री द्वारा एक दर्जन योजनाओं को धरातल पर उतार कर राज्य के गरीब परिवारों को लाभ पहुंचाया जा रहा है और बीते छह माह के कार्यकाल में हमने राज्य की हर योजना को कुटलैहड़ विस क्षेत्र में धरातल पर उतार कर जनता को सीधा लाभ पहुंचाने का काम किया है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र की हर समस्या का हल करवाया जा रहा है। हर घर के लिए पक्का रास्ता ओर गांव को सड़क से जोड़ने की कवायत हमने शुरू कर दी है। विवेक शर्मा ने कहा कि बहुत जल्द मुख्यमंत्री कुटलैहड़ प्रवास पर आ रहे हैं और कुटलैहड़ विस क्षेत्र के करीब एक दर्जन योजनाओं की आधारशिला रखकर कुटलैहड़ के विकास के लिए धन स्वीकृत भी करेंगे।

विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में पानी की योजनाओं की स्वीकृति मिल चुकी है और एक दर्जन सड़कों के नवनिर्माण ओर चौड़ाईकरण के लिए धन मुहैया हो चुका है। जल्द सभी स्वीकृत कार्यों का काम युद्ध स्तर पर शुरू होने जा रहा है। विवेक शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के सफल दो वर्ष पूर्ण होने पर 11 दिसंबर को बिलासपुर के जश्न कार्यक्रम में उम्दा जन सैलाब इस बात का प्रमाण है। कि राज्य के मुख्यमंत्री सुखबिंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में चल रही राज्य सरकार का फैसला राज्य की जनता को पसंद है।

**आयोजन** लोअर अंदौरा स्कूल में आयोजित समारोह में बोले विधायक बबलू

## अनुशासन से मिलती है बेहतर शिक्षा की राह


विधायक सुदर्शन बबलू को सम्मानित करते आयोजक ।

**अनंत ज्ञान, अंब**

विधायक चिंतपूर्णी सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा है कि यदि माता-पिता व गुरुजन अबोध बच्चों में नैतिक मूल्यों की समझ विकसित कर सकें और विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम व लगन से किसी भी कार्य करने की सीख प्रदान करें तो निश्चित तौर पर भारत फिर से विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर हो सकता है।

वीरवार को राजकीय उच्च विद्यालय लोअर अंदौरा के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मे बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि संस्कारों की यही सीख घर-परिवार से शुरू होकर विद्यालय पहुंचती है और वहां गुरु-शिष्यों के बीच तराश कर इसे मूर्तरूप दिया जाता है। जब बच्चे के भीतर अनुशासन की आदत हो जाती है तो निश्चित रूप से उसे बेहतर शिक्षा प्राप्त करने की राह मिल जाती है। बबलू ने लोअर अंदौरा स्कूल की बढ़िया कारगुजारी व बच्चों में अनुशासन को लेकर स्कूल प्रबंधन की सराहना की।

इससे पहले स्कूल स्टाफ व बच्चों द्वारा बैंड-बाजों के साथ विधायक सुदर्शन सिंह बबलू का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का आगाज सरस्वती माता को ज्योति प्रज्वलित कर किया गया। स्कूल प्रबंधन द्वारा इस मौके पर विधायक को शाल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा एक से बढ़ कर एक रंगारंग व सांस्कृतिक प्रस्तुति से पंडाल में उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय के मुख्याध्यापक सुधीर कुमार द्वारा विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। मुख्यातिथि सुदर्शन सिंह बबलू ने मेधावी बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्राथमिक स्कूल के मुख्याध्यापक केशव सिंह, अधिवक्ता विकास कश्यप, कृषण देव, प्रधान विजय कुमार, एसएमसी प्रधान कमला देवी, पूर्व प्रधान सुषमा रानी, नरेंद्र गोल्डी, उपप्रधान तरसेम लाल, हर गोविंद डोगरा, राज कुमार गौतम, सीता राम, नंद लाल, नसीब चंद, होशियार सिंह कमलजीत, किशोरी लाल भाटिया, चमन लाल, काका राम, कांशी राम, योगराज, राज कुमार, शादी लाल, कश्मीर सिंह, गुरभक्त सिंह व गुरदयाल सिंह के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।




# 'अनंत ज्ञान' की यह अनूठी पहल सराहनीय : तोरुल एस रवीश

## अनंत ज्ञान की प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित रक्तदान शिविर का डीसी कुल्लू ने किया शुभारंभ, 42 लोगों ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कहा कि सामान्य नागरिक जिम्मेवारी का बेहतर तरीके से निर्वहन करना हर नागरिक का कर्तव्य है और एक सकारात्मक दृष्टि से समाजसेवा के कार्यों में योगदान देना आवश्यक है। यह बात डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने अनंत ज्ञान की प्रथम वर्षगांठ पर क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में आयोजित एकदिवसीय रक्तदान शिविर के शुभारंभ अवसर पर कही।



अनंत ज्ञान की पहली वर्षगांठ के अवसर पर क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यातिथि पहुंची डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश को कुल्लवी परंपरानुसार शॉल टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करती हुई कुल्लू व लाहौल-स्पीति की प्रभारी कमलेश वर्मा।

उन्होंने कहा कि वर्षगांठ के अवसर पर रक्तदान करने और रक्तदाताओं को हरियाली बांटकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने की अनंत ज्ञान की यह अनूठी पहल सराहनीय है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें इस नेक कार्य के लिए बधाई दी। उन्होंने अनंत ज्ञान की पूरी टीम को वर्षगांठ पर बधाई देते हुए कहा कि कुल्लू के लोग हर क्षेत्र में सक्रिय हैं, वह चाहे खेल का क्षेत्र हो, साहित्य, कला, संस्कृति का क्षेत्र हो या फिर समाजसेवा का कार्य, उनकी हर प्रकार से सक्रियता एक सकारात्मक सोच का परिणाम है। विशेषकर प्रेस संस्थान की ओर से रक्तदान शिविर जैसी सामाजिक गतिविधि का आयोजन करवाने का एकमात्र लक्ष्य समाज में एक अच्छा संदेश पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि हालांकि आज की युवा पीढ़ी अनेक विकारों से ग्रसित है, लेकिन इसमें सिर्फ बच्चों की गलती नहीं है, इसमें बड़ों की भागीदारी भी बराबर है, इसलिए हमें बच्चों के साथ तालमेल बिठाना आवश्यक हो जाता है। लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरुरतमंद की मदद हो सकेगी। वहीं, उन्होंने कहा कि नशे की लत समाज में एक व्यापक समस्या के रूप में सामने आ रही है, लेकिन इस लत की पहचान करके इसका ईलाज संभव है। इसको एक टैबू के रूप न देखकर हमें इसे एक बिमारी की तरह देखकर उसके ईलाज के लिए प्रयास करना चाहिए।

प्रभारी कमलेश वर्मा ने कार्यक्रम के शुभारंभ और समापन अवसर पर पधारे मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथियों सहित रक्तदाताओं व वहां उपस्थित सभी गणमान्य लोगों का कार्यक्रम में आने पर जहां स्वागत किया। वहीं, सभी का आभार जताया। इस मौके पर एपीआरओ कुल्लू जेपी शर्मा, प्रसिद्ध पर्यावरणविद किशन लाल व उनकी बेटी कल्पना ठाकुर, समाजसेवी प्रेम कश्यप के अलावा पत्रकार और विभिन्न संस्थाओं से जुड़े गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### प्रयास सराहनीय

**शिविर** में विशिष्टातिथि पहुंचे प्रसिद्ध समाजसेवी एवं सूत्रधार कला संगम के अध्यक्ष दिनेश सेन ने अनंत ज्ञान को बधाई देते हुए कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र के साथ-साथ रक्तदान और पर्यावरण का संदेश देना अनंत ज्ञान की ओर से बहुत ही सराहनीय कदम है। इस तरह के आयोजनों से लोगों में जागरूकता बढ़ती है। वहीं, उन्होंने कहा कि सूत्रधार युवाओं के लिए अनेक गतिविधियों का आयोजन करवाती है, जिससे उनका ध्यान गलत कार्यों से हटकर क्रिएटिविटी की ओर लग जाता है। उनका यह प्रयास अनवरत जारी रहेगा।

### कविता सुनाकर विक्रम बत्रा को किया याद

इस मौके पर कवयित्री एवं लेखक अनुरंजनी गौतम ने शहीद सैनिक विक्रम बत्रा को याद करते हुए देशभक्ति की कविता सुनाई, जिसे सुनकर सभी भावुक हुए।



अनंत ज्ञान की पहली वर्षगांठ के अवसर पर क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यातिथि पहुंची डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए व उनके साथ विशिष्ट अतिथि सूत्रधार कला संगम के अध्यक्ष दिनेश सेन।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य लोग।



अनंत ज्ञान की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यातिथि पहुंची डीसी को पौधा देकर सम्मानित करती हुई कमलेश वर्मा।



रक्तदान शिविर में आईटीआई शमशी के रक्तदाता को सम्मानित करती हुई मुख्यातिथि डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश।



क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू स्थित ब्लड बैंक की टीम को सम्मानित करती हुई कमलेश वर्मा।



रक्तदान शिविर में आए प्रसिद्ध पर्यावरणविद किशन लाल के साथ उनकी बेटी पर्यावरणविद कल्पना ठाकुर को सम्मानित करती हुई कमलेश वर्मा।



रक्तदान शिविर के समापन अवसर पर पहुंचे मुख्यातिथि नगर परिषद कुल्लू के उपाध्यक्ष चंदन प्रेमी को सम्मानित करती हुई कमलेश व उनके साथ विशेषातिथि अन्य पांच पार्षदगण।



रक्तदाता प्रेम कश्यप को सम्मानित करती हुई मुख्यातिथि डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश।



रक्तदान शिविर में सबसे अंतिम रक्तदाता को सम्मानित करते हुए ब्लड बैंक कुल्लू के इंचार्ज।



रक्तदान शिविर के दौरान आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोग।



रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले आईटीबीपी के जवान को सम्मानित करते हुए विशिष्टातिथि दिनेश सेन।



अनंत ज्ञान की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान एसएसबी शमशी के जवान को सम्मानित करते हुए विशिष्टातिथि दिनेश सेन।





एबीवीपी कुल्लू इकाई के कार्यकर्ता रक्तदान करते हुए।



एबीवीपी कुल्लू इकाई के कार्यकर्ता अभिनव कश्यप रक्तदान करते हुए।



रक्तदान शिविर के शुभारंभ मौके पर मुख्यातिथि पहुंची डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश कार्यक्रम के दौरान संबोधित करती हुई।

### पर्यावरण का संदेश

इस मौके पर डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कहा कि रक्तदान के मौके पर सबसे अच्छी बात यह रही कि अनंत ज्ञान की तरफ से इस मौके पर पौधे भी बांटे गए, जिसके चलते पयार्वरण सरंक्षण का भी संदेश दिया गया, जो समाज के लिए अच्छी बात है।

### ये रहे उपस्थित

**चंदन** प्रेमी के साथ नगरपालिका परिषद के पार्षद कुबजा ठाकुर, राजेश ठाकुर, राज कुमार ठाकुर, शालिनी भारद्वाज तथा मनोनीत पार्षद विरेंद्र शर्मा साथ रहे। रक्तदान शिविर में कुल 42 लोगों ने रक्त दान किया, जिसमें एसएसबी, आईटीबीपी, आइटीआई शमशी, एबीवीपी, होमगार्ड, सहभागिता के अलावा अन्य संस्थाओं के जुड़े लोग प्रमुख हैं।

### नगर परिषद उपाध्यक्ष ने किया समापन

शिविर का समापन नगर परिषद के उपाध्यक्ष चंदन प्रेमी ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उन्होंने स्वयं भी 38 बार रक्तदान कर मानवसेवा में योगदान दिया है। हालांकि अनंत ज्ञान खबरों के माध्यम से जनता सरकार एवं प्रशासन के मध्य एक सेतू की भूनिका निभा रहा है, यह सुखद है कि एक मीडिया हाऊस द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन कर अपनी सकारात्मक भूमिका निभाई है, जिसका जरूरतमंदों को फायदा मिलेगा।



रक्तदान शिविर में रक्तदान करते हुए एसएसबी का जवान।



### बीजू ने बेहतर मंच संचालन कर बांधा समां

**कार्यक्रम** में टीम सहभागिता के अध्यक्ष एवं समाजसेवी बीजू ने बेहतरीन मंच संचालन कर समां बांधा और माहौल को खुशनुमा बनाए रखा और साथ में उन्होंने रक्तदाताओं का हौसला भी बढ़ाया।





रक्तदान शिविर के दौरान रक्तदाताओं और अन्य गणमान्य लोगों के साथ विशिष्टातिथि दिनेश सेन व अन्य।



अनंत ज्ञान की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में आयोजित रक्तदान शिविर में एसएसबी शमशी के जवान रक्तदान करते हुए।

### इन रक्तदाताओं ने किया पुण्यदान

**एबीवीपी** से अभिनव कश्यप, शिवांग कश्यप, राहुल राज, गौरव नेगी, राहुल, प्रशांत, अनिता, गणेश व रमन मल्होत्रा के अलावा आईटीआई शमशी से रामलाल, मुकेश, चंद्रेश, अमन शर्मा, अमन, वेदुल ठाकुर, रजत वर्मा, निखिल जंबाल, सुजल, आदित्य गुलेरिया, दिनेश, जतिन, मेहुल, सुनील कुमार, ललित कुमार और एसएसबी से मस्त राम, कुनाल वर्मा, खोखा ब्रह्मा, दिनेश कुमार, अमित कुमार, सुब्रता, प्रांजित, नंद राजा, सुमित व ललित कुमार के अलावा आईटीबीपी बबेली से सुनील, चंद्रेश, आदित्य, मुकेश और अमन शर्मा सहित होमगार्ड के जवान और टीम सहभागिता के सदस्यों सहित कुल 42 रक्तदानियों ने रक्तदान कर पुण्य कमाया।

### मीडिया संस्थानों की अच्छी पहल

इस मौके पर विशेषातिथि सूत्रधार कलसंगम के अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि अनंत ज्ञान मीडिया संस्थान की यह अच्छी पहल है। यह मीडिया संस्थान लोगों की समस्याओं के साथ-साथ रक्तदान में योगदान देकर समाज सेवा में अहम भूमिका निभा रहा है, जिसके लिए अनंत ज्ञान बधाई का पात्र है।



रक्तदान शिविर के समापन अवसर पर मुख्यातिथि पहुंचे नप कुल्लू के उपाध्यक्ष चंदन प्रेमी व अन्य पांच पार्षद रक्तदाता को सम्मानित करते हुए।

## आनी कॉलेज राज्य स्तरीय कॉलेज रैंकिंग में शीर्ष दस कॉलेजों में शामिल

**आनी।** राजकीय महाविद्यालय, आनी, प्रदेश के टियर-2 कॉलेजों की सूची में प्रदेश के शीर्ष 10 कॉलेजों में शामिल हुआ है। शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी कॉलेज रैंकिंग सूची में प्रदेश के 141 कॉलेजों की सूची में आनी कॉलेज 32वें स्थान पर है, जबकि 500 से 1000 के बीच छात्र संख्या वाले टियर-2 कॉलेजों में इसने 7वां स्थान प्राप्त किया है। आनी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कुंवर दिनेश सिंह ने राज्य सरकार द्वारा कॉलेजों की आंतरिक रैंकिंग में उच्च रैंक हासिल करने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आनी कॉलेज की छात्र संख्या 700 है, इसीलिए इस संस्थान को टियर-2 की सूची में शामिल किया गया है।

कॉलेज ने हाल ही में कई नई पहलें की हैं और उत्तम प्रथाओं को आरंभ किया है, जो आने वाले वर्ष में बेहतर रैंकिंग सुनिश्चित करेंगी। ये नई पहलें निश्चित रूप से कॉलेज को नैक मान्यता में भी अच्छा ग्रेड प्राप्त करने में मदद करेंगी। डॉ. कुंवर दिनेश सिंह ने इसका श्रेय राजकीय महाविद्यालय, आनी के पूरे परिवार को दिया, जिनके ईमानदार और निरंतर प्रयासों से संस्थान को उच्च रैंकिंग मिली। उन्होंने कॉलेज के समस्त समर्पित प्राध्यापक वर्ग एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। साथ ही प्राचार्य डॉ. कुंवर दिनेश सिंह ने कॉलेज के विकास में स्थानीय लोगों और मीडिया के निरंतर सहयोग के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

## भुंतर सुधार समिति ने उत्कृष्ट कार्य के लिए जीएल ठाकुर को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

शालीन स्वभाव के धनी गिरधारी लाल ठाकुर अधिशाषी अभियंता यांत्रिक मंडल कुल्लू को भुंतर सुधार समिति ने उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप ने स्वयं समिति का लाइफटाइम मैंबरशिप प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया। भुंतर सुधार समिति देश-प्रदेश हित व समाज के लिए अच्छा काम करने वालों और होनहार बच्चों को हमेशा प्रोत्साहित करने का प्रयत्न करती है, अगर आप अपनी फील्ड में ईमानदारी के साथ अच्छा कार्य करते हैं, तो आपको उस मेहनत का फल जरुर मिलता है। ऐसे काबिले तारीफ कार्य यांत्रिक मंडल कुल्लू के अधिशाषी अभियंता जीएल ठाकुर व उनकी टीम हमेशा करती आई है।



कुल्लू-मंडी क्षेत्र के रेडक्रॉस व हेल्थ सेंटर भवन के कार्य जो लंबे समय से पेंडिंग पड़े थे, उन सभी कार्य को भी यांत्रिक मंडल कुल्लू ने समय पर पूरा किया, जिनका भरपूर लाभ आज जनता उठा रही है। मेघ सिंह कश्यप ने कहा कि जीएल ठाकुर ने आपदा के समय अपनी टीम के साथ जनता के लिए रात-दिन खूब पसीना बहाया है। डीसी कुल्लू रहे आशुतोष गर्ग ने इनके कार्यों की सराहना प्रशंसा पत्र जारी करते हुए की। उन्होंने प्रशंसा पत्र में स्पष्ट लिखा कि यांत्रिक मंडल कुल्लू के अधिशाषी अभियंता गिरधारी लाल ठाकुर व इनकी टीम ने कुल्लू में आई बाढ़ के उस कठीन दौर में जनता की सुरक्षा व सुविधा के लिए रात-दिन काम किया। विनाशकारी बाढ़ के दौरान यांत्रिक मंडल कुल्लू ने जनता को राहत देने के लिए उफनती हुई नदियों के ऊपर तुरंत प्रभाव से कई बैली ब्रिज व झूले तैयार किए, ताकि जनता को आवाजही की सुविधा प्रदान हो सके। वहीं, भुंतर का बैली ब्रिज ब्यास नदी में गिरने से बचाया। इस प्रयास से सरकार का एक करोड़ नुकसान होने से बचाया। सथी ही पुल की जल्द मरम्मत कर जनता को आने जाने की सुविधा भी प्रदान की। कुल्लू में 9 ,10 व 11 जुलाई 2023 को प्रमुख नदियां ब्यास व पार्वती उफान पर थी। घाटी के अधिकांश स्थानों में सड़क, बिजली के साथ-साथ नेटवर्क कनेक्टिविटी पूरी तरह से बाधित हो गई थी।

## भारी बर्फबारी के चलते निराश्रयों के लिए आश्रय स्थलों की अधिसूचना जारी

**आनी।** आनी उपमंडल प्रशासन ने शीतकालीन मौसम के चलते भारी बर्फबारी के दौरान निराश्रय लोगों के लिए आश्रय स्थलों के रूप में विभिन्न स्थानों को अधिसूचित किया है। डीसी कुल्लू एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अध्यक्ष द्वारा शीतकालीन मौसम की तैयारियों के लिए आयोजित बैठक में इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। इसके परिणामस्वरूप, उपमंडल आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं एसडीएम आनी ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार बर्फबारी के कारण हिमस्खलन या किसी वजह से किसी का आश्रय खतरे में आ जाने के चलते निराश्रय लोगों के लिए आश्रय स्थल के रूप में खनाग, कोठी, खुन, दलाश, लगौटी, डिगेढ़ स्कूल को अधिसूचित किया गया है। इन स्थानों को शीतकालीन मौसम में बर्फबारी के दौरान आपातकालीन स्थिति में निराश्रय लोगों के लिए आश्रय के रूप में उपयोग किया जाएगा। यह सुनिश्चित किया गया है कि इन आश्रय स्थलों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं, ताकि प्रभावित व्यक्तियों को सुरक्षित और आरामदायक स्थिति में रखा जा सके।

## जश्न के मंच पर ताली कम, गुटबाजी की गूंज ज्यादा : गोविंद सिंह ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मनाली**

बिलासपुर में कांग्रेस सरकार द्वारा दो वर्षों के कार्यकाल का जश्न मनाना, सरकार की कथित उपलब्धियों से अधिक पार्टी की आंतरिक गुटबाजी और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की तानाशाही प्रवृत्ति को उजागर करने वाला मंच बनकर रह गया। यह बात भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने जारी बयान में कही।



उन्होंने कहा कि उस कार्यक्रम में पार्टी के ही एक पूर्व विधायक द्वारा प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह को भाषण के दौरान बीच में ही रोक दिया जाना, यह दर्शाता है कि कांग्रेस में अब शिष्टाचार और आपसी सम्मान की कोई जगह नहीं बची है। यह घटना मुख्यमंत्री और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के बीच चल रहे संघर्ष और असंतुलन का स्पष्ट प्रमाण है। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि यह घटना कांग्रेस की गहराती गुटबाजी और सरकार के भीतर बढ़ते असंतोष को उजागर करती है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को सार्वजनिक मंच पर इस तरह अपमानित करना न केवल शर्मनाक है, बल्कि यह दर्शाता है कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने संगठन और सरकार के रिश्तों को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया है। पूर्व मंत्री गोविंद ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू अपनी तानाशाही कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने मंत्रियों को भी दरकिनार करते हुए सारा शासन अपने हाथों में केंद्रित कर लिया है। अब, संगठन के शीर्ष नेताओं को भी उन्हीं की सरकार के कार्यक्रमों में बोलने का समय नहीं दिया जा रहा है। यह मुख्यमंत्री के अहंकार और गुटीय राजनीति का नतीजा है। वहीं, पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कांग्रेस की सुक्खू सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस कार्यक्रम में सरकार को अपनी उपलब्धियां गिनानी चाहिए थीं, वह मंच कांग्रेस के आंतरिक विवादों का अखाड़ा बन गया।

# अनंत ज्ञान पत्र की प्रथम वर्षगांठ पर रक्तदान कर लोगों ने कमाया पुण्य

## रक्तदान महादान...












अनंत ज्ञान समाचार पत्र की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर सोलन में आयोजित रक्तदान शिविर में मुख्यातिथि पधारे डीसी सोलन का स्वागत करते सोलन प्रभारी मोहन चौहान और टीम।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र की प्रथम वर्षगांठ और एमडी डॉ. दलीप धाकड़ के जन्मदिवस के अवसर पर संस्थान ने प्रदेश और जिला कार्यालयों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

इस कड़ी में जिला मुख्यालय सोलन में भी साईं संजीवनी अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि उपस्थित होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में व्यवसायी सुनील ठाकुर और मुकेश विज विशिष्टातिथि के तौर पर शिरकत की। इसके अलावा सीएमओ सोलन डॉ. अमित रंजन, साईं संजीवनी अस्पताल के डॉ. संजय अग्रवाल और डॉ. सविता अग्रवाल ने भी विशेषातिथि के रूप में शिरकत की। रक्तदान शिविर में सोलन अस्पताल की डॉ. आंचल शर्मा और टीम ने अपनी सेवाएं दीं। इससे पहले अनंत ज्ञान टीम ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने इस मौके पर रक्तदाताओं को सम्मानित किया। उन्होंने अनंत ज्ञान की प्रथम वर्षगांठ पर प्रबंधन और टीम को बधाई दी। साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन किए जाने की भी सराहना की। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन कर मानव जीवन बचाने के लिए किए गए महादान को सर्वश्रेष्ठ बताया। शिविर में गौरव, ओम प्रकाश, अरुण, हरमिंदर कुमार, नवीन कुमार, दिनेश, राहुल दास, गौरव कुमार, हेतराम माधुरी, सुनील ठाकुर, अमरीक सिंह, विजय भट्टी, अनिल, राहुल, दीप कुमार, विकास सिंह, विप्लव, विशाल शर्मा, हितेंद्र शर्मा, हरीश कुमार सहित 30 लोगों ने रक्तदान किया। अंत में सोलन प्रभारी मोहन चौहान ने अतिथियों और रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। शिविर में भावना शांडिल, मनीष कुमार, शिवानी, मदन हिमाचली ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर अरुण शर्मा और मुकेश गुप्ता भी मौजूद रहे।





अनंत ज्ञान समाचार पत्र की प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करते हुए रक्तदाता।




अनंत ज्ञान समाचार पत्र की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में अतिथियों को सम्मानित करते हुए।











## शिविर में रक्तदानी सम्मानित









## न्यूज ब्रीफ

### पाइनग्रोव भारत के शीर्ष 10 बोर्डिंग स्कूलों में

**सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू ने समूचे भारत में सातवां स्थान अर्जित किया। भारत की अग्रणी शिक्षा पत्रिका, एजुकेशन टुडे ने देश के शीर्ष स्कूलों को सम्मानित करने के लिए 10 दिसंबर को द ताज, बैंगलोर में इंडिया स्कूल मेरिट अवार्ड्स की मेजबानी की। 1760 सर्वेक्षण प्रपत्रों में से शीर्ष 400 से अधिक स्कूलों का चयन किया गया है। सभी स्कूल को सीबीएसई, आईसीएसई, अंतरराष्ट्रीय और राज्य बोर्ड के साथ-साथ 15 मापदंडों के तहत वर्गीकृत किया गया है, पाइन ग्रोव स्कूल, सुबाथू ने एक बार फिर शीर्ष स्थान हासिल करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।

### मासिक धर्म स्वच्छता पर छात्राओं को किया जागरूक

**बीबीएन।** रोटरी क्लब बद्दी ने शिवालिक वैली स्कूल में मासिक धर्म स्वच्छता और ईको-फ्रेंडली समाधानों पर एक सफल कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में रोटरी क्लब बद्दी की प्रेजिडेंट कविता बंसल व रोटेरियन दिनेश बंसल उपस्थित थे। इस कार्यशाला में छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व और ईको-फ्रेंडली उत्पादों के उपयोग के बारे में जागरूक किया गया । विशेषज्ञ चंद्रेश राणा ने मासिक धर्म संबंधी मिथकों का खंडन किया। राणा ने छात्राओं को मासिक धर्म क्या होता है उस समय हमें किन बातों का ध्यान रखना है और हमें कौन सी सावधानियां बर्तनी है आदि की जानकारी दी।

### धुंदन स्कूल में मेधावियों को किया सम्मानित

**दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन ने अपना वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष नीम चंद ठझकुर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। धुंदन विद्यालय पहुंचने पर मुख्यातिथि सरताज सिंह राठौर का स्कूल स्टाफ व स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि सरताज सिंह राठौर के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुति दी। इसके बाद विद्यालय के मेधावी छात्रों को उनकी शैक्षिक उपलब्धियों के लिए पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान दिए गए।

### समानता पर राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय के कानूनी विज्ञान संकाय ने समानता पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें आधुनिक सामाजिक चुनौतियों के समाधान और मौलिक मानवाधिकारों को आगे बढ़ाने के लिए नवीन कानूनी रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए प्रतिष्ठित हस्तियों, कानूनी विशेषज्ञों और शोधकर्ताओं को एक साथ लाया गया। सम्मेलन के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों में एचपीपीएससी के अध्यक्ष और प्रधान मंत्री के पूर्व एसपीजी कैप्टन रामेश्वर सिंह ठाकुर, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय से प्रोफेसर अमित लुधरी आदि शामिल थे।

## एनयूजेआई का पहला उद्देश्य प्रेस की स्वतंत्रता व पत्रकारों की सुरक्षा

**अनंत ज्ञान, नाहन**




नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट (इंडिया) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा में आरंभ हुई। इस बैठक में देश भर से वरिष्ठ पत्रकार शामिल हुए हैं। हिमाचल प्रदेश पांच पत्रकारों ने सम्मेलन में शिरकत की।

बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी व आंध्रप्रदेश ईकाई द्वारा संयुक्त रूप से की गई। इस बैठक में सबसे पहले भोपाल में हुई कार्यकारिणी की बैठक की समीक्षा की गई। इस राष्ट्रीय बैठक में सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि एनयूजेआई (इंडिया) का पहला उद्देश्य प्रेस की स्वतंत्रता एवं पत्रकारों की सुरक्षा है, जिसके लिए पिछले काफी समय से एनयूजेआई लगातार संघर्ष कर रही है। इसके लिए राष्ट्र स्तर पर एनयूजेआई व राज्य स्तर पर एनयूजेआई इंडिया से संबंद्व संगठन कार्य कर रहे है।

## अध्यक्ष बनने पर रणजीत को दी बधाई

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

सिरमौर जिले में भारतीय जनता पार्टी के नवगठित मंडलों के अध्यक्षों को चुने की प्रक्रिया में रेणुका चुनाव क्षेत्र के नवगठित भाजपा मंडल संगड़ाह के अध्यक्ष पद के लिए 25 पंचायतों के भाजपा प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने रणजीत सिंह चौहान को सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया।

यद्यपि प्रदेश के सभी मंडलों के अध्यक्षों का अनुमोदन राज्य स्तर पर प्रदेश भाजपा द्वारा गठित कमेटी द्वारा औपचारिक घोषणा 16 दिसंबर को की जानी है, परंतु रेणुका चुनाव क्षेत्र के संगड़ाह भाजपा मंडल ने काफी जद्दोजहद के बाद अंतत: रणजीत सिंह चौहान का नाम फाइनल किया।

## मंजयाट स्कूल में मेधावी स्टूडेंट्स को किया पुरस्कृत

**अनंत ज्ञान, अर्की**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंजयाट अर्की में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्यातिथि रूप सिंह ठाकुर अध्यक्ष पंचायत परिषद ब्लाक विकास खंड कुनिहार व प्रधान पंचायत देवरा रहे।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन सरस्वती वंदना एवं वंदे मातरम से किया गया। मुख्यातिथि ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद व अन्य क्रियात्मक गतिविधियां भी आवश्यक हैं। जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए अथक परिश्रम व लक्ष्य के प्रति लगन आवश्यक है। इससे पूर्व प्रधानाचार्य रीता कश्यप ने विद्यालय में हुए एक वर्ष के दौरान शैक्षणिक खेलकूद व अन्य क्रियाकलापों की जानकारी दी गई व मेधावियों को सम्मानित किया गया।

## रोड सेफ्टी से जुड़ी जानकारी ली

**नाहन।** डीसी सिरमौर सुमित खिमटा की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। डीसी ने बैठक में रोड सेफ्टी से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली तथा सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के लिए वन विभाग को राष्ट्रीय राजमार्गों और अन्य सड़कों के किनारे गिरे पेड़ों के पूरे तने और जड़ को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला चिकित्सा अधिकारी तथा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि हर सप्ताह नियमित मेडिकल कॉलेज, इंजिनियरिंग कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता शिवरों का आयोजन किया जाए।

## अंबुजा सीमेंट में कर्मचारियों ने प्रबंधन पर लगाए उत्पीड़न के आरोप

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



कंपनी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कर्मचारी।

अदानी समूह के अंबुजा सीमेंट दाड़लाघाट में कार्यरत कर्मचारियों ने कंपनी प्रबंधन पर उत्पीड़न और धमकी के आरोप लगाए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि कंपनी प्रबंधन उन्हें जबरन वीआरएस लेने और ट्रांसफर की धमकी दे रहा है।

कर्मचारियों ने बताया कि वे हाउस लैस और लैंड लूजर हैं और कंपनी ने उनकी जमीन अधिग्रहण की थी। इसके बदले में उन्हें कंपनी में स्थायी रोजगार दिया गया था, लेकिन अब कंपनी प्रबंधन उन्हें उत्पीड़ित कर रही है और उन्हें जबरन वीआरएस लेने के लिए मजबूर कर रही है। इस मामले में विधायक संजय अवस्थी से एक प्रतिनिधिमंडल भारतीय मजदूर संघ इकाई दाड़लाघाट के अध्यक्ष सुरेश कुमार की अध्यक्षता में दाड़लाघाट विश्राम गृह में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक संजय अवस्थी को कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया और उनसे मदद की मांग की। विधायक संजय अवस्थी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन किया कि वह कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है और वह इस मामले में सीएम से बातचीत करेंगे। विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि वह कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए कंपनी प्रबंधन से भी बातचीत करेंगे। कर्मचारियों को जबरन वीआरएस लेने के लिए मजबूर करना और उन्हें ट्रांसफर की धमकी देना अनुचित है और इसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## 121 लोगों ने किया रक्तदान

**बीबीएन।** दून सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ट्रस्ट द्वारा बद्दी–बरोटीवाला मार्ग पर गैस प्लांट के निकट आयोजित प्रथम रक्तदान शिविर में 121 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ एसडीएम बद्दी विवेक महाजन ने किया। उन्होंने कहा कि रक्त से बड़ा रक्तदान नहीं है। हमारी समाज के प्रति जो जिम्मेवारी बनती है, उसे निभाना चाहिए। आपके द्वारा दिया गया रक्त न जाने कितने लोगों की जिंदगी बचाएगा। इसलिए सभी 18 से 60 वर्ष की आयु के स्वस्थ व्यक्ति अवश्य रक्तदान करें और इस ट्रस्ट द्वारा शिविर आयोजित करने के लिए उन्होंने ट्रस्ट के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कामगार कल्याण बोर्ड के कार्यालय को शिमला से हमीरपुर स्थानांतरित करना तर्कसंगत नहीं : मेला राम

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**



हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने अब व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर चमड़े के सिक्के चलाने शुरू कर दिए हैं और सबसे गरीब वर्ग के कल्याण के लिए राजधानी शिमला में खोले गए कामगार कल्याण बोर्ड के कार्यालय को शिमला से हमीरपुर स्थानांतरित करने का तुगलक्की फरमान जारी कर दिया है।

यह जानकारी देते हुए सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता एवं पंचायत समिति संगड़ाह के पूर्व अध्यक्ष मेलाराम शर्मा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष रणवीर ठाकुर और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बलबीर ठाकुर ने बताया कि सरकार ने समाज के सबसे कमजोर वर्ग, मजदूरों के कल्याण के लिए शिमला मे 2 मार्च, 2009 में धूमल सरकार द्वारा खोले गए कामगार कल्याण बोर्ड को बिना वजह शिमला से हमीरपुर स्थानांतरित कर दिया है। इससे पूरे हिमाचल में हड़कंप मच गया है और प्रदेश के कामगारों विशेष कर दिहाड़ी मजदूरी करने वाले गरीब लोगों को अब अपने दफ्तर काम करवाने के लिए राजधानी शिमला की बजाय सैकड़ों मील दूर हमीरपुर जाना पड़ेगा।

# शिमला में युवाओं में दिखाया जोश, 25 ने किया रक्तदान

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

कहते है कि जवानी वह है, जो किसी के काम आए। अपने लिए तो सब जिते है, दूसरे के लिए जीओ। इसी तरह का जज्बा युवा वर्ग में तब दिखा जब रिज मैदान शिमला में 'अनंत ज्ञान' समूह द्वारा अपनी सालगिरह पर आयोजित रक्तदान शिविर में रक्त देने आगे आए। शिविर में सबसे खास बात तो यह रही कि 15 के करीब ऐसे युवा वर्ग आए, जिन्होंने रक्तदान तो करना था, लेकिन उनकी उम्र पूरी नहीं थी। ऐसे में वे रक्तदान नहीं कर पाए।

'अनंत ज्ञान' के इस रक्तदान शिविर में कुल 25 लोगों ने रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर में पूर्व व्यापार मंडल के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह और पूर्व में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के पॉलिटिकल एडवाइजर रहे व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मीडिया कॉर्डिनेटर अनिल गोयल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने 'अनंत ज्ञान' समूह को एक वर्ष पूरा होने पर बधाईयां दी ओर शिविर की सराहना की। मुख्यातिथि इंद्रजीत सिंह ने भी रक्तदान किया। वहीं 'अनंत ज्ञान' शिमला के ब्यूरो रविंद्र जस्टा ने भी सबसे पहले रक्तदान किया।

हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल आईजीएमसी के ब्लड से आए चिकित्सक और तकनिशियन ने इस दौरान कोई कोताई नहीं बरती। जो लोग बीमारी से ग्रस्ति थे, उन्हें डाक्टर ने पहले ही रक्तदान करने से मना कर दिया। चिकित्सक का इस शिविर में काफी सहयोग रहा। न जाने इस रक्तादन से कितने लोगों की जिंदगी बचती होगी। इस बात के लिए चिकित्सक ने भी 'अनंत ज्ञान' ग्रुप की काफी तारिफ की। हर एक युवा वर्ग के मुंह से सिर्फ एक ही शब्द निकला की अगर हम किसी मनुष्य की जिंदगी नहीं बचा सकते तो जिंदगी जिने का क्या फायदा।

शिविर के दौरान चिकित्सक ने भी लोगों से यही आग्रह किया कि हमें रक्तदान करना चाहिए। अगर आप का दिया हुआ रक्त किसी के काम आए तो इससे बढ़कर और कोई समाज सेवा नहीं हो सकती है। (अनंत ज्ञान)



शिमला में रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे पूर्व व्यापार मंडल शिमला के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए आईजीएमसी शिमला ब्लड बैंक के एचओडी संदीप मल्होत्रा व उपस्थित अन्य।




रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित पूर्व में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के पॉलिटिकल एडवाइजर रहे व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मीडिया को-ऑर्डिनेटर अनिल गोयल को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए शिमला के ब्यूरो रविंद्र जस्टा और रिपोर्टर गायत्री गर्ग।

## आईजीएमसी ब्लड बैंक के एचओडी संदीप मल्होत्रा ने लोगों से कहा-रक्तदान करने से न डरे लोग

आईजीएमसी ब्लड बैंक के एचओडी संदीप मल्होत्रा ने लोगों को कहा कि रक्तदान करने से बिल्कुल भी नहीं डरना चाहिए। अगर आप स्वस्थ है तो तभी रक्तदान करे। आपको अगर बीमारी के लक्षण है तो रक्तदान मत करे। ऐसी हालत में खतरा रहता है कि आप खून देकर कही ज्यादा बीमार न हो जाए। कम उम्र में भी रक्तदान नहीं करना चाहिए। ऐसा नहीं की रक्तदान करने से कमजोरी आती है। 24 घंटे के अंदर मनुष्य के अंदर खून पूरा हो जाता है। 3 महीने के बाद ही रक्तादाता रक्तदान करने के लिए पात्र होगा।



शिमला में रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे पूर्व व्यापार मंडल शिमला के अध्यक्ष इंद्रजीत रक्तदान करते हुए।



शिमला में 'अनंत ज्ञान' समूह द्वारा सालगिरह पर आयोजित रक्तदान शिविर दौरान रक्तदान करते रक्तदानी।

## शिमला के रक्तदानी

**शिव** दयाल, मोहित हिमराल, राजेंद्रपाल सिंह सिद्ध , अनुराधा, मुकेश, इंद्रजीत सिंह, अतुल, बीएस नेगी, फते सिंह, चिराग, रविंद्र जस्टा, सोहन लाल, रजनीश, अमनमित सिंह, वंश शर्मा, कपिल, अनिल, प्रीति, विनोद, अनीता, करतार, शिवम, मोहन, कुलदीप और समीर ।

## वंश ने पहली बार किया रक्तदान

**चौपाल** के रहने वाले वंश शर्मा ने कहा कि मैंने पहली बार रक्तदान किया है। पहले तो हल्का सा डर भी सता रहा था, लेकिन जब रक्तदान किया तो ऐसा लगा कि किसी मनुष्य की जान बच गई। हम 'अनंत ज्ञान' के बहुत-बहुत अभारी है, जिन्होंने शिविर लगाकर हमें भी रक्तदान करने का मौका दिया और बिना किसी तनाव और घबराहट के रक्दान करने में हम सफल हुए।

## शिव दयाल ने मरीजों के लिए किया रक्तदान

**नारकंडा** के रहने वाले शिव दयाल ने कहा कि अस्पताल में बीमारी से पीड़ित मरीजों के लिए रक्तदान करता हूं। मैंने 5वीं बार रक्तदान किया है। वैसे तो कई लोग रक्तदान शिविर लगाते है, लेकिन 'अनंत ज्ञान' द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर करने से ऐसा लगा कि फिर से रक्तदान कर ही लेता हुं। रक्तदान लोगों को करना चाहिए। इससे हार्ट की दिक्कतें भी दूर होती है। अगर खून गाढ़ा है तो देना चाहिए। इससे लोग हार्ट अटैक से बचते है।

## किसी गरीब के काम आएगा मेरा रक्त

**राजेंद्रपाल** सिंह सिद्ध ने कहा कि उन्होंने 26वीं बार रक्तदान किया है। मैंने इसलिए रक्तदान किया है कि अस्पताल में किसी न किसी गरीब लोगों के काम यह रक्त काम आएगा, क्योंकि अक्सर ही देखा गया है कि गरीब तपके के लोगों को अस्पताल में रक्त नहीं मिल पाता है। ऐसे में अगर हम रक्तदान करेंगे तो गरीब लोगों की जिंदगी भी बच पाए।

## बीएस नेगी ने 55वीं बार किया रक्तदान



किल्वा किन्नौर के रहने वाले बीएस नेगी ने कहा कि उन्होंने 55वीं बार रक्तदान किया है। वह चाहते है कि अस्पताल में किसी की जिंदगी बच पाए। इससे कई बीमार पीड़ित लोगों की जिंदगी बच पाएगी।

## रक्त जरूरतमंद लोगों के काम आता : मोहित हिमराल

**सुन्नी** के मोहित हिमराल ने कहा कि उन्होंने चौथी बार रक्तदान किया है। अस्पताल में जरूरतमंद लोगों के काम आता है रक्त हम चाहते है कि अस्पताल में किसी की जिंदगी बच पाए। हम अनंत ज्ञान के आग्रणी है जो कि रक्तदान शिविर आयोजित करता है और रक्त को एकत्रित कर अस्पताल में पहुंचाते है। इससे कई बीमार पीड़ित लोगों की जिंदगी बच पाएगी। यह रक्त अस्पताल में जरूरतमंद लोगों के काम आता है।











# बांग्लादेश सरकार होश में आए, मोहम्मद यूनुस से वापस ले शांति नोबल पुरस्कार : हिंदू संगठन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

बांग्लादेश में हिंदुओं एवं अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न व नरसंहार के विरोध में विशाल जनसभा का आयोजन सीटीओ पर किया गया।

डिफेंडर्स ऑफ ह्यूमन राइट्स के प्रदेश संयोजक अजय श्रीवास्तव ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ 5 अगस्त के बाद से लगातार अत्याचार हो रहा है, वहां पर कई हिंदुओं की हत्याएं कर दी हैं। हमारी माताओं, बहनों के साथ वहां पर रेप हुआ है, कई हिंदू मंदिर नष्ट कर दिए, हिंदू नेता हिंदू पुजारी को गिरफ्तार कर लिए और जिस बांग्लादेश को बनाने में पूरे भारत के हिंदू समाज ने और सरकार ने एक महत्त्वपूर्ण योगदान 1971 में दिया था वहां का हिंदू समाज भी बांग्लादेश निर्माण में मुक्ति वाहिनी और शेख मुजीबुर रहमान के साथ था। आज उसको अत्याचार का शिकार बनाया जा रहा है।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बांग्लादेश में एक ऐसा जिहादी किस्म का चीफ एडवाइजर वहां पर बन गया है, जो कि प्राइम मिनिस्टर का रोल प्ले कर रहा है। मोहम्मद यूनुस वो इस पूरे घटना क्रम का वहां जो सत्ता परिवर्तन हुआ न सिर्फ उसका मास्टर माइंड है बल्कि जिहाद को बढ़ावा देना, हिंदू और बौद्धों के सारे पूजा स्थल सारे नष्ट किए जा रहे हैं उसका मास्टर माइंड है, बांग्लादेश में इस्कॉन के ऊपर अत्याचार हो रहा है, इन सबका मास्टर माइंड यही शख्स है।

इस मुद्दे को लेकर हम पूरे दुनिया में आवाज उठा रहे हैं, हिंदू संगठन और यहां यह डिफेंडर्स ऑफ ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन ने यहां का प्रोटेस्ट किया है इसमें विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संस्थाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा की हमारी मांग है कि बांग्लादेश सरकार होश में आए, हिंदुओं के साथ अत्याचार बंद हो और नोबल पुरस्कार समिति जिसने 2006 में मोहम्मद यूनुस को शांति का नोबल पुरस्कार दिया है, वो इस लायक नहीं है जो हिंसा, हत्या, बलात्कार और इस्लाम को फैलाने का जिहादी इस्लाम को फैलाने का दोषी है।

यूनुस के ऊपर अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में केस चलाया जाना चाहिए और 2006 में इसको जो नोबल पीस प्राइज दिया गया है यह नोबल पुरस्कार समिति और विश्व मानवता पर एक कलंक है इसको तुरंत इसके ऊपर पुनर्विचार करे इसको वापस ले, हम यहां से विभिन्न संगठनों के माध्यम से ज्ञापन भेज रहे हैं। हिमाचल से और भारत से हम भी वहां पर ज्ञापन भेजेंगे कि इसका नोबल पुरस्कार वापस लिया जाए और हिंदुओं के मानवाधिकार बांग्लादेश में सुरक्षित किए जाए न सिर्फ बांग्लादेश में बल्कि पाकिस्तान बांग्लादेश अफगानिस्तान और भारत के विभिन्न हिस्सों में क्योंकि हिंदू सहिष्णु है।




## सीए के कुपवी दौरे के लिए सभी तैयारियां मुकम्मल

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** शुक्रवार को मुख्यमंत्री के कुपवी दौरे को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली है । इस दौरान मुख्यमंत्री लाभार्थियों को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सम्मान निधि के 1500 -1500 रुपए की राशि वितरित करेंगे तथा कुपवी क्षेत्रो को करोड़ों की सौगातें भेंट करेंगे। मुख्यमंत्री के इस दौरे को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा जोश देखा जा रहा है तथा इस दौरे को सफल बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस संगठन मंत्री रजनीश किमटा ने दो दिन से मोर्चा संभाला हुआ है। उन्होंने बुधवार को कुपवी में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र की मांगों को लेकर मंत्रणा की।

गुरुवार को भी उन्हों ने चौपाल और नेरवा में बैठक कर कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए। उधर, सीएम के दौरे की व्यवस्थाएं जानने के लिए सहायक उपयुक्त शिमला,एसडीएम कुपवी एवं एसडीपीओ चौपाल भी कुपवी में सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य इंतजाम की देखरेख में डटे हुए है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री के रात्रि आवास के लिए ग्राम पंचायत कुलग के टिक्कर,मंझौली पंचायत के मंझौली गांव एवं जुड्डु शिलाल पंचायत के नंदपुर गांव में से एक गांव का चयन किया जाएगा ।

# सुन्नी स्कूल की 12वीं की छात्रा स्नेहा को सम्मानित किया, भाषण से लूटी वाहवाही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

श्री राम सेवा संकल्प फाउंडेशन द्वारा शिमला के गेयटी थिएटर में आयोजित छात्रवृत्ति वितरण समारोह में राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल सुन्नी की 12वीं कक्षा की छात्रा स्नेहा शर्मा ने स्वदेश प्रेम विषय पर भाषण देकर खूब वाहवाही लूटी।




स्नेहा ने कहा कि युवा पीढ़ी नशे की चपेट में आकर अपना, अपने परिवार का और देश का नुकसान कर रही है। युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता सेनानियों से सीख लेकर राष्ट्र निर्माण के काम में जुड़ना चाहिए। उसका यह भी कहना था कि यदि स्वतंत्रता सेनानी आज के युवाओं की तरह नशा एवं अन्य बुराइयों को अपनाकर अपना जीवन बर्बाद कर लेते तो देश कभी आजाद नहीं होता।

## धामी कॉलेज में सड़क सुरक्षा क्लब ने आयोजित की प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील में वीरवार को सड़क सुरक्षा क्लब ने विद्यार्थियो के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता आयोजित करने का उद्देश्य विद्यार्थियो को सड़क सुरक्षा नियमों से अवगत करवाना रहा।



कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर प्रवीण जरेट ने शिरकत की। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ नमिता खागटा, डॉ साची सूद और डॉ कविता कुमरा ने निभाई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा खुशबू, द्वितीय स्थान बीए द्वितीय वर्ष की भैरवी एवं प्रथम वर्ष की योगिता और तृतीय स्थान अनुष्का शर्मा बीए द्वितीय वर्ष एवं दिव्या अरुण बीए तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया।

# 'अनंत ज्ञान' के उपलब्धियों भरे प्रथम वर्ष पर बधाइयों का तांता

## बधाई संदेश



मैं इस पत्र के माध्यम से आपके समाचार पत्र के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। आपके द्वारा प्रदान की जाने वाली समाचार सामग्री न केवल सटीक और तथ्यात्मक होती है, बल्कि समाज में जागरूकता और समझ को भी बढ़ावा देती है। आपकी टीम ने हमेशा निष्पक्षता, समर्पण और कड़ी मेहनत के साथ खबरों को प्रस्तुत किया है। चाहे वह सामयिक घटनाएं हों, सामाजिक मुद्दे हों या विशेष रिपोर्ट्स, आपकी पत्रकारिता ने हमेशा पाठकों के विश्वास को बनाए रखा है और समाज को जागरूक किया है। आपकी मेहनत, ईमानदारी और पेशेवर दृष्टिकोण ने न केवल इस समाचार पत्र को एक विशिष्ट पहचान दिलाई है, बल्कि इसे समाज के लिए एक महत्वपूर्ण और विश्वसनीय स्रोत बना दिया है। मैं आपके प्रशासन, संपादकीय और तकनीकी टीम को धन्यवाद देता हूं और आशा करता हूं कि भविष्य में भी आप इसी तरह समाज की सेवा करते रहेंगे और पत्रकारिता की मिसाल प्रस्तुत करेंगे।

**सादर**
**रविंद्र कुमार धीमान**
**पूर्व विधायक, जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र**

## बधाई संदेश



मुझे जानकर हर्ष हुआ कि अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण कर पत्रकारिता के क्षेत्र में छाप छोड़ी है। मुझे उम्मीद है कि अनंत ज्ञान समाचार पत्र भविष्य में पारदर्शिता निष्पक्षता और निडरता से कार्य करते हुए पत्रकारिता के मूल्यों को बनाए रखने में नए आयाम स्थापित करेगा।

**सुनील ठाकुर**
**सचिव, भाजपा किसान मोर्चा**

## बधाई संदेश



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र और टीवी द्वारा उपलब्धियों भरा एक साल पूरा होने पर हमारी ओर से अनंत शुभकामनाएं। यह समाचार पत्र एक साल में ही आम लोगों की समस्याओं और जनभावनाओं को प्रत्यक्ष लाने में कामयाब रहा है। इस थोड़े से कार्यकाल के दौरान समाचार पत्र में लोगों के दिलों की जगह बना ली है। हमारी ओर से पूरी टीम को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

**चुन्नीलाल शर्मा**
**अधिशाषी अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग सरकाघाट।**

## बधाई संदेश



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र और टीवी चैनल की पहली वर्षगांठ के महत्वपूर्ण अवसर पर, मैं आप सभी के अथक प्रयासों, अटूट समर्पण और अथक जुनून के लिए आप सभी को बधाई देता हूं। पत्रकारिता के क्षेत्र में आपके अटूट समर्पण और असाधारण कार्य ने न केवल जनता को जागरूक किया है, बल्कि सामाजिक मुद्दों को सरकार और प्रशासन के ध्यान में लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस महान पेशे में आपकी दृढ़ता और ईमानदारी वास्तव में प्रेरणादायक है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर एक बार फिर बधाई। पहली वर्षगाठ की शुभकामनाए टीम अनंत ज्ञान।

**संजय संख्यान**
**सहायक नियंत्रक एवं सचिव, जिला रेडक्रॉस सोसायटी ऊना**

## बधाई संदेश



हिमाचल प्रदेश के नगरोटा बगवां से प्रकाशित होने वाले दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' के प्रकाशन की एक वर्ष की अवधि पूर्ण होने पर समाचार पत्र के समूह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। 'अनंत ज्ञान' ने इस अल्प अवधि में ही अपनी सटीक व निष्पक्ष पत्रकारिता और स्तरीय संपादकीय के चलते पाठक वर्ग में विशेष पहचान अर्जित कर ली है। 'अनंत ज्ञान' समूह को इस विशेष अवसर पर मेरी अनंत शुभकामनाएं।

**रवि वर्मा**
**उपनिदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, धर्मशाला।**

## बधाई संदेश



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान व वेब टीवी की पहली वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं। हर गांव की समस्याओं तक पहुंच बनाने के प्रयास सराहनीय हैं। इसके साथ ही छोटे से कार्यकाल में पूरे प्रदेश में अपनी पहुंच बनाने पर हार्दिक शुभकामनाएं। यह समाचार पत्र कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ता रहे ऐसी हमारी कामना है। एक बार पुन: मेरी ओर से समस्त अनंत ज्ञान परिवार को पहली वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

**प्रताप सिंह चौहान**
**अध्यक्ष सरकाघाट पत्रकार संघ।**

## बधाई संदेश



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र एवं टीवी चैनल की पूरी टीम को आपकी पहली वर्षगांठ के अवसर पर हार्दिक बधाई। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि पत्रकारिता के क्षेत्र में आपके द्वारा की गई कड़ी मेहनत, समर्पण और जुनून का प्रमाण है। लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका अमूल्य है और आपकी ईमानदारी और सच्चाई के प्रति प्रतिबद्धता आपको इन लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने में एक प्रमुख खिलाड़ी बनाती है। सामाजिक चिंताओं को संबोधित करने और लोगों की आवाज को बुलंद करने के लिए आपका अटूट समर्पण वास्तव में सराहनीय है। आपका असाधारण कार्य समुदाय की सेवा करना और सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करना जारी रखता है। एक बार फिर, इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई। हम समाज के लिए आपकी अनुकरणीय सेवा के कई और वर्षों के साक्षी बनने की आशा करते हैं।

**रवि कपूर**
**एमडी विजन पब्लिक स्कूल बैजनाथ**

## बधाई संदेश



अनंत ज्ञान समाचार पत्र के सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा होने पर आर्ट ऑफ लिविंग की हिमाचल इकाई की ओर से बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं। आप इसी तरह निर्भीकता, निष्पक्षता व ईमानदारी से समाज सेवा के क्षेत्र में आम जनमानस की अपेक्षा पर हमेशा खरा उतरते रहे। अनंत ज्ञान की पूरी टीम बधाई की पात्र है।

**तृप्ता रामा**
**राज्य मीडिया संयोजक**
**आर्ट ऑफ लिविंग, हिमाचल प्रदेश।**

## बधाई संदेश



हिमाचल प्रदेश के नगरोटा बगवां में प्रकाशित होने वाले दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन की एक वर्ष की अवधि पूर्ण होने पर समाचार पत्र के समूह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। अनंत ज्ञान ने इस अल्प अवधि में ही अपनी सटीक व निष्पक्ष पत्रकारिता और स्तरीय संपादकीय के चलते पाठक वर्ग में विशेष पहचान अर्जित कर ली है। अनंत ज्ञान समूह को इस विशेष अवसर पर मेरी अनंत शुभकामनाएं।

**-नीनू शर्मा, मेयर, नगर निगम धर्मशाला,**
**जिला कांगड़ा, हिप्र**

## बधाई संदेश



On behalf of Team Ajay Healthcare Una, we extend heartfelt congratulations to you and to the entire team of Anant Gyan daily news paper and TV channel on the auspicious occasion of your first anniversary. Your unwavering dedicatien and exceptional work in the field of Journalism have not only enlightened the public but alse played a pivotal role in addressing social issues by bringing them to the attention of Govt and Administration. Your commitment to delivering timely and accurate information is really commendable and your offorts put in to highlight the challenges faced by our seciety are invaluable. It is through the diligent werk of Journalist like you that transparency is upheld and the veices of people are heard. Team Ajay Healthcare wishes Anant Gyan daily news paper and news channel continued success in all future endeavors. May you keep enlightening the society with your insightful reporting by demonstrating the highest standards of journalism. Your perseverance and integrity in this noble prefession are truly inspiring. Once again congratulations on this remarkable milestone. We look forward to witnessing many more years of your exemplary service to the society. Best wishesTeam Ajay Healthcare One stop solution for Pharmaceuticals Surgical Schstions and Medical Equipments.

**Ajay verma**
**Pro. Aajy Healthcare**
**L.G. Floor, Kamla Complex**
**Hamirpur Road, Una (H.P.)**

## बधाई संदेश



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र और टीवी चैनल पहली वर्षगांठ के महत्वपूर्ण अवसर पर मैं आप सभी के अथक प्रयासों और अटूट समर्पण के लिए आपकी टीम को बधाई देता हूं। पत्रकारिता के इस क्षेत्र में आपके अटूट समर्पण और असाधारण कार्य के लिए जागरूक किया है, बल्कि समाज के मुद्दों को सरकार और प्रशासन के ध्यान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस महान पेशे में आपकी दृढ़ता और ईमानदारी वास्तव में प्रेरणादायक है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर एक बार आपकी पूरी टीम को बधाई। पहली वर्षगांठ की शुभकामनाएं टीम अनंत ज्ञान।

**खेमराज भंडारी**
**सीआईडी**

## बधाई संदेश



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र और टीवी चैनल पहली वर्षगांठ के महत्वपूर्ण अवसर पर मैं आप सभी के अथक प्रयासों और अटूट समर्पण के लिए आपकी टीम को बधाई देता हूं। पत्रकारिता के इस क्षेत्र में आपके अटूट समर्पण और असाधारण कार्य के लिए जागरूक किया है, बल्कि समाज के मुद्दों को सरकार और प्रशासन के ध्यान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस महान पेशे में आपकी दृढ़ता और ईमानदारी वास्तव में प्रेरणादायक है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर एक बार आपकी पूरी टीम को बधाई। पहली वर्षगांठ की शुभकामनाएं टीम अनंत ज्ञान।

**हरी कृष्णन हिमराल**
**कांग्रेस सचिव**
**राज्य सहकारी बैंक के निदेशक**

## बधाई संदेश



हमें यह जानकर हर्ष हुआ है कि अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र और वेब टीवी के प्रकाशन व प्रसारण का एक साल पूर्ण हो रहा है। इस इस अल्पकालीन कार्यकाल के दौरान इस समाचार पत्र में जन समस्याओं व जनभावनाओं को बेहतरी से उजागर किया गया है। इस समाचार पत्र की कामयाबी की सीढ़ियां हमेशा चढ़ती रहे, ऐसी हमारी शुभकामना है। समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हमारी शुभकामनाएं।

**पवन ठाकुर**
**प्रदेश कांग्रेस महासचिव।**

## बधाई संदेश



मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि शिमला में दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान 12 दिंसबर 2024 को पहली वर्षगाठं मनाने जा रहा है। पत्रकारिता में उत्कृष्टता का एक वर्ष पूरा करने पर अनंत ज्ञान की पूरी टीम को हार्दिक बधाई । निष्पक्ष और सूचनात्मक समाचार देने के आपके समर्पण ने आपको सूचना के एक विश्वसनीय स्त्रोत के रूप में प्रतिष्ठा दिलाई है। पत्रकारिता जगत में आपका योगदान अमूल्य है और मैं कामना करता हूं कि आने वाले वर्षों में भी आपको सफलता मिलती रहे। आपका अखबार सच्चाई का प्रतीक और उन आवाजों के लिए एक मंच बना रहे जिन्हें सुनने की जरूरत है। इस शुभ अवसर पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। मैं आशा करता हूं कि अनंत ज्ञान समाचार पत्र ईमानदारी से आगे बढ़ता रहे और पत्रकारिता के क्षेत्र में नए आयाम त्यापित करें।

**(वीरेंद्र कुमार बग्गा)**
**परियोजना निदेशक, आतमा, ऊना, जिला ऊना (हिप्र)**

## बधाई संदेश



अनंत ज्ञान समाचार पत्र एवं वेब टीवी के एक वर्ष पूर्ण होने पर बहुत-बहुत बधाई। अनंत ज्ञान द्वारा हर समस्या को उजागर कर प्रशासन तक पहुंचाने से समस्या का हल होने तक जुटे रहने से आज बहुत से लोगों की पहली पसंद अनंत ज्ञान बन गई है। यह अनंत ज्ञान की टीम द्वारा किए गए परिश्रम और मेहनत का ही परिणाम है, जिसके लिए मेरी ओर से समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

**राजकुमार गुप्ता**
**अधिशाषी अभियंता, विद्युत विभाग सरकाघाट।**

## बधाई संदेश



अनंत ज्ञान के समाचार पत्र व टीवी चैनल के एक वर्ष पूर्ण होने पर मैं अंकुर कटोच अध्यक्ष न्यूगल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भवारना जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश आपको व अनंत ज्ञान परिवार के समस्त सदस्यों को एक सफल वर्ष पूर्ण होने पर अपनी व संस्था की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। अनंत ज्ञान समाचार पत्र के परिवार ने एक वर्ष में अथक मेहनत, निष्ठा, जन जागरण के कार्य बिना किसी डर, दबाव और भेदभाव से समाज तक पहुंच कर एक अच्छी पकड़ व पहचान बनाई है। इसके लिए सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं व विश्वास है भविष्य में भी इसी लगन और ऊर्जा से आगे बढ़ेंगे।

**अंकुर कटोच**
**अध्यक्ष न्यूगल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल**
**भवारना, जिला कांगड़ा**

## बधाई संदेश



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र एवं टीवी चैनल के एक वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर मैं सुशील कुमार, प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ की तरफ से बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। अपनी उत्कृष्ट पत्रकारिता के माध्यम से 'अनंत ज्ञान' ने समाज में परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एक कर्मठ और अनुभवी पत्रकार अपने लेखन से समाज की दशा एवं दिशा परिवर्तन में सहायक होता है। हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशा करते हैं कि 'अनंत ज्ञान' आने वाले समय में समाज निर्माण में अपना योगदान देता रहेगा।

**सुशील कुमार**
**प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ**
**राजकीय उत्कृष्ठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल**
**धीरा, जिला कांगड़ा**

## बधाई संदेश



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र व टीवी समाचार के एक वर्ष पूर्ण होने पर मैं काजल कुमारी कार्यवाहक प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ जमूला, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश आपको व अनंत ज्ञान परिवार के समस्त सदस्यों को एक सफल वर्ष पूर्ण होने पर अपनी व अपनी संस्था की ओर से हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देती हूं। अनंत ज्ञान समाचार पत्र के परिवार ने एक वर्ष में अत्याधिक मेहनत, लगन, जन जागरण के कार्य बिना किसी दबाव और भेदभाव से समाज तक पहुंचा कर एक अच्छी पकड़ व पहचान बनाई है। इसके लिए सभी सदस्य वधाई के पात्र है और विश्वास है कि भविष्य में भी इसी लगन व उर्जा के साथ आगे बढ़ेंगे।

**काजल कुमारी**
**कार्यवाहक प्रधानाचार्य**
**राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला**
**गढ़ जमूला, जिला कांगड़ा**

## बधाई संदेश



अनंत ज्ञान समाचार पत्र व टीवी समाचार चैनल के एक वर्ष पूरा होने पर मैं विजय कुमार प्रधानाचार्य राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरा, जिला कांगड़ा, हिप्र आपको व अनंत ज्ञान परिवार के समस्त सदस्यों को अपनी व समस्त विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देता हूं। आपके समाचार पत्र और टीवी समाचार चैनल ने अल्प अवधि में ही जनता के बीच में लोकप्रियता हासिल कर ली है। यह आपकी व आपके समस्त कर्मचारियों की अथक मेहनत, कठोर परिश्रम, निष्पक्ष व बिना भेदभाव की पत्रकारिता के कारण ही संभव हो सका है, जिस कारण आपने समाज में अपनी एक अलग व अच्छी छबि बनाई है, इसके लिए सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। हम आशा करते हैं कि भविष्य में भी आप इसी लगन के साथ आगे बढ़ेंगे।

**विजय कुमार**
**प्रधानाचार्य, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक**
**विद्यालय खैरा, जिला कांगड़ा, हिप्र**

## बधाई संदेश



मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान 12 दिसंबर 2024 को अपनी पहली वर्षगांठ मनाने जा रहा है। पत्रकारिता में उत्कृष्टता का एक वर्ष पूरा करने पर मैं अनंत ज्ञान की पूरी टीम को हार्दिक बधाई देता हूं। निष्पक्ष और सूचनात्मक देने के आपके सम्पर्ण ने आपको सूचना के एक विश्वसनीय स्त्रोत के रूप में प्रतिष्ठा दिलाई है। मैं आशा करता हूं कि अनंत ज्ञान समाचार पत्र पूरी ईमानदारी व निष्ठा से आगे बढ़ता रहे और पत्रकारिता के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करे।

**-दिनेश सेन, अध्यक्ष**
**सूत्रधार कला सगंम (पंजी.) कुल्लू (हिप्र)।**

## बधाई संदेश



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र और टीवी चैनल पहली वर्षगांठ के महत्वपूर्ण अवसर पर मैं आप सभी के अथक प्रयासों और अटूट समर्पण के लिए आपकी टीम को बधाई देता हूं। पत्रकारिता के इस क्षेत्र में आपके अटूट समर्पण और असाधारण कार्य के लिए जागरूक किया है, बल्कि समाज के मुद्दों को सरकार और प्रशासन के ध्यान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस महान पेशे में आपकी दृढ़ता और ईमानदारी वास्तव में प्रेरणादायक है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर एक बार आपकी पूरी टीम को बधाई। पहली वर्षगांठ की शुभकामनाएं टीम अनंत ज्ञान।

**प्रदीप वर्मा**
**कांग्रेस सचिव**

## बधाई संदेश



हिमाचल प्रदेश में एक नया नाम उभरकर और पत्रकारिता जगत में सराहनीय कार्य करने के साथ अनंत ज्ञान दैनिक समाचार एवं वेब टीवी की समस्त टीम को पहली वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं। हर छोटी-बड़ी समस्या को प्रमुखता से उठाना और सरकार और प्रशासन के समक्ष रखने में अनंत ज्ञान अग्रणी रहा है। एक वर्ष में ही अनंत ज्ञान का नाम प्रदेश भर में उभरता हुआ नजर आ रहा है जिसके लिए अनंत ज्ञान की संपूर्ण टीम बधाई की पात्र है।

**कुमुद सिंह (आईएएस) निदेशक**
**कृषि विभाग हिप्र**

## बधाई संदेश



पहली वर्षगांठ की अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र और वेब टीवी को हार्दिक शुभकामनाएं। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि अनंत ज्ञान अपने एक वर्ष के कार्यकाल में पाठकों की पहली पंसद बन चुका है और पूरे प्रदेश के समाचार जहां एक ही समाचार पत्र में प्राप्त होते हैं, उससे समाचार पत्र में चार चांद और लग जाते हैं। लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना हो या धार्मिक लेख हो, पाठकों का मन लगा रहता है। अनंत ज्ञान परिवार के इस अतुलनीय प्रयास के लिए समस्त टीम बधाई की पात्र है।

**संतोष पाठक**
**एसडीओ, लोक निर्माण विभाग सरकाघाट।**

## बधाई संदेश



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र एवं वैब टीवी की प्रथम वर्षगांठ पर मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं। पत्रकारिता जगत में आपके प्रयास और परिश्रम से आज अनंत ज्ञान हर जुबां पर चढ़ चुका है। आपके एक वर्ष में किए गए कार्य सराहनीय हैं, जिसके के लिए समस्त अनंत ज्ञान परिवार बधाई का पात्र है। एक बार पुन: मेरी ओर से प्रथम वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामानाएं।

**विनय सिंह**
**आईएस, डायरेक्टर हॉर्टिकल्चर।**

## बधाई संदेश



अनंत ज्ञान समाचार पत्र व टीवी समाचार चैनल के एक वर्ष पूर्ण होने पर मैं रमेश चंद 'सचिव' मौल घाटी किसान क्लब की तरफउ से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि आगे भी आप साहस का परिचय देते हुए एवं आम जनता व भ्रष्टाचार के विषयों को निष्पक्ष उठाते रहेंगे और समाज पर अपनी गहरी छाप डालेंगे, ऐसी मेरी मंगलकामना है। मैं अनंत ज्ञान समाचार पत्र को दूसरों की अपेक्षा हटकर मानता हूं। इसमें लिखी हुई भाषा शैली, कार्यवोध, विषय चयन व सरलता पाठकों पर गहरा प्रभाव डालती है। एक बार पुनः अनंत ज्ञान परिवार व समस्त कर्मठ कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। शुभकामनाओं सहित। जय हिंद।

**रमेश चंद**
**सचिव**
**किसान क्लब मौल घाटी**

## बधाई संदेश



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र एवं टीवी चैनल की पूरी टीम को आपकी पहली वर्षगांठ के अवसर पर हार्दिक बधाई। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि पत्रकारिता के क्षेत्र में आपके द्वारा की गई कड़ी मेहनत, समर्पण और जुनून का प्रमाण है। लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका अमूल्य है और आपकी ईमानदारी और सच्चाई के प्रति प्रतिबद्धता आपको इन लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने में एक प्रमुख खिलाड़ी बनाती है। सामाजिक चिंताओं को संबोधित करने और लोगों की आवाज को बुलंद करने के लिए आपका अटूट समर्पण वास्तव में सराहनीय है। मैं आपको और आपकी टीम को भविष्य के सभी प्रयासों में निरंतर सफलता की कामना करता हूं।

**सुमन गर्ग**
**बांमटा ऑयल जिला पंचायत समिति सदस्य**

## बधाई संदेश



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र एवं टीवी चैनल की पूरी टीम को आपकी पहली वर्षगांठ के अवसर पर हार्दिक बधाई। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि पत्रकारिता के क्षेत्र में आपके द्वारा की गई कड़ी मेहनत, समर्पण और जुनून का प्रमाण है। जैसा कि अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र और टीवी चैनल इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर का जश्न मना रहा है, मैं आपको और आपकी टीम को भविष्य के सभी प्रयासों में निरंतर सफलता की कामना करता हूं। आपका असाधारण कार्य समुदाय की सेवा करना और सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करना जारी रखता है। एक बार फिर, इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई। हम समाज के लिए आपकी अनुकरणीय सेवा के कई और वर्षों के साक्षी बनने की आशा करते हैं। मैं आपको और आपकी टीम को भविष्य के सभी प्रयासों में निरंतर सफलता की कामना करता हूं।

**प्रधानाचार्य**
**लिटिल फ्लावर पब्लिक हाई स्कूल**
**नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा**

## बधाई संदेश



आपको और अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र एवं टीवी चैनल की पूरी टीम को आपकी पहली वर्षगांठ के अवसर पर हार्दिक बधाई देता हूं। समय पर, सटीक और व्यावहारिक समाचार प्रदान करने के आपके निरंतर प्रयासों ने जन जागरूकता को आकार देने और महत्वपूर्ण मुद्दों को सामने लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका अमूल्य है और आपकी ईमानदारी और सच्चाई के प्रति प्रतिबद्धता आपको इन लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने में एक प्रमुख खिलाड़ी बनाती है। सामाजिक चिंताओं को संबोधित करने और लोगों की आवाज को बुलंद करने के लिए आपका अटूट समर्पण वास्तव में सराहनीय है। मैं आपको और आपकी टीम को भविष्य के सभी प्रयासों में निरंतर सफलता की कामना करता हूं।

**रेशमा**
**महिला मोर्चा जिला सचिव**

## बधाई संदेश



हर्ष का विषय है कि दैनिक समाचार पत्र व टीवी चैनल अनंत ज्ञान अपना पहला वार्षिक समारोह 12 दिसंबर, 2024 को मना रहा है। इस अखबार ने बहुत शीघ्र अपना मुकाम हासिल किया है। अनंत ज्ञान नाम दो आकर्षक है जो पाठकों को लुभाता है और याद अनंत ज्ञान एक निष्पक्ष, निडर और बेबाक समाचार पत्र है। इसकी मुखरता पाठकों को प्रभावित करती है। अनंत ज्ञान की पूरी टीम को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

**गणेश भारद्वाज**
**प्रिंसिपल**
**ग्लोबल विलेज स्कूल हुरेला, कुल्लू**

## बधाई संदेश



हिमाचल प्रदेश के नगरोटा बगवां से प्रकाशित होने वाले दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन की एक वर्ष की अवधि पूर्ण होने पर समाचार पत्र के समूह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। अनंत ज्ञान ने इस अल्प अवधि में ही अपनी सटीक व निष्पक्ष पत्रकारिता और स्तरीय संपादकीय के चलते पाठक वर्ग में विशेष पहचान अर्जित कर ली है। मेरी शुभकामनाएं।

**देवेंद्र सिंह भाटिया, फायर ऑफिसर**
**धर्मशाला, जिला कांगड़ा**

## बधाई संदेश



मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि शिमला में दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान 12 दिसंबर, 2024 को पहली वर्षगांठ मनाने जा रहा है। पत्रकारिता में उल्लेखनीय कार्य करते हुए एक वर्ष पूरा करने पर अनंत ज्ञान समाचार पत्र समूह से जुड़े सभी पत्रकारों व कार्यरत अधिकारियों को इस शुभ अवसर पर मेरी तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं। अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने पत्रकारिता के क्षेत्र में एक अलग ही मुकाम हासिल किया है। सच्चाई और निष्पक्षता में मानदंड स्थापित किया है। विद्यार्थियों के लिए हमेशा ज्ञानवर्धक सामग्री, सूचनात्मक समाचारों को तेजी से संकलित कर प्रकाशित करने में समाचार पत्र की अहम भूमिका है। पत्रकारिता जगत में अनंत ज्ञान के अमूल्य योगदान के लिए शुभकामनाएं देते हुए कामना करता हूं कि आने वाले वर्षों में आपको सफलता मिलती रहे और निष्पक्ष खबरों का यह प्रयास लगातार जारी रहे। अनंत ज्ञान समाचार पत्र निष्पक्षता व ईमानदारी से आगे बढ़ता रहे और पत्रकारिता के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करे। समाचार पत्र अपनी निष्पक्ष खबरों के माध्यम से समाज में व्याप्त बुराइयों को उजागर करने में सहभागी बन अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता रहे।

**प्रशांत सिंह ठाकुर**
**एसएचओ थाना भोरंज।**

## बधाई संदेश



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र एवं टीवी चैनल की पूरी टीम को आपकी पहली वर्षगांठ के अवसर पर हार्दिक बधाई। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि पत्रकारिता के क्षेत्र में आपके द्वारा की गई कड़ी मेहनत, समर्पण और जुनून का प्रमाण है। लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका अमूल्य है और आपकी ईमानदारी और सच्चाई के प्रति प्रतिबद्धता आपको इन लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने में एक प्रमुख खिलाड़ी बनाती है। सामाजिक चिंताओं को संबोधित करने और लोगों की आवाज को बुलंद करने के लिए आपका अटूट समर्पण वास्तव में सराहनीय है। आपका असाधारण कार्य समुदाय की सेवा करना और सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करना जारी रखता है। एक बार फिर, इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई। हम समाज के लिए आपकी अनुकरणीय सेवा के कई और वर्षों के साक्षी बनने की आशा करते हैं।

**रघुबीर सिंह चौधरी**
**अंबिका इलेक्ट्रानिक्स, योल कैंट**

## बधाई संदेश



प्रदेश में नए समाचार पत्र अनंत ज्ञान का आगमन हुआ है और एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हुआ। इस शुभ अवसर पर मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं। उम्मीद करते हैं कि समाचार पत्र निष्पक्षता से काम करता हुआ नए आयाम स्थापित करेगा। इसके साथ ही जन समस्याओं को जोर-शोर से उठाएगा। एक बार पुन: समस्त टीम को हार्दिक शुभकामनाएं।

**राजेश वर्मा**
**लेखक साहित्यकार और शिक्षक, सरकाघाट।**

## बधाई संदेश



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र और वेब टीवी की पहली वर्षगांठ के महत्वपूर्ण अवसर पर हम समस्त टीम को बधाई देते हैं। इसके साथ ही हम आशा करते हैं कि भविष्य में भी अनंत ज्ञान सामाजिक समस्याओं को उजागर करता रहेगा और बेहतरीन पत्रकारिता करके नए आयाम स्थापित करेगा। एक बार फिर एक वर्ष की उपलब्धियों पर हार्दिक शुभकामनाएं तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

**विवेक हाजरी**
**अधिशाषी अभियंता**
**जल शक्ति विभाग सरकाघाट।**

## बधाई संदेश



हमारे लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र और वेब टीवी को प्रकाशित व प्रसारित होते हुए एक साल पूर्ण हो रहा है। अपने इस छोटे से कार्यकाल के दौरान यह समाचार पत्र जन समस्याओं व जनभावनाओं को उजागर करने में कामयाब रहा है। यह समाचार पत्र कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ता रहे ऐसी हमारी कामना है। समस्त अनंत ज्ञान परिवार को शुभकामनाएं।

**नरेंद्र राणा**
**अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग मंडल धर्मपुर।**

## बधाई संदेश



I have been a reader of Anant Gyaan Newspaper for the last one year. I have been reading and watching news from all over the state through your newspaper and TV channel. All the information provided by you proves to be very useful for me. Anant Gyaan Newspaper and TV Channel have completed one year. On behalf of me and my family, heartiest wishes for the first anniversary of Anant Gyaan Newspaper. I hope that you will continue to work with the same dedication and truthfulness in future as well.

**Dr. Vipan Kumar Bhulal**
**Assistant Professor Himachal Pradesh University Department of Evening Studies, Shimla**

## बधाई संदेश



मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान अपनी पहली वर्षगांठ मनाने जा रहा है। इस उपलब्धि पर मैं समस्त अनंत ज्ञान समाचार पत्र को बधाई व शुभकामनाएं देता हूं। समाचार पत्र ने कुछ ही समय में पत्रकारिता के क्षेत्र में अलग पहचान बनाई है। निष्पक्ष और सूचनात्मक समाचार देने के आपके समर्पण ने आपको सूचना के एक विश्वसनीय स्त्रोत के रूप में प्रतिष्ठा दिलाई है। मैं कामना करता हूं कि आने वाले वर्षों में भी आपको सफलता मिलती रहे। इस शुभ अवसर पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

**-राजीव सहजल।**

## बधाई संदेश



हर्ष का विषय है कि अनंत ज्ञान समाचार पत्र व टीवी चैनल ने सफलता पूर्वक एक वर्ष पूरा कर लिया है। इस अल्प अवधि में समाचार पत्र ने देश-विदेश और प्रदेश सहित गांव-गांव तक पत्रकारिता की छाप छोड़ी है। पत्रकारिता में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए अनंत ज्ञान की पूरी टीम को हार्दिक बधाई। उम्मीद है कि भविष्य में आप समाज को अपना अमूल्य योगदान देंगे।

**केवल राज शर्मा**
**पूर्व बीडी सदस्य।**

## बधाई संदेश



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र और टीवी चैनल की पहली वर्षगांठ के महत्वपूर्ण अवसर पर, मैं आप सभी के अथक प्रयासों अटूट समर्पण और अथक जूनून के लिए आप सभी को बधाई देता हूं। पत्रकारिता के क्षेत्र मैं आपके अटूट समर्पण और साधारण कार्य ने न केवल लोगों को जागरूक किया है बल्कि सामाजिक मुद्दों को सरकार और प्रशासन के ध्यान में लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस महान पेशे में आपकी दृढ़ता और ईमानदारी वास्तव में प्रेरणादायक है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर एक बार फिर बधाई । एन समाज के लिए आपकी अनुकरणीय सेवा को भविष्य में देखने के लिए उत्सुक हैं।

**-प्रधानाचार्य**
**लॉरेट इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, हमीरपुर।**

## बधाई संदेश



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र और टीवी चैनल की पहली वर्षगांठ पर आप सभी के अथक प्रयासों तथा अटूट समर्पण के लिए सभी को बधाई देता हूं मेरी ओर से आपको इस उल्लेखनीय उपलब्धि तथा उज्ज्वल भविष्य की पर हार्दिक शुभकामनाएं कामना करता हूं। अनंत ज्ञान की पहली वर्षगांठ पर आप सबको शुभकामनाएं।

**सादर**
**अशोक राणा**

# गाबा में 2021 में जो हुआ, उसके बारे में सोचने का समय नहीं : मिशेल

**एजेंसी, ब्रिस्बेन**

ऑस्ट्रेलिया को 2021 में गाबा में भारत के हाथों हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन उसके ऑलराउंडर मिशेल मार्श ने गुरुवार को कहा कि यह उस पराजय के बारे में सोने का समय नहीं है तथा इसके बजाय टीम को एडिलेड की तरह वापसी करने की अपनी क्षमता पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के अपने पिछले दौरे में गाबा में खेले गए टेस्ट मैच में ऋषभ पंत और शुभमन गिल की शानदार पारियों के दम पर जीत दर्ज की थी। यह ऑस्ट्रेलिया की इस मैदान पर 1988 के बाद पहली हार थी। मार्श ने भारत के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया के अभ्यास सत्र के दौरान कहा, ''अतीत में क्या हुआ अभी हमारे पास उसके बारे में सोचने का समय नहीं है। अभी हम केवल उन चीजों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो वर्तमान में महत्वपूर्ण हैं। पर्थ में पहले टेस्ट मैच में हार के बाद हमने जिस तरह से वापसी की यह उसका एक उदाहरण है। इसलिए हम निश्चित तौर पर इस सप्ताह अपनी शैली की क्रिकेट खेलने पर ध्यान दे रहे हैं।''


अभ्यास सत्र के दौरान ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी।

उन्होंने अपनी फिटनेस के बारे में कहा,''मेरी पीठ में दर्द था लेकिन अभी मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं।''

मार्श ने पहले दो टेस्ट मैच में बहुत अधिक गेंदबाजी नहीं की लेकिन उन्होंने कहा कि यह टीम की रणनीति का हिस्सा है। इस ऑलराउंडर ने कहा,''श्रृंखला शुरू होने से पहले हमारी रणनीति स्पष्ट थी। मैंने अभी तक उतनी गेंदबाजी नहीं की जितना मैं चाहता था लेकिन हमारा मेडिकल स्टाफ तथा रोनी (कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड) और पैटी (कप्तान पैट कमिंस) मेरी भूमिका को लेकर स्पष्ट हैं।'' मार्श ने कहा,'' मुझे उन पर भरोसा है। अभी तक मैंने बहुत अधिक गेंदबाजी नहीं की है लेकिन मैं इस समय वास्तव में अच्छा महसूस कर रहा हूं। पैटी को जब भी मेरी जरूरत होगी मैं गेंदबाजी करने के लिए तैयार हूं। हमारे ऑलराउंडरों को पिछले कुछ वर्षों में ऑस्ट्रेलिया में बहुत अधिक गेंदबाजी करने का मौका नहीं मिला है।''

मार्श ने तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की फिटनेस की स्थिति का स्पष्ट ब्यौरा नहीं दिया जो मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दूसरे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने गुरुवार को अभ्यास सत्र के दौरान गेंदबाजी भी नहीं की। उन्होंने कहा,''अब तक जोश का सवाल है तो वह ऐसा खिलाड़ी है जो परेशान नहीं होता तथा मैच में खेलने के लिए जो कुछ संभव है वह करेगा।''

## मैकस्वीनी को उम्मीद, गाबा में बुमराह को अच्छी तरह से खेलने में सफल रहेंगे

**ऑस्ट्रेलिया** के युवा सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी को उम्मीद है कि गाबा में शनिवार से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में वह भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को अच्छी तरह से खेलने में सफल रहेंगे। मैकस्वीनी को अपनी पहली टेस्ट सीरीज में ही बुमराह जैसे धाकड़ गेंदबाज का सामना करना पड़ रहा है जिन्होंने अभी तक ऑस्ट्रेलिया के इस बल्लेबाज को तीन बार आउट किया है। मैकस्वीनी ने हालांकि एडिलेड में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में 39 रन बनाकर अपना आत्मविश्वास जगाया है। इस युवा सलामी बल्लेबाज को लगता है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बुमराह जैसे शीर्ष गेंदबाज का सामना करने से बेहतर शुरुआत नहीं हो सकती। उन्होंने कहा,''अपने करियर की शुरुआत में ही जसप्रीत जैसे गेंदबाज का सामना करने से मुश्किल कुछ नहीं होगा। मैंने एडिलेड में उनकी गेंदों का डटकर सामना किया, जससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है। मैं जितना अधिक उनका सामना करूंगा उतना ही सहज होता जाऊंगा।'' मैकस्वीनी ने कहा,''इसमें कोई संदेह नहीं कि उनका सामना करना चुनौती पूर्ण है, लेकिन एडिलेड में आत्मविश्वास हासिल करना अच्छा रहा और उम्मीद है की पूरी सीरीज के दौरान मेरा यह आत्मविश्वास बना रहेगा।''



## जय शाह ने ब्रिसबेन ओलंपिक के शीर्ष अधिकारियों से की मुलाकात

**एजेंसी, ब्रिसबेन**

इस महीने की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन का पदभार संभालने वाले जय शाह ने गुरुवार को 2032 ब्रिसबेन ओलंपिक आयोजन समिति के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की और ग्रीष्मकालीन खेलों में क्रिकेट को शामिल करने की संभावना पर चर्चा की।



क्रिकेट 128 साल बाद ओलंपिक में वापसी करेगा जब यह 2028 लॉस एंजिलिस खेलों का हिस्सा होगा। ब्रिसबेन में 2032 में क्रिकेट को शामिल करने की अभी पुष्टि नहीं हुई है।

शाह ने बैठक की तस्वीरों के साथ एक्स पर पोस्ट किया, ''ओलंपिक आंदोलन में क्रिकेट की भागीदारी के लिए बहुत ही रोमांचक समय है। आज ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसबेन में ब्रिसबेन 2032 आयोजन समिति के साथ बैठक। हुई।'' बैठक में ब्रिसबेन 2032 आयोजन समिति की प्रमुख सिंडी हुक और ि, केट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले ने भाग लिया।

बीसीसीआई के पूर्व सचिव के भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले तीसरे क्रिकेट टेस्ट को देखने की उम्मीद है जो शनिवार से गाबा में शुरू होगा।

शाह की तत्काल प्राथमिकताओं में फरवरी-मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी का समाधान खोजना है। सभी हितधारकों ने हाइब्रिड मॉडल पर सहमति व्यक्त की है लेकिन अभी तक कोई घोषणा नहीं की गई है जिससे टूर्नामेंट के भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### राष्ट्रीय दृष्टिबाधित एथलेटिक्स चैंपियनशिप नाडियाड में कल से

**अहमदाबाद।** राष्ट्रीय दृष्टिबाधित एथलेटिक्स चैंपियनशिप 14 दिसंबर से 16 दिसंबर के बीच गुजरात के खेड़ा जिले के नाडियाड में आयोजित की जाएगी। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह पहला अवसर होगा जबकि इस प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली से बाहर किया जाएगा। भारतीय दृष्टिबाधित खेल संघ (आईबीएसए) के मानद महासचिव डेविड अबशालोम ने कहा, ''भारतीय दृष्टिबाधित खेल संघ इस बार इस चैंपियनशिप का आयोजन गुजरात पैरा खेल संघ के सहयोग से कर रहा है। यह चैंपियनशिप 14 से 16 दिसंबर के बीच नाडियाड में आयोजित की जाएगी।'' चैंपियनशिप में 19 राज्यों के 175 खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, रिले दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक, भाला फेंक, फुटबॉल, जूडो, कबड्डी आदि खेलों का आयोजन किया जाएगा।

### हॉकी इंडिया लीग का प्रसारण करेगा प्रसार भारती

**नई दिल्ली।** सात साल बाद आयोजित हो रही आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) का देश का राष्ट्रीय प्रसारक प्रसार भारती सीधा प्रसारण करेगा। इस संबंध में प्रसार भारती के उप महानिदेशक खेल अभिषेक अग्रवाल और हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह के बीच एक समारोह में समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। राउरकेला में 28 दिसंबर को शुरू होने वाली एचआईएल का दूरदर्शन और प्रसार भारती के नए ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स के जरिए पूरे देश में सीधा प्रसारण किया जाएगा। हॉकी इंडिया लीग का यह टूर्नामेंट इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ-साथ पहली बार महिला लीग का भी आयोजन होगा।

### हरलीन का ड्रेसिंग सेंस कमाल का

**नई दिल्ली।** हरलीन देओल की गिनती भारत की स्टार महिला खिलाड़ियों में होती है। उनकी बल्लेबाजी के सभी दीवाने हैं। उनका ड्रेसिंग सेंस बहुत ही कमाल का है।



### लुधियाना के अभिषेक डलहोर बने आईएसपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी

**मुंबई।** लुधियाना के अभिषेक कुमार डलहोर इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) की दूसरे सत्र की नीलामी 20.50 लाख रुपए में बिके, जिससे वह इस लीग के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए। श्रीनगर के 15 वर्षीय शारिक यासिर नीलामी में बिकने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। डलहोर को पिछले साल के फाइनलिस्ट माझी मुंबई ने जबकि यासिर को श्रीनगर के वीर ने तीन लाख रुपए में खरीदा। नीलामी में 55 शहरों से कुल 350 खिलाड़ी शामिल थे, जिनमें से 96 खिलाड़ियों को लीग की छह टीमों ने खरीदा। टेनिस बॉल से खेला जाने वाला यह क्रिकेट टूर्नामेंट अगले साल 26 जनवरी से 15 फरवरी तक यहां ठाणे के दादोजी कोंडादेव स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। छह टीमों ने अपनी 16 सदस्यीय टीम बनाने में कुल 5.54 करोड़ रुपए खर्च किए। जिन अन्य खिलाड़ियों पर मोटी बोली लगी उनमें पुणे के विजय जयसिंग 13.75 लाख रुपए (माझी मुंबई), मुंबई के कृष्णा सातपुते 8.50 लाख रुपए (फाल्कन राइजर्स हैदराबाद), श्रीनगर के दीपक डोगरा छह लाख रुपए (चेन्नई सिंगम), कोलकाता के सरोज परमानिक 16.25 लाख रुपए (केवीएन बेंगलुरु स्ट्राइकर्स), इंदौर के दिलीप बिंजवा छह लाख रुपए (श्रीनगर के वीर) और ठाणे के भावेश पवार 8.50 लाख रुपए में (टाइगर्स ऑफ कोलकाता) शामिल हैं।



# विराट कोहली ने टीम को संबोधित किया, रोहित शर्मा ने नई और पुरानी गेंद से किया अभ्यास

**एजेंसी, ब्रिस्बेन**

विराट कोहली जब कप्तान थे तो ट्रेनिंग सत्रों के दौरान वह सभी के आकर्षण का केंद्र हुआ करते थे और गुरुवार को उन्होंने फिर यहां अभ्यास के दौरान अपने साथी खिलाड़ियों को संबोधित किया। एडिलेड में दिन-रात्रि मैच में मिली 10 विकेट की हार के बाद मेहमान टीम को सीरीज के महत्वपूर्ण तीसरे टेस्ट में खेलने से पहले थोड़ी प्रेरणा की जरूरत थी और टीम के युवाओं का मार्गदर्शन करने के लिए 'किंग' कोहली से बेहतर कोई 'मेंटोर' नहीं मिल सकता।

कोहली जब कप्तान थे तो वह ट्रेनिंग सत्र के दौरान खिलाड़ियों से काफी बातें किया करते थे। कप्तानी छोड़ने के बाद उन्होंने यह बंद कर दिया, लेकिन लगातार चार हार के बाद कप्तान रोहित पर भी भारी दबाव है और टीम के सबसे वरिष्ठ खिलाड़ी (टेस्ट पदार्पण के मामले में) ने शनिवार से यहां शुरू होने वाले मैच से पहले पहल की।

उपकप्तान जसप्रीत बुमराह के साथ कोहली खिलाड़ियों से उत्साहपूर्वक बात करते देखे गए और रोहित सहित सभी ने उनकी बात ध्यान से सुनी। रोहित ने नेट्स में नई और पुरानी गेंद दोनों का सामना किया। वह गाबा में अपने नेट सत्र के दौरान काफी बेहतर स्थिति में दिखे, लेकिन इस बात पर सवालिया निशान बने हुए हैं कि क्या वह पारी की शुरुआत करेंगे या छठे नंबर पर ही बने रहेंगे जो उनकी पसंदीदा जगह नहीं है।

लोकेश राहुल और यशस्वी जायसवाल ने फिर नेट्स पर नयी गेंद का सामना किया। रोहित ने शुरुआत में थोड़ी पुरानी कूकाबुरा गेंद से खेले। फिर उन्होंने नयी लाल गेंद भी खेली।


अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय खिलाड़ी।

गाबा की पिच पर काफी घास है जो हमेशा से पारंपरिक ऑस्ट्रेलियाई विकेटों में से एक रहा है जिसमें सीम और उछाल दोनों मिलते हैं।

ट्रेनिंग सत्र के बाद रोहित और मुख्य कोच गौतम गंभीर के बीच लंबी बातचीत हुई और दूर से ऐसा लग रहा था कि वे तकनीक पर चर्चा कर रहे थे। गंभीर को कुछ 'शैडो ड्राइव' (हाथ से इशारा करके शॉट बताना) के लिए तैयार होते देखा गया जबकि रोहित उन्हें ध्यान से देख रहे थे। आकाश दीप को भारतीय नेट सत्र में सबसे निरंतर गेंदबाज माना जाता है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि वह युवा हर्षित राणा की जगह लेंगे जिन्हें एडिलेड में दूसरे टेस्ट के दौरान ट्रेविस हेड ने कड़ी चुनौती दी थी।

पर्थ में टेस्ट पदार्पण में चार विकेट लेने के बाद हर्षित ने 16 ओवर में 86 रन दे दिए लेकिन कप्तान रोहित ने युवा खिलाड़ी का बचाव किया।

आकाश दीप ने दो बार जयसवाल को परेशान किया और कप्तान ने भी उनकी पीठ थपथपाई। शमी शायद अभी टेस्ट खेलने के लिए फिट नहीं हैं। वह शायद भारतीय टीम में शामिल नहीं हों क्योंकि रणजी ट्रॉफी में वापसी के बाद सैयद मुश्ताक अली टी20 के नौ मैच खेलने के बाद उन्हें खुद लगता है कि वह अभी लाल गेंद के क्रिकेट के लिए तैयार नहीं हैं।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, ''सूजन आ जा रही है। वह खुद भी अधिक से अधिक घरेलू क्रिकेट खेलना चाहते हैं और इसलिए इस समय उनके बंगाल के लिए विजय हजारे ट्रॉफी (21 दिसंबर से शुरू) में खेलने की संभावना है।''

## बिहार सरकार ने मोइन-उल-हक स्टेडियम को बीसीए को हस्तांतरित किया

**पटना।** बिहार सरकार ने यहां मोइन-उल-हक स्टेडियम को बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) को हस्तांतरित कर दिया है जिससे इसे 400 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से 40,000 सीटों की क्षमता वाला एक बहु खेल परिसर और एक अंतरराष्ट्रीय स्थल बनाने का रास्ता साफ हो गया।

एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि पुनर्निर्मित स्टेडियम में 76 कॉरपोरेट बॉक्स और 250 वीआईपी के लिए आवास होंगे और खेल परिसर में एक बैडमिंटन कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, स्विमिंग पूल, पांच सितारा होटल, पूरी तरह सुसज्जित खिलाड़ियों का छात्रावास, रेस्तरां, एक क्लब हाउस और अन्य आधुनिक सुविधाएं होंगी।

निर्माण कार्य अगले साल की शुरुआत में शुरू होने की उम्मीद है जिसे 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है। मंगलवार को दस्तावेजों पर हस्ताक्षर के बाद एक प्रेस विज्ञप्ति में बीसीए (बिहार क्रिकेट एसोसिएशन) अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी ने कहा, ''बिहार सरकार ने अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी है। अब बीसीए को अपना काम शुरू करना है। बीसीए निर्माण कार्य में तेजी लाएगा और दो-तीन साल के भीतर बिहार के लोगों को एक विश्व स्तरीय स्टेडियम देगा।''

## द्रविड़ सर के मार्गदर्शन में खेलने को लेकर उत्साहित हूं : सूर्यवंशी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने की संभावना से उतने उत्साहित नहीं हैं जितना राजस्थान रॉयल्स में दिग्गज राहुल द्रविड़ से कोचिंग लेने को लेकर हैं।



पिछले महीने 13 वर्षीय सूर्यवंशी आईपीएल नीलामी में खरीदे जाने वाले सबसे कम उम्र के क्रिकेटर बन गए थे जिसमें उन्हें राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा था जिसके कोच द्रविड़ होंगे।

सूर्यवंशी ने कहा, ''मुझे वाकई खुशी है कि मुझे आईपीएल में खेलने का मौका मिल रहा है। मैं आईपीएल में खेलने से ज्यादा राहुल द्रविड़ सर के मार्गदर्शन में खेलने के लिए उत्साहित हूं। मैं उनकी कोचिंग में खेलने के लिए खुश हूं।''

उन्होंने कहा, ''आईपीएल के लिए मेरे पास कोई रणनीति नहीं है। मैं बस वैसे ही खेलूंगा जैसा मैं खेलता हूं।''

सूर्यवंशी का यह भी मानना है कि भारतीय टीम ने हाल में आयोजित अंडर-19 एशिया कप में खराब प्रदर्शन नहीं किया। पर टीम फाइनल में बांग्लादेश से हारकर खिताब जीतने में विफल रही।

उन्होंने कहा कि आठ दिसंबर को फाइनल मुकाबले में भारत का बल्लेबाजी , म चरमरा गया और ऐसा किसी भी टीम के साथ हो सकता है। दुबई में हुए फाइनल में 199 रन का पीछा करते हुए भारतीय टीम 35.2 ओवर में 139 रन पर ढेर हो गई और उसे 59 रन से हार का सामना करना पड़ा।

## ब्रिस्बेन में भी आरसीबी के प्रशंसकों ने लगाए 'ए साला कप नामदे' के नारे

**ब्रिस्बेन।** आईपीएल की टीमों ने दुनिया भर में प्रवासी भारतीयों के बीच बहुत सारे प्रशंसक बनाए हैं, लेकिन कोई भी आरसीबी के प्रशंसकों जितना जुनूनी नहीं हो सकता है जो 17 वर्षों से ट्रॉफी नहीं जीत पाने के बावजूद वफादार रहे हैं। चिन्नास्वामी स्टेडियम में 'ए साला कप नामदे' (इस साल, कप हमारा है) के नारे गूंजते हैं लेकिन सदर्न स्टार्स के खिलाफ भारतीय महिला टीम के मैच के दौरान एलेन बॉर्डर मैदान पर लाल और नीली जर्सी पहने आरसीबी के कुछ प्रशंसकों ने जीवंत माहौल बना दिया।

पिछले 26 साल से ब्रिसबेन में रह रहे रामप्रसाद ने कहा, ''हम हमेशा से आरसीबी के प्रशंसक रहे हैं। महिला और पुरुष दोनों टीमों के। मुझे बहुत खुशी और गर्व है कि हमारी महिला टीम ने पिछले साल डब्ल्यूपीएल जीता है और हम चाहते हैं कि पुरुष टीम 2025 में भी ऐसा ही करे।''

## प्रथम राष्ट्रीय पायथन प्रतियोगिता के लिए हिमाचल की टीम रवाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बगटूर मार्शल आर्ट एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष मृदुल शर्मा ने बताया कि हरियाणा के पंचकूला में ताऊ देवी लाल इंडोर स्टेडियम में प्रथम राष्ट्रीय पायथन प्रतियोगिता के लिए हिमाचल की टीम रवाना हो गई है।

हिमाचल प्रदेश बगटूर मार्शल आर्ट एसोसिएशन कि टीम संघ के महासचिव सराज अख्तर एएसोसिएशन के अध्यक्ष मृदुल शर्मा, एसोसिएशन के टैक्निकल डॉयरेक्टर व टीम कोच बृज लाल चैहान के नेतृत्व में 5 खिलाड़ियों सहित 12 दिसंबर को रवाना हो गई है। इस टीम में 3 पुरुष एवं 2 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। पुरुष खिलाड़ियों में आदित्य, अब्बास व शिवा परमार तथा महिला वर्ग में साक्षी ठाकुर व समीक्षा हिमाचल प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि ये सभी खिलाड़ी बिलासपुर की बृज मार्शल आर्ट अकादमी में अभ्यास कर रहे हैं तथा प्रदेश और देश के अन्य राज्यों में होने वाली मार्शल आर्ट प्रतियोगिताओं में इनका प्रदर्शन अति सराहनीय रहा है। हिमाचल प्रदेश बगतूर मार्शल आर्ट एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करके पदक प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी।



**फुटबॉल** बोरुसिया डॉर्टमुंड को हराकर बार्सिलोना अंक तालिका में दूसरे स्थान पर

# युवेंटस ने मैनचेस्टर सिटी को 2-0 से हराया

**एजेंसी, पेरिस**

मैनचेस्टर सिटी को युवेंटस के हाथों 2-0 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे उसकी चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में आगे बढ़ने की राह कठिन हो गई है। मैनचेस्टर सिटी 36 टीमों के बीच खेली जा रही इस प्रतियोगिता में अब 22वें स्थान पर फिसल गया है।

केवल 24 टीम ही प्रतियोगिता के अगले दौर में जगह बनाएंगी। मैनचेस्टर सिटी ने सभी प्रतियोगिताओं में पिछले 10 मैच में केवल एक जीत दर्ज की है। युवेंटस ने भी उसके खराब प्रदर्शन का पूरा फायदा उठाया। उसकी तरफ से दुसान व्लाहोविच और वेस्टन मैककेनी ने गोल किए।



बार्सिलोना ने बोरुसिया डॉर्टमुंड को 3-2 से पराजित किया जिससे वह चैंपियंस लीग की अंक तालिका में लिवरपूल के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। बार्सिलोना की तरफ से रफिन्हा ने एक और फेरान टोरेस ने दो गोल किए।

आर्सेनल ने बुकायो साका के दो गोल की मदद से मोनाको को 3-0 से हराया। इस जीत से वह तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

## विशेष होगा-2030 का फीफा विश्व कप : रोनाल्डो

**एजेंसी, मैड्रिड**

पुर्तगाल सहित पांच अन्य देशों को 2030 में होने वाले फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी मिलने के बाद स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने कहा कि छह साल बाद होने वाला यह टूर्नामेंट बेहद खास होगा।



विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने बुधवार को 2030 और 2034 में होने वाले विश्व कप के मेजबानों की औपचारिक घोषणा की। विश्व कप 2030 के मैच तीन महाद्वीपों के छह देशों में खेले जाएंगे। यह पहला अवसर होगा जबकि विश्व कप छह देशों में आयोजित किया जाएगा। स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को को इसकी संयुक्त मेजबानी सौंपी गई है, लेकिन दक्षिण अमेरिकी देशों अर्जेंटीना, पैराग्वे और उरुग्वे में भी इसके एक-एक मैच आयोजित किए जाएंगे।

पहला विश्व कप 1930 में उरुग्वे में आयोजित किया गया था और फीफा ने उसके 100 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए दक्षिण अमेरिका के इन देशों को एक-एक मैच की मेजबानी सौंपी है।

# 1 वर्ष सफलता भरा



## हमीरपुर

होटल प्रबंधन संस्थान हमीरपुर के छात्र रक्तदान करने के बाद अनंत ज्ञान की टीम के साथ।




## मंडी

मंडी में आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान एक रक्तदाता का स्वास्थ्य जांचते डॉक्टर



## जोगिंद्रनगर

जोगिंद्रनगर में आयोजित रक्तदान शिविर में थाना प्रभारी सकीनी कपूर 7वीं बार रक्तदान करने से पहले अपने स्वास्थ्य की जांच करवाते हुए।



## सोलन

अनंत ज्ञान की प्रथम वर्षगांठ पर सोलन में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करता युवक।




## बिलासपुर

अनंत ज्ञान की प्रथम सालगिरह पर आयोजित शिविर में रक्तदान करते बिलासपुर जिला के उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक



## कुल्लू


रक्तदान शिविर में रक्तदान करते हुए एसएसबी के जवान।



## बिलासपुर

### 156वीं बार रक्तदान

बिलासपुर शहर के रौड़ा सेक्टर के रहने वाले शिक्षा विभाग से सेवानिवृत संयुक्त निदेशक सुशील पुंडीर ने वीरवार को 156वीं बार रक्तदान किया।



## शिमला

शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करते रक्तदानी




## कांगड़ा

रक्तदान शिविर में 100वीं बार रक्तदान करने वाले राजकुमार के साथ समाजसेविका नवेदिका परमार व पूजन भंडारी



## जोगिंद्रनगर

कार्यकारी एसडीएम डॉ. मुकुल 5वीं बार रक्तदान करते हुए।